



रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, गुरुवार 10 अक्टूबर 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-51 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज

### सीएम विष्णुदेव की पहल से कर्नाटक से पहुंचा मृतक संजय का शव

**रायपुर।** कर्नाटक के मंगलुरु में बोट से गिरने के कारण से हुई दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना में तपकरा के ग्राम सूंडरु निवासी संजय की मृत्यु हो गई। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने त्वरित पहल करते हुए जिला प्रशासन को निर्देशित किया। मृतक संजय के परिजनों ने दुर्घटना के बाद मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय बगिया से मदद मांगी थी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर जिला प्रशासन ने तत्परता दिखाई और शव को उनके गृह स्थान सूंडरु पहुंचाया गया।

श्री रावतपुरा सरकार
ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स
फार्मेसी
बी.फार्मा, डी.फार्मा, एम.फार्मा
नर्सिंग
बी.एस.सी, पोस्ट बेसिक
बी.एस.सी, एम.एस.सी
7222910415/30

### ब्याज दर में कटौती की उम्मीद लगाए निवेशक निराश, गिरा बाजार

**मुंबई।** आरबीआई से ब्याज दर में कटौती किये जाने की उम्मीद लगाए निवेशकों को लगातार दसवीं बार निराशा हाथ लगने का असर शेयर बाजार में बिकवाली के रूप में दिखा। आरबीआई ने मौद्रिक नीति समिति की तीन दिवसीय बैठक के बाद चालू वित्त वर्ष की चौथी द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा में महंगाई पर कड़ी नजर रखते हुये लगातार 10वीं बार नीतिगत दरों को यथावत रखने का फैसला किया है।

## राजस्थान, पंजाब के सीमावर्ती गांवों में सड़क नेटवर्क मजबूती योजना को सरकार ने दी मंजूरी

पायनियर संवाददाता ✓ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

केन्द्र सरकार ने सीमावर्ती गांवों की जीवंतता बढाने के लिए ब्राइबेंट विलेज योजना के तहत राजस्थान तथा पंजाब के सीमावर्ती इलाकों में 2280 किलो मीटर सड़कों का नेटवर्क विकसित करने का निर्णय लिया है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक के बाद यह जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना पर 4406 करोड रुपए खर्च होने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने सीमावर्ती क्षेत्रों के गांव के प्रति नयी सोच दी है- 'जिन गांव को पहले आखिरी गांव कहा जाता



रहा है उन्हें अब उन्होंने प्रथम गांव मानकर वहां विकास की गतिविधियों को बढाने और संपर्क सुविधाओं को विकसित करने का महत्वपूर्ण कार्यक्रम शुरु किया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि राजस्थान तथा पंजाब के सीमावर्ती क्षेत्रों में सड़कों का जाल विकसित करने से उन इलाकों में लोगों की आजीविका के अवसर बढ़ेंगे, आवाजाही आसान होगी और बड़े राजमार्गों एवं सड़कों से इन इलाकों का संपर्क इससे सुनिश्चित हो सकेगा। उन्होंने कहा कि दोनों राज्यों के सीमावर्ती क्षेत्रों में 2280 किलोमीटर सड़को के निर्माण को मंजूरी दी गई है और इस योजना पर 4400 करोड़ रुपए से ज्यादा की लागत आने की संभावना है। इस योजना के तहत सरकार का मकसद पंजाब और राजस्थान के सीमावर्ती इलाकों में बुनियादी ढांचे का विकास करना है। सरकार ने 2022 के बजट में बाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम की घोषणा की थी।

### शिखर सम्मेलनों में हिस्सा लेने मोदी होंगे लाओस रवाना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 21वें आसियान-भारत शिखर सम्मेलन और 19वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए दो दिन की यात्रा पर आज लाओस जाएंगे। विदेश मंत्रालय में सचिव (पूर्व) जयदीप मजूमदार ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'प्रधानमंत्री पीएम मोदी 21वें आसियान-भारत शिखर सम्मेलन और 19वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन के लिए लाओ पीडीआर के प्रधानमंत्री, सोनेक्से सिफांडोन के निमंत्रण पर लाओ पीडीआर में वियनतियाने की यात्रा करेंगे। यह यात्रा 10 और 11 अक्टूबर को होगी।' पीएम मोदी सुबह 7.30 बजे रवाना होकर दोपहर में वियनतियाने पहुंचेंगे जहां उनका पारंपरिक रूप से स्वागत किया जायगा।

## मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ का हो रहा चंहुमुखी विकास : उप मुख्यमंत्री अरुण साव

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री अरुण साव ने भारत सरकार द्वारा आठ सड़क खंडों के लिए 892 करोड़ 36 लाख रुपए स्वीकृत करने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के प्रति आभार व्यक्त किया है। साव ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ का चहुंमुखी विकास हो रहा है। राज्य में सड़कों के निर्माण में केंद्र सरकार का लगातार सहयोग मिल रहा है। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने विगत 30 सितम्बर को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उप मुख्यमंत्री अरुण साव के साथ नई दिल्ली में हुई बैठक में इस प्रस्ताव पर सैद्धांतिक सहमति दी थी। राज्य शासन के लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रदेश के छह जिलों में कुल 323.9 किलोमीटर सड़क खंडों के विकास के लिए इस साल 9 सितम्बर को केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय को प्रस्ताव भेजा गया था। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को अपने 'एक्स' हैंडल पर भारत सरकार द्वारा इन प्रस्तावों को मंजूर किए जाने की जानकारी साझा की है। उन्होंने लिखा है कि छत्तीसगढ़ के बेमेतरा, मुंगेली, राजनांदगांव, जशपुर, बिलासपुर और खैरागढ़ जिलों में आठ राज्य सड़क खंडों के विकास के लिए सीआरआईएफ से वित्तीय वर्ष 2024-25 में 892 करोड़ 36 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई है। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने बताया कि भारत सरकार द्वारा सीआरआईएफ से मंजूर की गई इस राशि से बेमेतरा और मुंगेली जिले में नांदघाट-मुंगेली सड़क खंड और बेमेतरा-नवागढ़-मुंगेली सड़क खंड का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण किया जाएगा। राजनांदगांव जिले के डोंगरगांव-चौकी-मोहला मानपुर सड़क खंड, जशपुर जिले के बागबहार-कोतबा सड़क खंड, लुड़ेंग-तपकरा-लावाकेरा सड़क खंड और जशपुर-आस्टा-कुसमी सड़क खंड के मजबूतीकरण का कार्य भी इनमें शामिल हैं।

## नीतिगत दरें 10वीं बार यथावत, महंगाई पर नजर

एजेंसी ✓ मुंबई
www.dailypioneer.com



भारतीय रिजर्व बैंक ने आर्थिक गतिविधियों में तेजी रहने एवं आगे महंगाई बढ़ने के जोखिम का हवाला देते हुये गुरूवार को लगातार 10वीं बार नीतिगत दरों को यथावत रखने का फैसला किया जिससे ब्याज दरों में कमी की उम्मीद लगाये आम लोगों को निराशा हाथ लगी है। मई 2022 से 250 आधार अंकों तक लगातार छह बार की वृद्धि के बाद पिछले वर्ष अप्रैल में दर वृद्धि चक्र को रोक दिया गया और यह अभी भी इसी स्तर पर है। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने नवगठित मौद्रिक नीति समिति की तीन दिवसीय बैठक के बाद चालू वित्त वर्ष की चौथी द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा करते हुए कहा कि मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने मौद्रिक नीति को यथावत बनाए रखने का फैसला किया है। समिति के छह में से पांच सदस्यों ने इस निर्णय का समर्थन किया है। इसके मद्देनजर रेपो दर के साथ ही सभी प्रमुख नीतिगत दरें यथावत हैं और मौद्रिक नीति के रूख को न्यूट्रल रखने का निर्णय लिया गया है। समिति के इस निर्णय के बाद फिलहाल नीतिगत दरों में बढोतरी नहीं होगी। रेपो दर 6.5 प्रतिशत, स्टैंडर्ड जमा सुविधा दर (एसडीएफआर) 6.25 प्रतिशत, मार्जिनल स्टैंडिंग सुविधा दर (एमएसएफआर) 6.75 प्रतिशत, बैंक दर 6.75 प्रतिशत, फिक्स्ड रिजर्व रेपो दर 3.35 प्रतिशत, नकद आरक्षित अनुपात 4.50 प्रतिशत, वैधानिक तरलता अनुपात 18 प्रतिशत पर यथावत है।

## सहकारिता मंत्री 'सहकार से समृद्धि' एक दिवसीय कार्यशाला में हुए शामिल

**रायपुर।** वन एवं जलवायु परिवर्तन, जलसंसाधन, कौशल विकास और सहकारिता मंत्री केदार कश्यप सिविल लाईन रायपुर स्थित न्यू-सर्किट हाउस, मिनी कॉन्फ्रेंस हॉल में 'सहकार से समृद्धि' विषय पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में शामिल हुए। कार्यशाला में केंद्र सरकार, सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 'सहकार से समृद्धि' विषय पर की गई पहल के अंतर्गत राज्य में किए जा रहे विभिन्न कार्यों के विषयों पर आयोजित की गई। गौरतलब है कि सहकारी बैंक द्वारा 8 लाख 36 हजार 597 किसानों को रूपे किसान क्रेडिट कार्ड जारी किए गए। इस अवसर पर सहकारिता मंत्री कश्यप ने 5 किसानों को प्रतिकात्मक रूप से रूपे किसान क्रेडिट कार्ड और नीलम चौहान को अनुकम्पा नियुक्ति पत्र प्रदान किया। विभागीय समीक्षा बैठक में सहकारिता मंत्री कश्यप ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आगामी 6 माह में 2000 पैक्स, मछुआ समिति, लघुवनोपज समिति तथा दुग्ध समितियों का गठन किया जाना है।



## चुनाव परिणाम के एक दिन बाद राहुल ने मतदाताओं का जताया आभार

वार्ता ✓ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव परिणाम आने के एक दिन बाद इंडिया गंठबंधन के पक्ष में मतदान करने के लिए मतदाताओं का आभार जताया है। गांधी ने जम्मू कश्मीर के मतदाताओं का आभार जताया कि उन्होंने गठबंधन को बहुमत के साथ सरकार बनाने का मौका दिया है लेकिन हरियाणा के चुनाव परिणामों को अप्रत्याशित करार देते हुए उन्होने चुनाव नतीजों का विश्लेषण करने और इससे संबंधित शिकायतों से चुनाव आयोग को अवगत कराने की बात कही है। उन्होंने कहा जम्मू-कश्मीर के लोगों का तहे दिल से शुक्रिया - प्रदेश में इंडिया गठबंधन की जीत संविधान की जीत है, लोकतांत्रिक स्वाभिमान की जीत है। हम हरियाणा के अप्रत्याशित नतीजे का विश्लेषण कर रहे हैं। अनेक विधानसभा क्षेत्रों से आ रही शिकायतों से चुनाव आयोग को अवगत कराएंगे। कांग्रेस नेता ने कहा सभी हरियाणा वासियों को उनके समर्थन और हमारे बब्बर शेर कार्यकर्ताओं को उनके अथक परिश्रम के लिए दिल से धन्यवाद। हक़ का, सामाजिक और आर्थिक न्याय का, सच्चाई का यह संघर्ष जारी रखेंगे, आपकी आवाज़ बुलंद करते रहेंगे।




# सफाई को प्राथमिकता दें : आयुक्त अबिनाश मिश्रा

## निजी खाली भूखण्डों में गंदगी फैलाने पर जुर्माना करने, सी एण्ड डी वेस्ट सड़क से जप्त कर सड़क बाधा शुल्क वसूलने के निर्देश

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने नगर निगम मुख्यालय भवन महात्मा गांधी सदन के तृतीय तल स्थित सभाकक्ष में साप्ताहिक समीक्षा बैठक लेकर विभिन्न कार्यो की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। आयुक्त ने अपर आयुक्त राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, यू.एस. अग्रवाल, विनोद पाण्डेय, रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के सीओओ उज्जवल पोरवाल, उपायुक्त कृष्णा खटीक, जोन कमिश्नरों, मुख्य अभियंता यू.के. धलेन्द्र, अधीक्षण अभियंता राजेश राठौर, स्मार्ट सिटी महाप्रबंधक तकनीकी पंकज कुमार पंचायती, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणीग्रही, नगर निवेशक आभास मिश्रा, कार्यपालन अभियंताओं, जोन स्वास्थ्य अधिकारियों की उपस्थिति में टी एल बैठक में राजधानी शहर के अनुरूप सफाई व्यवस्था कायम करने सफाई कार्य को प्राथमिकता देने के निर्देश दिये। आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मुख्य मार्गो के किनारे सफाई व्यवस्था पर विषेष ध्यान दिया जाये। कचरा उठवाकर सफाई करवायी जाये एवं घास उग आने पर घास कटाई करके मुख्य मार्गो के किनारों में स्वच्छता कायम की जाये। आयुक्त ने सभी जोन कमिश्नरों को प्रतिदिन नियमित रूप से सुबह 1-2 घंटे अपने जोन के वार्डो, मार्गो में निरीक्षण कर सुव्यवस्थित गुणवत्ता युक्त सफाई करवाना प्राथमिकता से सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिये है। आयुक्त ने स्वास्थ्य अधिकारी, जोन स्वास्थ्य अधिकारियों को शहर में व्यवसायिक क्षेत्रों में गंदगी व कचरा फैलाने पर अभियान पूर्वक कार्यवाही करके ऐसा करने वालो पर जुर्माना करने के निर्देष दिये है। आयुक्त ने अधिकारियों को नगर निगम क्षेत्र में निजी खाली भूखण्डों में गंदगी व कचरा फैलाने वालो पर जुर्माना करने की कडी कार्यवाही सभी जोन द्वारा किये जाने के निर्देष दिये है। आयुक्त ने नगर निवेष अभियंताओं को सड़क पर पड़े सी एण्ड डी वेस्ट को जप्त करके संबंधित लोगो से सडक बाधा शुल्क वसूलने की कार्यवाही अभियान पूर्वक करने के निर्देश दिये है। आयुक्त ने अधिकारियों को उद्यानों को विकसित और सुव्यवस्थित करने के बाद उनका संचालन जनभागीदारी समितियों के माध्यम से अच्छा रखरखाव सुनिश्चित करवाने किये जाने के निर्देश दिये है। आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने जोन कमिश्नरों एवं कार्यपालन अभियंताओं को जोन क्षेत्र के मार्गो के मार्ग विभाजको के मध्य सुन्दरता निखारने पौधरोपण का कार्य करवाने के तहत एक मार्ग में एक ही प्रजाति का पौधा रोड डिवाईडर के मध्य सुव्यवस्थित तरीके से लगवाने के निदश दिये है ताकि मार्गो की सुन्दरता निखर सके, पौधरोपण सुनिष्चित हो सके एवं मार्ग सुव्यवस्थित किया जा सके। आयुक्त ने नगर निवेशक एवं जोनो के नगर निवेष अभियंताओं को नगर निगम क्षेत्र में की गई रैन वाटर हार्वेस्टिंग की कार्यवाही के संबंध में शीघ्र जियो फोटो टैगिंग का कार्य प्राथमिकता से जियो हाईड्रोलॉजिस्ट के सहयोग से करवाने के निर्देश दिये है। आयुक्त ने नगर निवेष अभियंताओं को आरडी तिवारी स्कूल जीई मार्ग के सामने सडक पर कब्जा कर लगाये जा रहे ठेलो को हटवाने कार्यवाही कर लगातार अभियान चलाने के निर्देश दिये है। साथ ही फाफाडीह, शंकरनगर, आनंद नगर, संतोषी नगर सहित अन्य विभिन्न मुख्य मार्गो में अभियान चलाकर सड़क सीमा में किये गये अवैध कब्जो को हटाने लगातार अभियान पूर्वक कार्यवाही जोन स्तर पर जनहित में जनसुविधा हेतु मार्गो का यातायात सुगम व सुव्यवस्थित बनाने करने के निर्देष दिये है। आयुक्त ने जोन कमिश्नरों को स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत जोन क्षेत्र के वार्डो के सभी शौचालयों में निरंतर स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये है। आयुक्त ने निर्देशित किया है कि यह सुनिश्चित हो कि सभी शौचालयों में पानी सफाई, प्रकाश सहित आवश्यक प्रबंध पूरी तरह उपलब्ध रहे।

# करारोपण अधिकारी सूर्यप्रकाश ने दर्जन भर से अधिक लोगों से की नौकरी लगाने के नाम पर लाखो की ठगी

### पीएम आवास के नाम भी की ग्रामीणों से वसूली

### सरपंच की शिकायत के बाद गुंडरदेही से डौंडीलोहारा जनपद किया गया अटैच

पायनियर संवाददाता ◂ बालोद
www.dailypioneer.com

जनपद पंचायत गुंडरदेही में पदस्थ करारोपण अधिकारी सूर्यप्रकाश द्विवेदी ने क्षेत्र के दर्जन से अधिक लोगों से नौकरी लगाने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी की है। जिसकी शिकायत पीड़ितों ने थाना, उप संचालक सहित एसपी से भी शिकायत की है। लेकिन मामले में आज तलक कोई कार्यवाही नही हुई। जिसके बाद पीड़ितों ने कलेक्टर से न्याय की गुहार लगाई है। जिसके बाद मामले को संज्ञान लेते हुए कलेक्टर के निर्देश पर जिला पंचायत सीईओ डॉ. सजंय कन्नौजे ने पीड़ितों की शिकायत के आधार पर एसपी को पत्र लिखा है, और मामले की जांच करवाकर कानूनी कार्यवाही करने की बात कही है। उन्होंने खेद भी जताया है कि उक्त कर्मचारी के विरुद्ध आज तलक कोई कार्यवाही नही की गई है। गुंडरदेही ब्लॉक के ग्राम जरवाय निवासी जगदीश ढीमर ने कलेक्टर को दिए अपनी शिकायत में बताया है कि जनपद पंचायत गुंडरदेही के करारोपण अधिकारी सूर्यप्रकाश द्विवेदी द्वारा 10 से अधिक ग्रामीणों के बेटे-बेटियों को नौकरी लगाने के नाम पर 14 लाख से अधिक की ठगी की है। पीड़ित जगदीश ढीमर ने बताया कि सूर्यप्रकाश द्विवेदी ने उनके अलावा ग्राम कुथरेल निवासी गणेशराम साहू, भुनेश्वर व तिलक साहू, ग्राम जरवाय निवासी धर्मेंद्र कुमार साहू, गीतेश्वरी, रामकुमार, और ज्ञानेश्वर, ग्राम बोदल निवासी पुरुषोत्तम साहू, ग्राम उतई निवासी प्रह्लाद वर्मा एवं ग्राम अंडा निवासी बहादुर चंद्राकर के बेटे और बेटियों को जनपद कार्यालय में कम्प्यूटर ऑपरेटर, क्लर्क व अन्य पदों में भर्ती करावने का झांसा देकर ठगी की है। 18 जून 2021 से 2023 तक अलग अलग समय मे कुल 14 लाख रुपये नौकरी लगाने के नाम पर लिए है। उन्होंने बताया कि सूर्यकांत द्विवेदी उक्त ग्राम के पंचायतो में ऑडिट के लिए आते जाते थे। जिसकी वजह से उक्त लोगों से जान पहचान हुई।

### आवास के नाम भी की वसूली

बताया जा रहा है कि सूर्यप्रकाश द्विवेदी ने कचांदुर और आसपास क्षेत्र में पीएम आवास के नाम भी ग्रामीणों से पैसे लिए है। जिन्हें भी आज तलक पैसो को लौटाया नही गया है। ग्रामीणों को आवास स्वीकृत कराने के नाम पर सूर्यप्रकाश ने पैसे लिए हैं।

### सरपंच की शिकायत पर किया गया अटैच

वही मिलीजानकारी अनुसार सूर्य प्रकाश द्विवेदी द्वारा गुंडरदेही जनपद क्षेत्र के ग्राम पंचायत परसवाही/टी के सरपंच से जांच के नाम पर पैसे मांगे गए थे, और सरपंच को क्यूआर कोड दिया, फिर सरपंच ने कुछ पैसे क्यूआर कोड में डाले थे, जिसकी शिकायत सरपंच ने जिला पंचायत सीईओ से की थी, मामले को गंभीरता से लेती हुए सीईओ ने सूर्यप्रकाश द्विवेदी को गुंडरदेही से डौंडीलोहारा जनपद में अटैच कर दिया है। वर्तमान में ये डौंडीलोहारा जनपद पंचायत में अटैच है।

# राज्य स्तरीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण भंवरपुर शिविर का भव्य समापन

पायनियर संवाददाता ◂ भंवरपुर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग, खेल एवं युवा कल्याण तथा कूड़ो संघ महासमुंद के तत्वाधान में राज्य स्तरीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर 5 से 9 अक्टूबर 2024 तक आयोजित किया गया था। जिसमें विभिन्न जिलों से प्रशिक्षण शिविर में युवक, युवतियां शामिल हैं। 9अक्टूबर को समापन समारोह में मुख्य अतिथि डिजेन्द्र कुर्रे समन्वयक संकुल केन्द्र जमदरहा, अध्यक्षता कमल स्वर्णकार प्राचार्य सरस्वती शिशु मंदिर भवरपुर, विशिष्ट अतिथि भोज प्रधान पत्रकार, विशु अग्रवाल, कुड़ो एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष उपेन्द्र प्रधान, प्रदेश उपाध्यक्ष मीरा पंडा, जिला सचिव जांजगीर अखिलेश आदित्य, अश्वनी ध्रुव गरियाबंद मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित व पूजा अर्चना कर किया गया।डिजेन्द्र कुर्रे ने उद्बोधन में कहा कि बेटी बचाव बेटी पढ़ाओ थीम को लेकर जिले में विभिन्न कार्यक्रम चलाया जा रहा हैं। सुपोषित छत्तीसगढ़ बनाने के लिए सही पोषण का संदेश देते हुए लोगों को जागरुक करने कहा गया। इस विषय में बताते हुए आत्मरक्षा प्रशिक्षण के साथ नशामुक्ति अभियान, स्वच्छता, खेलकूद व विभिन्न जागरूकता रैली अयोजित कर लोगों को जागरुक करने के उद्देश्य से जिले में कार्य कर रहे हैं। इस प्रशिक्षण में खिलाड़ियों ने अतिथियों के समक्ष काता, कुमिते व नान चाकू का प्रदर्शन किया। सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भंवरपुर के विद्यार्थियों ने समापन समारोह में स्वागत गीत, सरस्वती वंदना, सांस्कृतिक नृत्य की प्रस्तुति दी। विद्यालय प्रांगण में कलेक्टर द्वारा तृतीय दिवस में वृक्षारोपण किया गया। प्रशिक्षण शिविर के माध्यम से प्रतिदिन सुबह व शाम नशामुक्ति अभियान चलाया जा रहा हैं जिसमें स्वच्छता कार्य एवं जागरूकता रैली के साथ युवाओं को नशा से दूर रहने नशा मुक्ति रैली निकाली गई व स्वास्थ्य लाभ के लिए खेलकूद, बीमारियों से दूर रखने के लिए स्वच्छता अभियान एवं जागरूकता रैली का आयोजन कलेक्टर महासमुंद के निर्देशानुसार लगातार किया जा रहा हैं। राज्य स्तरीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर में विभिन्न जिलों के खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र भेंट कर प्रोत्साहित किया।

# शिक्षा निति मे हो धर्म अध्यात्म का समावेश पं.मोहन नारायण शास्त्री

पायनियर संवाददाता ◂ थानखमरिया
www.dailypioneer.com



थानखमहरिया चण्डीधाम करमू मे आयोजित श्रीमद भागवत कथा अमृत स्वर्ण वर्षा महोत्सव मे अनंत विभूषित जगत गूरू शंकराचार्य ज्योतिषपिठाधिश्वर गोपुत्र, गंगापुत्र, राष्ट्र पुत्र, स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज के कृपा पात्र शिष्य पं.मोहननारायण शास्त्री ने कहा देश मे सनातन परपंरा की ओर लोगो का आकर्षण बढ रहा है। मठ मंदिरो मे धर्म शास्त्र वेद पुराण रामायण के प्रति लोगो के मे जागरूकता बढ रही है। आपने सांस्कृति के प्रति अस्था आपना तत्व जागृत हुआ है सनातन धर्म विश्व को मार्गदर्शन मे सामर्थ्य है। भारत सनातन संस्कृति के बल पर विश्व गुरू के रूप प्रतिष्ठित हो राहा है। इसमे महा पुरूषो का योगदान स्मरणीय होगा। उक्त बातें चण्डीधाम करमू मे पहुंचे कथा व्यास पं. मोहन नारायण शास्त्री ने कही, भारत ऋषियो कि तपोस्थली है भगवान राम कृष्ण कि जन्मभूमि है। लीला भूमि होने के कारण यहां आध्यात्मिक वातावरण सदैव रहा है। भारतीय संस्कृति है भारत विश्व का ह्रदय स्थल है ह्रदय मे विकार आने पर शरीर अस्वस्थ हो जाता है, भारत विश्व मार्गदर्शक के रूप मे सदैव स्थापित रहा है प्रमाणित आचार्यो धर्माचार्यो का मार्गदर्शन सदैव मिलता रहा। शिक्षानिति मे परिवर्तन कि बाते कहते हुए कहा शिक्षा पध्दति मे अध्यात्म एवं निति का समावेश होना चाहिए।

धर्म आध्यात्म निति विहिन शिक्षा पध्दति के चलते बच्चो को आपने प्रचीन ऋषि मुनि एवं पूर्वजो के प्रति जो आस्था होना चाहिए, उसका अभाव परिलक्षित होता है। रामायण गीता महाभारत उपनिषद का ज्ञान भारत के पास है। आवश्यक है, शिक्षा पध्दति मे परिवर्तन होना चाहिए, जिसे भारत का लौकिक अध्यात्मिक उत्कर्ष ज्यादा हो।

भारत विश्व पटल पर महान दिव्य भव्य रूप मे परिलक्षित हो जिससे समाज मे नैतिक मुल्यो का स्थापना हो सारगर्भित धर्मोउपदेश पं. मोहन नारायण शास्त्री ने कही कथा मे रहे रामानुजसिंह राजपुत, अशोक विन्दल, नरसिंह चन्द्रकर, संभू लाल पाटिल, अनमोल जैन, विजय शर्मा, महेश सिंघानिया, सोमराज विन्दल, अतूल सिंघानिया, वासु बैस, योगेश चन्द्रकर, लीलाधर चन्द्रकर, विक्रम पटेल, पीताम्बर पटेल, राकेश पटेल, निलेश पटेल, डाकवर पटेल, हेमंत साहू, गैदराम राम साहू, डॉ. अजय निर्मलकर विवेक गौतम, अनिल तिवारी, रामगोपाल द्विवेदी अनूज सिन्हा लेखु रजक, मोहित रजक, वैभव गौतम, यशवंत रजक, सेवा राम निर्मलकर, गोपाल पटेल, भरत पटेल, केदार पटेल, कौशल पटेल, युवराज पटेल, शंकर पटेल, तोरन पटेल, हिमाचल पटेल, राम पटेल, मोती पटेल, दुर दुर से कथा सूने बडी संख्या मे श्रध्दालुओं का जन सैलाब उमड़ा।

# हाईस्कूल बालिकाओं का साइकिल बांटा गया



**थानखमरिया।** शासकीय हाई स्कूल गौरमाटी में 5.10.2024 को 37 छात्राओं को निशुल्क सरस्वती साइकिल योजना के तहत निःशुल्क साइकिल वितरण किया गया। संस्था के प्राचार्य सरोज बाला बनाफर ने सभी छात्राओं गौरमाटी को बधाई देते हुए बताया कि पहले छात्राएं बीच में पढ़ाई छोड़ देती थीं। साइकिल मिलने से आने जाने की सुविधा होने के कारण के उच्च शिक्षा प्राप्त कर गांव की सभी छात्राएं आगे बढ़ रही हैं। इस अवसर पर जनपद सदस्य गीता देवी मारकण्डेय सरपंच रोहिणी देवी नेताम, शाला विकास समिति के अध्यक्ष टहल राम साहू, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष संतोष साहू, बूथ प्रभारी बृजेश्वर साहू पालक गण एवं व्याख्याता कीर्तन प्रसाद शुक्ला जयप्रकाश साहू एस कुमार मिर्चे, दिनेश कुमार सोनी एवं मनीष कुमार उपस्थित थे।

# नवरात्र उत्सव में गरबा की धूम के साथ बच्चो का सांस्कृतिक कार्यक्रम





**रायपुर।** श्री सिद्धिविनायक शिव साईं हनुमान मंदिर समिति गायत्री नगर, रायपुर में 18 वें वर्ष नवरात्र पर्व पूरे हर्षोल्लास के साथ भव्य रूप से समस्त प्रकार के उत्सव, बच्चो के सांस्कृतिक कार्यक्रम और गरबा की धुन में झूमकर सभी पूरे उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। जहां नौ दिनों तक नित्य गरबा के साथ रंगारंग कार्यक्रम डांस, फैंसी ड्रेस कंपीटीशन, ट्रेडिशनल ड्रेस गरबा, प्रतियोगिता, ड्राइंग, पेंटिंग, रंगोली, टेलेंट शो इत्यादि कार्यक्रम की धूम है। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंदिर समिति के सदस्य प्रमोद खरे, एस के शर्मा, एस के श्रीवास्तव, जी पी गुप्ता, कैलाश अग्रवाल, मिथिलेश शर्मा, छाया खरे, सुदेषना मेने और समीपस्थ कॉलोनी स्टील सिटी, पिंक सिटी, महामाया विहार, गणपति इनक्लेव साल्स्टेक्स कॉलोनी के गणमान्य का विशेस योगदान रहा।

# यादव समाज के धरना प्रदर्शन को समर्थन देने पहुंची विधायक चातुरी नंद



पायनियर संवाददाता ◂ सरायपाली
www.dailypioneer.com

सर्व यादव समाज के धरना प्रदर्शन को समर्थन देने विधायक चातुरी नंद कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ पहुंची। धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए विधायक नंद ने कहा कि जब से प्रदेश में भाजपा की सरकार आई है विकास कार्यो में रोड़ा अटकाने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के दौरान सरायपाली में कई समाज के सामाजिक भवनों के लिए राशि स्वीकृत की गई थी परंतु कई जगह निर्माण कार्यों में रोड़ा अटकाया जा रहा है तो कई जगह स्थल परिवर्तन किया जा रहा है जिससे समाज के लोगों में शासन प्रशासन की कार्यशैली से भारी नाराजगी है। उन्होंने स्थानीय प्रशासन और भाजपा नेताओं पर भूमियाफाओं को संरक्षण देकर जमीन का अफरा तफरी का सनसनीखेज आरोप भी लगाया। विदित हो कि सर्व यादव समाज द्वारा सामाजिक भवन निर्माण को पूर्ण नहीं करने का आरोप लगाते हुए कई महीनों से ज्ञापन सौंपा जा रहा है तथा अधिकारियों से लिखित शिकायत भी किया गया है परंतु कोई कार्रवाई नहीं होने से धरना देना पड़ रहा है।

# रजपालपुर में साप्ताहिक हाट बाजार का हुआ शुभारम्भ

**भंवरपुर।** ग्राम रजपालपुर में साप्ताहिक हाट बाजार का आयोजन किया गया है। ग्राम रजपालपुर में प्रति शुक्रवार को साप्ताहिक बाजार लगाया जाएगा। साप्ताहिक हाट बाजार शुभारम्भ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हेमकुमारी नायक जिला पंचायत सदस्य महासमुंद एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रेमलाल नायक सरपंच ग्राम पंचायत रजपालपुर मुख्य रूप से उपस्थित रहे। गौरतलब हो कि ग्राम रजपालपुर में ग्रामीणों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए ग्राम पंचायत के द्वारा दिन शुक्रवार को साप्ताहिक हाट बाजार लगाने का निर्णय किया गया है। जिससे अंचल के ग्रामीणों को अपने सुविधा अनुसार हरी सब्जियां सहित अन्य आवश्यक राशन सामग्री खरीदने में काफी सुविधा होगी। ग्राम पंचायत रजपालपुर के सरपंच प्रेमलाल नायक ने बताया कि अंचल के ग्रामीणों के मंशा के अनुरूप रजपालपुर में प्रति शुक्रवार को साप्ताहिक बाजार लगाने का निर्णय लिया गया है। ताकि ग्रामीण जनों को साग सब्जी सहित राशन सामग्री खरीदी करने में किसी तरह की असुविधाओं का सामना करना ना पड़े। जनहित को देखते हुए शुक्रवार के दिन साप्ताहिक हाट बाजार लगाने का निर्णय लिया गया है। साप्ताहिक हाट बाजार शुभारम्भ कार्यक्रम में मोहनलाल कश्यप, पिरितराम कश्यप, किशोर नायक, पितामबर नायक, निलसागर पटेल, जीवन लाल नायक, बसंत नायक, ईश्वर प्रसाद नायक, कन्हैया लाल नायक, जंबूलाल नायक चनाट वाले, मनीराम पटेल, मोहनलाल पटेल, उदल पटेल, संतलाल पटेल, कुंजल पटेल, धर्मेंद्र महापात्र, निरपति नायक, नित्यानंद पटेल सहित समस्त ग्रामवासी रजपालपुर के उपस्थित रहे।

# 26 के जगह 11 आरआई और 11 मे भी 3 का स्थानांतरण पर सवाल

पायनियर संवाददाता ◂ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



जिला भर में राजस्व विभाग पर अधिकारी कर्मचारी कमी के बीच जैसे तैसे राजस्व कामकाज का निपटारा किया जा रहा है। इस बीच देवभोग और राजिम से 3 आरआई का तबादला होने से सरगर्मी तेज हो गई हैं। क्योंकि जिला मे करीब करीब 230 हलका है। जिसके लिए 26 आरआई की पदस्थापना होनी चाहिए, लेकिन बमुश्किल 11 आरआई पदस्थ हैं और अब 11 मे से 6 आरआई का तबादला प्रदेश के अलग अलग जिले में कर दिया गया है। ऐसे में बचे 9 आरआईयो मे राजस्व के काम काज का और अधिक भार पड़ेगा। क्योंकि वर्तमान में किसी आरआई की पदस्थापना नही हो पाई है। जानकारी अनुसार देवभोग राजस्व निरीक्षक धनराज लांझेकर राजिम घनश्याम एवं बीएन साहू का तबादला जिला के बाहर कर दिया गया है, जिसे लेकर किसानों को काफी ज्यादा परेशानी होने की पूरी संभावना है, क्योंकि वर्तमान में त्रुटि सुधार कार्य के साथ फसल कटाई रिपोर्ट गिरदावरी निरीक्षक के अलावा धान खरीदी और चुनाव कार्य में भी भूमिका होती हैं। ऐसे तमाम कार्य को ध्यान में रखते 3 आरआई की तबादला से परेशानी उत्पन्न होने की चर्चा खूब हो रही है। हालांकि अब तक तबादला हुए आरआईयो को रिलीव नही किया गया है। मगर माना जाता है शासन के आदेश को मददेनजर स्थानांतरण हुए राजस्व निरीक्षक रिलीव के लिए दौड़ भाग कर रहे है, ऐसे में रिलीव होने की आशंका बन रही है। सबसे ज्यादा परेशानी देवभोग के राजस्व से संबधित किसानो को उठानी पड़ेगी, क्योंकि देवभोग पर 4 आरआई की पदस्थापना होनी चाहिए, लेकिन 2 हैं जिनमे एक आरआई का तबादला हो गया, अब एक आरआई के भरोसे ब्लॉक के 90 गांव के किसान निर्भर होंगे। शायद यही वजह है कि तबादले को लेकर काफी ज्यादा सरगर्मी बढ़ा हुआ है, क्योंकि काफी पहले से राजस्व कर्मचारियों के कमी की पूर्ति के लिए कोई पहल नही हो पाया है।

# हरियाणा की जीत असली किसानों की जीत : प्रखर



**सरायपाली।** हरियाणा चुनाव के नतीजे आने के बाद राजनीतिक गलियारों में बयान बाजियो का सिलसिला शूरू हो चुका है, जिस तरह से किसानों ने चुनाव पूर्व आंदोलन किया था, उसके पश्चात पहलवानो ने आंदोलन किया था उक्त कारणों से क़यास लगाए जा रहे थे कि हरियाणा में बीजेपी की सरकार बनना मुश्किल है। इस मुद्दे पर सरायपाली भाजपा कार्यकर्ता प्रखर अग्रवाल ने कहा कि आप जितने भी सुनियोजित तरीक़े से राजनीतिक षड्यंत्र कर लो फर्जी भीड़ इकठ्ठा कर लो आप जनता के मन को अब नहीं भटका सकते। सत्ता में रहना है तो काम करना पड़ेगा, इसी का उदाहरण हरियाणा चुनाव के नतीजे है। षड्यंत्र हार गया जनता जीत गई, साथ ही प्रखर द्वारा हरियाणा की जनता का आभार जताया एवं जननेतृत्व संभालने के लिये भारतीय जनता पार्टी को बधाई दी।

# सफलता के लिए संघर्ष, त्याग और समर्पण की भावना जरूरत : टंकराम वर्मा

## राज्य स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता का हुआ समापन, रायपुर संभाग को ओवरऑल चैम्पियनशिप का मिला खिताब





पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

मंत्री वर्मा ने खिलाडियों को प्रेरित करते हुए कहा कि बिना किसी कठिन परिश्रम के ऊंचाईयों तक नहीं पहुंचा जा सकता, यदि हम इतिहास के महान लोगों के जीवन को देखे, तो उनके जीवन में संघर्ष, त्याग और समर्पण जुड़ा हुआ है। खेल मंत्री टंकराम वर्मा राजधानी के जे.आर.दानी स्कूल में आयोजित 24वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता के समापन समारोह में पहुंचे। विगत चार दिनों से आयोजित इस प्रतियोगिता में राज्य के सभी संभागों के स्कूल के 1790 खिलाड़ी और 300 कोच शामिल हुए। इस प्रतियोगिता में रायपुर संभाग को ओवरऑल चैम्पियनशिप का खिताब दिया गया। मंत्री वर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए प्रतियोगिता एक बेहतरीन मंच है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार में खेल प्रतिभा को बढ़ाने के लिए विभिन्न योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। अलंकरण दिवस समारोह में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राज्य के ऐसे खिलाड़ी जो ओलंपिक में गोल्ड मैडल विजेता होंगे, उन्हें 3 करोड़ रूपए से पुरस्कृत करने की घोषणा की। मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि उपस्थित खिलाड़ी राज्य स्तरीय खेल में शामिल होने आए हैं, सरकार की मंशा है कि खिलाड़ी न केवल राज्य स्तर अपितु राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर राज्य का नाम गौरवान्वित करें। प्रदेश के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शन करने का अवसर मिले, इसके लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि खेल से शारीरिक और मानसिक विकास के साथ टीम भावना का विकास होता है। खेल में हार-जीत लगा रहता है, हार कर बैठना बुरी बात है। ज्ञात हो कि राज्य स्तरीय शालेय कीड़ा प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ राज्य के 05 संभाग से लगभग 1790 प्रतिभागी खिलाड़ी एवं 300 कोच सम्मिलित हुए। विगत 04 दिनों से चलने वाली इस प्रतियोगिता में 10 खेलों बास्केटबाल, हॉकी, फुटबॉल, रोलर स्केटिंग, स्क्वैश, सॉफ्ट टेनिस, बॉक्सिंग, ताईक्वाण्डो, साइकिलिंग एवं तीरंदाजी के खिलाड़ी प्रतियोगिता में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर विधायकगण मोती लाल साहू और पुरंदर मिश्रा, जिला शिक्षा अधिकारी विजय खंडेलवाल, जिला क्रीडा अधिकारी आई.पी. वर्मा सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, खिलाड़ी और कोच सहित स्कूली छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# तिल्दा-नेवरा में गरबा की धूम : विकास मित्र मंडल के पहल से सितारे हो रहे शरीक

### गरबा महोत्सव में शिरकत करेंगे पंजाबी गायक मिलिंद गाबा

पायनियर संवाददाता ◂ तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com



आश्विन नवरात्रि के पर्व पर तिल्दा-नेवरा नगर भक्ति से कारोबार है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अलावा माता की जगराता के साथ गरबा महोत्सव भक्तों को सहसा ही आकर्षित कर रही है। रायपुर जिला तिल्दा-नेवरा नगर में इन दिनों विकास मित्र मंडल गरबा महोत्सव को लेकर काफी चर्चा में है। नव दिन की माता के भक्ति में भक्तगण डूबे हुए हैं, रोजाना सैकड़ों की संख्या में भक्तगण गरबा महोत्सव में शरीक होकर माता सेवा में जुटें हुए हैं, वहीं बालीवुड के सितारों के अलावा अन्य कलाकार भी माता सेवा के लिए तिल्दा-नेवरा नगर में शिरकत कर रहे हैं। विकास मित्र मंडल द्वारा आयोजित गरबा महोत्सव में पिछले दिनों बालीवुड कलाकार अभिषेक ने शरीक होकर समां बांधा वहीं म्यूजिक एमजी के नाम से शुमार पंजाबी गायक, संगीतकार मिलिंद गाबा गरबा महोत्सव में प्रस्तुति देंगे, संगीत के क्षेत्र में धुम मचाने वाले मिलिंद गाबा के तिल्दा-नेवरा आगमन को लेकर क्षेत्रवासियों में काफी उत्सुकता देखी जा रही है, चुंकि इन्होंने अपनी प्रभावी संगीत के माध्यम से देश विदेश में खास पहचान बनाया है। विकास मित्र मंडल के अध्यक्ष विकास सुखवानी के द्वारा गणेशोत्सव पर्व से लेकर देवी माता की पर्व नवरात्रि तक विभिन्न आयोजन कर तिल्दा-नेवरा नगर का एक पहचान बनाया है, विकास मित्र मंडल के धार्मिक, सामाजिक कार्यो के प्रति रूझान को लेकर काफी सराहना किया जा रहा है। राजस्थान हार्डवेयर के पिछे सौरब पार्क में आयोजित गरबा महोत्सव में रोजाना भक्तगण बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं। वहीं आयोजन समिति द्वारा महोत्सव के प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया जा रहा है।

# स्वयंसेवक बबलू और दीप्ती हुए प्री आरडीसी परेड पटना हेतु चयनित : कन्नौजे

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com






राष्ट्रीय सेवा योजना पूर्व गणतंत्र दिवस परेड 2024-25 में भागीदारी हेतु राष्ट्रीय सेवा योजना जिला कोंडागांव के शासकीय गुण्डाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय के बी.ए. प्रथम सेमेस्टर के बबलू राम शोरी तथा शासकीय आदर्श नवीन कन्या महाविद्यालय से बी.ए. अंतिम वर्ष के स्वयंसेवक दीप्ती यादव का चयन पूर्व गणतंत्र दिवस परेड प्रशिक्षण बिरला इंस्टिट्यूट ऑफ टेकनोलॉजी बिहार (पटना) के लिए हुआ है। जो 10 नवंबर से 19 नवंबर तक होने वाले परेड में सम्मिलित होकर प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे।

राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठक शशिभूषण ने बताया कि स्वयंसेवको का चयन सर्वप्रथम महाविद्यालय स्तर, जिला स्तर तथा विश्वविद्यालय स्तर से होने के बाद ही उनका चयन होता है। उन्होंने यह भी बताया कि उनका उनका विश्वविद्यालय स्तर पर 30 सितंबर को शमक वीवि के कुलपति प्रो मनोज कुमार श्रीवास्तव, कुलसचिव अभिषेक कुमार बाजपेई के मार्गदर्शन में एवं छत्तीसगढ़ के राज्य एनएसएस अधिकारी नीता बाजपाई एवं शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर जगदलपुर के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. डी एल पटेल के उपस्तिथि में विश्वविद्यालय स्तरीय पूर्व गणतंत्र दिवस परेड चयन प्रक्रिया का आयोजन पीएमटी बालक छात्रावास परिसर जगदलपुर में किया गया जिसमें बस्तर संभाग के कांकेर, बस्तर, कोंडागांव, बीजापुर, दंतेवाड़ा एवं सुकमा जिले से 41 स्वयंसेवक जिला स्तर से चयन होकर विश्वविद्यालय स्तर पर पूरे जिले का प्रतिनिधित्व किया। चयन प्रक्रिया हेतु टेन सी बटालियन जगदलपुर से रंजीत सिंह, हवलदार विकास शर्मा एवं साथी उपस्थित रहे। स्वयंसेवकों का चयन के दौरान उनके परेड के साथ साथ सांस्कृतिक प्रदर्शन भी देखा गया जिसमें बस्तर विश्वविद्यालय से 3 स्वयंसेवकों का चयन किया गया। जिसमें बबलू दीप्ति के अलावा शासकीय महर्षि वाल्मीकि स्नातकोत्तर महाविद्यालय भानुप्रतापपुर से कनिष्का का चयन विवि स्तर पर हुआ जो की पूर्व गणतंत्र दिवस परेड पटना बिहार में सम्मिलित होकर पूरे छत्तीसगढ़ राज्य का नेतृत्व करेंगे। डॉ डी एल पटेल ने स्वयंसेवकों को मार्गदर्शन करते हुए विभिन्न सारी जानकारियां दिया। इस अवसर पर राज्य एनएसएस अधिकारी, कार्यक्रम समन्वयक सहित दक्षिण बस्तर के जिला संगठक अर्चना झा, कार्यक्रम अधिकारी में दंतेश्वरी पीजी कॉलेज जगदलपुर के डॉ प्रिंसी दुग्गा, अंतागढ़ कॉलेज से प्रशांत रंगारी, कोंडागांव पीजी कॉलेज से समलेश पोटाई, कन्या महाविद्यालय कांकेर से आरती मरकाम, बस्तर विश्वविद्यालय रासेयो प्रकोष्ठ कार्यालय से हरीश रामटेके, देवेंद्र दुर्गे एवं वरिष्ठ स्वयंसेवक अजीत सिन्हा, देवेंद्र सेठिया एवं आयुषी जायसवाल उपस्थित रहे। चयनित स्वयंसेवकों को जिला संगठक जिला कोंडागांव शशिभूषण कन्नौजे ने बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी और कहा कि स्वयंसेवक बिहार पटना से यदि चयनित होंगे तो वे 26 जनवरी को कर्तव्य पथ पर परेड सम्मिलित होकर में छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस खुसी के पल के लिए चयनित स्वयंसेवको ने परेड प्रशिक्षण करवाने वाले महाविद्यालय के वरिष्ठ स्वयंसेवकों ओमप्रकाश यादव, ओमप्रकाश पोयाम, रयतु, अजीत कुमार, देवेंद्र सेठिया तथा पुलिस विभाग से आये ट्रेनर संतोष कोड़ोपी का आभार जताया।

# समाज कल्याण विभाग द्वारा मद्य निषेध पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित

## विजेताओ को कलेक्टर मांझी ने किया पुरस्कृत

पायनियर संवाददाता < नारायणपुर
www.dailypioneer.com





राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर समाज कल्याण विभाग नारायणपुर द्वारा 02 अक्टूबर से 05 अक्टूबर तक जिला अन्तर्गत विद्यालयों में 100 छात्र-छात्राओं के द्वारा नशापान से होने वाले दुष्परिणामों के संबंध में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका 08 अक्टूबर को मद्य निषेध सप्ताह के समापन समारोह में छात्र छात्राओं द्वारा सबसे अच्छे प्रदर्शित चित्रकला को जिला कलेक्ट्रेड परिसर में प्रदर्शित किया गया तथा चित्रकला का मुल्यांकन करते हुये प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय व सात्वंना पुरस्कार देकर कलेक्टर बिपिन मांझी द्वारा छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया, जिसमें प्रथम पुरस्कार वंश मरकाम पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय, द्वितीय पुरस्कार मुक्तांक लोहानी शासकीय बालक उच्च माध्यमिक विद्यालय एवं तृतीय पुरस्कार प्रिया नाग पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय ने प्राप्त किया। इसके अलावा शेष सभी छात्र छात्राओं को सात्वंना पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। उक्त आयोजन में अपर कलेक्टर बीरेंद्र बहादुर पंचभाई, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत वासु जैन, सहायक आयुक्त आदिम जाति विकास विभाग बद्रीश सुखदेव, जिला शिक्षा अधिकारी धनेलिया, जिला कार्यकम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग रविकांत ध्रुर्वे, जिला जनसम्पर्क अधिकारी कच्छप, ई.ई. पीएचई एस.के.वर्मा आदि उपस्थित रहे।

# वनकर्मियो ने दिया वन्यजीवों की सुरक्षा एवं संरक्षण का संदेश

पायनियर संवाददाता < नारायणपुर
www.dailypioneer.com




वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग छत्तीसगढ़ शासन अन्तर्गत नारायणपुर वन मंडल के वन मंडलाधिकारी (डीएफओ) शशीगानंद के मार्गदर्शन में वन्यप्राणी संरक्षण सप्ताह के अन्तर्गत नारायणपुर वनमंडल के सभी वन परिक्षेत्र अधिकारियों एवं कर्मचारियो द्वारा नारायणपुर जिला मुख्यालय के प्रमुख मार्गो पर पैदल रैली निकालकर वन्य प्राणियों की सुरक्षा के लिए लोगो को जागरूक किया। वन कर्मचारियो ने माइक के माध्यम से आमजनो को मानव एवं वन्यप्राणियो के संबंधो के बारे में बताकर वन संपदा और वन्यजीवों की सुरक्षा एवं संरक्षण का संदेश दिया।

इस दौरान वन कर्मचारियो ने बस स्टैंड, कलेक्टर कार्यालय, आश्रम रोड, सोनपुर रोड होते हुए मुख्यमार्ग से चलकर वन विश्रामगृह में जागरूकता रैली का समापन किया। इस दौरान प्रमुख रुप से उप वनमंडलाधिकारीगण राजकुमार ध्रुव, आर. एस.मंडावी, ए.के.सोनवानी, छबिलाल निर्माण, वन परिक्षेत्र अधिकारी इंद्रकुमार यादव (नारायणपुर), राजेश साहू (धौड़ाई), भूषण सिंह ठाकुर (छोटेडोंगर), जी.आर.कोर्राम (बेनूर), सुकलू राम उसेंडी (पूर्व सोनपुर), बुधसन मरकाम (उत्पादन) सहित वन विभाग के कर्मचारीगण निखिल ठाकुर, मानकेर उसेंडी, सुखराम वड्डे, श्याम सिंह कुमेटी, चंद्र प्रकाश जैन, नरेंद्र गावडे, राजू पोटाई, जगजीत ठाकुर, संतोष कुमेटी, अशोक उइके, मनीराम नूरेटी, सेवक कश्यप, श्यामलाल कोवाची, अंजना सलाम, दिव्या बघेल, कारूराम ध्रुव, अनिल पोटाई, घनश्याम सिंह, भगत शोरी, ओम प्रकाश ठाकुर, प्रवीण वासनिकर, तुलाराम नेताम, जयदेव कुमेटी, कमल देवांगन, गजेंद्र पात्र, राजू राम पोटाई, राखेंद्र ठाकुर, गजेंद्र देहारी, अश्वन मंडावी, मुकुंद धृतलहरे, रायसिंग कावडे, मैनू सलाम, लक्ष्मण सलाम, सुरेश नूरेती, परमानंद यादव, राजकुमार समरथ आदि उपस्थित थे।

# जनपद स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन 14 अक्टूबर से, कलेक्टर ने जारी किए निर्देश

पायनियर संवाददाता < कांकेर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार जिले के आम नागरिकों की आवश्यकताओं, शिकायतों एवं समस्याओं का समाधान के लिए जनपद स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जारी निर्देशानुसार 14 अक्टूबर को विकासखण्ड कांकेर के कोकानपुर और नरहरपुर विकासखण्ड के सरोना कलस्टर के ग्राम पंचायत अभनपुर में जनपद स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित होगा। इसी प्रकार 16 अक्टूबर को अंतागढ़ विकासखण्ड के ग्राम पंचायत आमाबेड़ा में, चारामा विकासखण्ड के हाराडुला कलस्टर के ग्राम हल्बा में 17 अक्टूबर, दुर्गूकोंदल विकासखण्ड के कलस्टर कोड़ेकुर्से के ग्राम पंचायत हामतवाही में 18 अक्टूबर, चारामा विकासखण्ड के कलस्टर कोटतरा ग्राम मयाना में 23 अक्टूबर, भानुप्रतापपुर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत हरनपुरी स्कूल मैदान में 25 अक्टूबर और कोयलीबेड़ा विकासखण्ड कलस्टर छोटेकापसी के ग्राम पंचायत बड़ेकापसी में 28 अक्टूबर को जनपद स्तरीय शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा नरहरपुर विकासखण्ड के उमरादाह कलस्टर के ग्राम पंचायत चंवाड़ में 06 नवम्बर, अंतागढ़ विकासखण्ड के ग्राम पंचायत ताड़ोकी और कोयलीबेड़ा विकासखण्ड के ऐसेबेड़ा कलस्टर के ग्राम पंचायत कारेकट्टा में 08 नवम्बर, दुर्गूकोंदल विकासखण्ड हाटकोंदल कलस्टर के ग्राम पर्रेकोड़ो में 11 नवम्बर, कांकेर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत सिंगारभाट में 13 नवम्बर, चारामा विकासखण्ड के ग्राम सिरसिदा और कोयलीबेड़ा विकासखण्ड के बांदे कलस्टर के ग्राम पंचायत सावेर में 20 नवम्बर, भानुप्रतापपुर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत मुंगवाल में 21 नवम्बर, कांकेर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत डुमाली में 22 नवम्बर, नरहरपुर विकासखण्ड के कलस्टर दुधावा के ग्राम पंचायत धनोरा में 29 नवम्बर, अंतागढ़ विकासखण्ड के ग्राम पंचायत कलगांव में 02 दिसम्बर, कोयलीबेड़ा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत जिरमतराई में 06 दिसम्बर, चारामा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत लखनपुरी में 07 दिसम्बर, दुर्गूकोंदल के ग्राम पंचायत भण्डारडिगी में 12 दिसम्बर, कांकेर के ग्राम पंचायत बारदेवरी और भानुप्रतापपुर के ग्राम पंचायत संबलपुर में 13 दिसम्बर, भानुप्रतापपुर के ग्राम पंचायत केंवटी और अंतागढ़ के ग्राम बण्डापाल में 20 दिसम्बर, नरहरपुर के सुरही कलस्टर के ग्राम बिरनपुर में 27 दिसम्बर तथा दुर्गूकोंदल विकासखण्ड के दमकसा कलस्टर के ग्राम पंचायत बरहेली में 21 जनवरी 2025 को जनपद स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। उक्त शिविर सुबह 10.30 बजे से दोपहर 2.30 बजे तक लगाया जाएगा। शिविर का व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु संबंधित जनपद सीईओ को जनपद स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन के लिए निर्देशित किया गया है। कलेक्टर ने उक्त शिविर में अनुभाग स्तर, ब्लॉक स्तर एवं कलस्टर स्तर के अधिकारी-कर्मचारी के अलावा सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को भी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए हैं।

# प्राकृतिक आपदा पीड़ित 2 परिवारों को 08 लाख रूपए की आर्थिक सहायता

**जगदलपुर।** कलेक्टर हरिस एस. द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत् प्राकृतिक आपदा पीड़ित 02 परिवारों को 08 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। जिसके तहत् तहसील बास्तानार ग्राम बड़ेकिलेपाल निवासी काजल कर्मा की मृत्यु सांप काटने से पति सन्तु कर्मा तथा तहसील तोकापाल के ग्राम बुरुंगपाल निवासी मंगी की मृत्यु सर्पदंश से होने के कारण माता पोदिये पति स्वर्गीय बुटलू प्रत्येक को चार-चार लाख रूपए की सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है।

# आंगनबाड़ी सहायिका चयन हेतु पात्र-अपात्र सूची जारी, दावा आपति 17 अक्टूबर तक

**नारायणपुर।** महिला एवं बाल विकास परियोजना नारायणपुर के रिक्त केन्द्रों के विरूद्ध पद पूर्ति हेतु आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मिनी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं के आवेदन 13 अगस्त से 27 अगस्त तक आमंत्रित किया गया था। प्राप्त आवेदन पर चयन प्रावधान अनुसार योग्यता क्रम के आधार पर मूल्यांकन समिति द्वारा परीक्षण उपरान्त दावा आपत्ति 17 अक्टूबर तक कार्यालयीन समय में डाक पत्र या स्वयं उपस्थित होकर दावा आपत्ति संबंधी सप्रमाण पत्र के साथ आवेदन आमंत्रित कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात् किसी प्रकार की शिकायत अथवा दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

# दंतेवाड़ा स्थानीय उम्मीदवारों के लिए स्वास्थ्य विभाग में भर्ती प्रक्रिया की शुरुआत



**किरंदुल।** दंतेवाड़ा जिले में कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में एक नई पहल शुरू की गई है, जिसमें स्थानीय योग्य उम्मीदवारों को स्वास्थ्य विभाग में भर्ती करने का अवसर दिया जा रहा हैं।जिसके तहत बुधवार को 11 बजे से 5 सुरनार में फार्मासिस्ट के एक पद के लिए साक्षात्कार आयोजित किया गया। इस बार की भर्ती प्रक्रिया में विशेष ध्यान दिया गया है कि स्थानीय इच्छुक उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी।जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डॉ. अजय रामटेके ने बताया कि यह चयन प्रक्रिया ग्राम पंचायत स्तर पर की जाएगी।यदि किसी ग्राम पंचायत से पद के लिए कोई उम्मीदवार नहीं आता है, तो उस पंचायत के विकासखंड से उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा। यदि फिर भी कोई उम्मीदवार नहीं मिल पाता है, तो जिले के अन्य स्थानीय उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा।

# पुलिस ने मक्का पौधा के आड़ में गांजा खेती करने वाले को धर दबोचा

**कोंडागांव।** कोंडागांव जिला में पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार के निर्देशन में थाना प्रभारी अखिलेश धीवर के नेतृत्व में हमराह स्टाप मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि, 8 अक्टूबर को मुखबीर के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई हैं कि, ग्राम बड़े घोड़सोड़ा के बुधराम सागर के द्वारा अपने मक्का बाड़ी में मक्का फसल के बीचो बीच मादक पदार्थ जैसा गॉजा हरा पौधा लाभ कमाने के लिये लगाया है। सूचना पर आरोपी के मक्का बाड़ी की तलाशी लेने से आरोपी के कब्जे से 43 नग मादक पदार्थ गांजा जैसा जिसका कुल वजन 1.565 किलोग्राम अनुमानित किमती 15,000 रूपये का होना पाया गया। आरोपी का कृत्य अपराध धारा 20 (क) नारकोटिक्स एक्ट का पाये जाने पर अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत् कार्यवाही कर मौके पर गांजा पौधा को जप्त कर आरोपी बुधराम सागर निवासी बड़ेघोड़सोड़ा को गिरफ्तार किया गया है जिसे न्यायालय प्रस्तुत किया किया गया।



# प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत प्रशिक्षण सह कार्यशाला का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता < कोंडागांव
www.dailypioneer.com



कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देश पर प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन हुआ। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य आवास मित्रों और समर्पित मानव संसाधनों को योजना की विभिन्न बिंदुओं से अवगत कराना था। कार्यशाला में भाग लेने वाले सभी आवास मित्रों को उनके जॉब चार्ट, प्रोत्साहन राशि, हितग्राही उन्मुखीकरण, आवास निर्माण कार्य प्रणाली, तकनीकी निर्देश, निर्माण में आवश्यक सामग्री की जानकारी और आवास के नक्शा एवं रूपरेखा के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। मुख्य कार्यपालन अधिकारी भोई ने आवास मित्रों को ग्राम पंचायत स्तर पर पंच, सरपंच, गायंता पुजारी, और ग्राम पंचायत सचिव के साथ समन्वय बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। उन्हें नवीन स्वीकृत आवासों का निर्माण एक वर्ष के भीतर और पूर्व में स्वीकृत आवासों को एक महीने के भीतर पूरा करने हेतु निर्देशित किया गया। इस कार्यशाला में जिला समन्वयक, आवास समन्वयक, सहायक परियोजना अधिकारी (मनरेगा) और अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम न केवल आवास मित्रों को कार्य के प्रति सक्षम बनाने के लिए था, बल्कि यह सुनिश्चित करने के लिए भी था कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभार्थियों को समय पर और गुणवत्तापूर्ण आवास उपलब्ध कराया जा सके। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत आवास मित्रों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि वे ग्रामीण क्षेत्रों में आवास निर्माण के प्रति जागरूकता फैलाने और लाभार्थियों की समस्याओं को समझने में सहायता करते हैं। इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यशाला से उन्हें अपनी जिम्मेदारियों को बेहतर तरीके से निभाने का अवसर मिलता है।

# महाविद्यालय में आयोजित हुआ साइबर जागरूकता कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता < कोंडागांव
www.dailypioneer.com




शासकीय गुण्डाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोंडागांव में कोंडागांव पुलिस एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में सायबर जन जागरूकता पखवाड़ा अभियान एवं यातायात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें डीएसपी सतीश कुमार भार्गव एवं टीम, रासेयो जिला संगठक शशिभूषण कन्नौजे, कार्यक्रम अधिकारी समलेश पोटाई और समस्त महाविद्यालयीन प्राध्यापक, रासेयो स्वयंसेवक, समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। साइबर सेल नोडल डीएसपी भार्गव ने बताया कि, कैसे आजकल व्हाट्सएप फेसबुक जैसे सोशल मीडिया का उपयोग करके ऑनलाइन ठगी हो रहा है, इसका कारण सिर्फ अपनी व्यक्तिगत जानकारी बिना जांच के किसी अन्य व्यक्ति को साझा करना है। उन्होंने बताया कि, अपना व्यक्तिगत जानकारी जैसे आधार कार्ड, एटीएम नंबर, पैन कार्ड, ओटीपी इत्यादि जैसे जानकारी किसी भी व्यक्ति को बिना जानकारी के नहीं भेजना है, इससे ऑनलाइन ठगी का संभावना अत्यधिक हो जाता है। इस प्रकार से एसडीओपी रूपेश कुमार ने भी साइबर से संबंधित विभिन्न सारी जानकारियां दिया। इस अवसर पर कोंडागांव पुलिस के द्वारा साइबर क्राइम से संबंधित विस्तृत जानकारी दिया गया और नुक्कड़ नाटक और सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से सभी को प्रेरित करने का प्रयास किया गया। इस कार्यक्रम में पुलिस विभाग से साइबर सेल नोडल सतीश कुमार भार्गव, एसडीओपी रूपेश कुमार, सब इंस्पेक्टर अभिताभ खंडेकर, सहायक उप निरीक्षक सगरबती सोरी, आरक्षक मनोज पोयाम, बीजू यादव, महाविद्यालय के प्राध्यापक शोभाराम यादव, अलका शुक्ला, पुरोहित शोरी, नेहा बंजारे व साथी प्राध्यापक उपस्थित रहें।

# नियद नेल्लानार के स्वीकृत कार्यो को पन्द्रह दिवस में पूर्ण करें : कलेक्टर मांझी

## कलेक्टर ने दिलाया विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस की शपथ

पायनियर संवाददाता < नारायणपुर
www.dailypioneer.com




साप्ताहिक समय सीमा की बैठक में कलेक्टर बिपिन मांझी नें नियद नेल्लानार के स्वीकृत कार्यो को पन्द्रह दिवस में पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने नियद नेल्लानार योजनांतर्गत संचालित विभागीय अधिकारियों से कार्यो की प्रगति की समीक्षा की। कलेक्टर ने नियद नेल्लानार योजनातंर्गत स्वीकृत निर्माण कार्यो को अविलंब पूर्ण कराने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने समय सीमा के लंबित प्रकरणों एवं पत्रों की गहन समीक्षा करते हुए अधिकारियों से कहा कि समय सीमा मे प्रकरणों का निराकरण करना सुनिश्चित करें ताकि राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ जिले के ग्रामीणों को समय पर मिल सके। उन्होंने नियद नेल्लानार, प्रधानमंत्री आवास, प्रधानमंत्री जनमन तथा वर्ष 2024-25 के लिए पहुंचविहीन केन्द्रों में मध्यान्ह भोजन, पूरक पोषण आहार और राशन सामग्री भण्डार करने तथा समग्र शिक्षा के तहत् स्वीकृत कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायतों में चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग, कृषि, कौशल विकास और नगरपालिका परिषद द्वारा संचालित योजनाओं का गहन समीक्षा किया। उन्होंने पशुधन विकास विभाग के उप संचालक को निर्देशित करते हुए कहा कि पशुधनों को बिमारियों से बचाने के लिए शिविर लगाकर टीकाकरण कराएं। उन्होंने नारायणपुर मेनरोड़ पुलिया निर्माण कार्य एवं पेयजल विद्युतीकरण सड़क निर्माण आदि लंबित कार्यो को पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि नियद नेल्लानार अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का निरारकण शीघ्र करें। बैठक में एसडीएम वासु जैन, संयुक्त कलेक्टर अभिषेक गुप्ता, एस.डी.एम. ओरछा अभयजीत मंडावी, डिप्टी कलेक्टर डॉ. सुमित गर्ग, आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त बद्रीश सुखदेवे, जिला शिक्षा अधिकारी लखनलाल धनेलिया, उप संचालक कृषि बीएस बघेल, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता जे.एल. मानकर, कार्यक्रम अधिकारी रविकांत ध्रुर्वे एवं जिला कोषालय अधिकारी हरिश साहू सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों की खेल महोत्सव 2024-25 अन्तर्गत दो दिवसीय संभाग स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता सम्पन्न

## लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत एवं लगन से आगे बढ़ें : सांसद महेश कश्यप

पायनियर संवाददाता < जगदलपुर
www.dailypioneer.com



हार-जीत स्पर्धा का अभिन्न हिस्सा है, लेकिन जो असफल होकर अपने दक्षता में सुधार कर भविष्य में श्रेष्ठतम प्रदर्शन के द्वारा परचम लहराता है वह ज्यादा महत्वपूर्ण है। इसलिए किसी भी खिलाड़ी को असफलता से निराश नहीं होना चाहिए और भविष्य में बेहतर प्रदर्शन का लक्ष्य निर्धारित करना जरूरी है। यह बात सांसद बस्तर महेश कश्यप ने धरमपुरा स्थित क्रीड़ा परिसर में आयोजित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों की संभाग स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता समापन समारोह को मुख्य आतिथ्य की आसंदी से सम्बोधित करते हुए कही। उन्होंने सभी प्रतिभागी छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि यह उम्र दिशा तय करने का है, इसलिए अपना लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत एवं लगन से आगे बढ़ें। इस संभाग स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता में बस्तर जिले की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर ओव्हरऑल चैंपियनशिप का खिताब हासिल किया।

## स्पर्धा में हिस्सा लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन करना सबसे बड़ी उपलब्धि : विधायक किरणदेव

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विधायक जगदलपुर किरणदेव ने कहा कि किसी भी प्रतियोगिता में जीत-हार से भी बड़ी उपलब्धि स्पर्धा में शामिल होकर उत्कृष्ट प्रदर्शन करना है और इसमें भाग लेने वाले सभी खिलाड़ी बधाई के हकदार हैं। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बस्तर अब तेजी से बदल रहा है और आगे बढ़ रहा है। यहां की प्रतिभाएं अब खेलकूद सहित हर क्षेत्र में अपनी श्रेष्ठता साबित कर रहे हैं। भविष्य में और ज्यादा मेहनत कर बेहतर प्रदर्शन से अपनी दक्षता सिद्ध करें। इस अवसर पर विजयी खिलाड़ियों तथा टीमों को मैडल, ट्रॉफी तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। वहीं अन्य प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया गया। साथ ही टीमों के प्रभारी शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं खेल प्रशिक्षकों को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। इस दौरान महापौर सफीरा साहू तथा अन्य जनप्रतिनिधि और जिला प्रशासन के अधिकारी और शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राओं के अलावा खेलप्रेमी गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।



सरायपाली। नगर में भव्य पंडालों में विराजित मां दुर्गा की प्रतिमा, मां राज राजेश्वरी दुर्गा समीति पुराना नगर पालिका, मां कामाख्या देवी सेवा समिति गांधी चौक बाजार पारा, आदर्श मैत्री मंडल दुर्गा उत्सव समिति उड़िया पारा, सार्वजनिक दुर्गा समीति जय स्तंभ चौक, सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति महलपारा चौक, मां मनसा देवी सेवा समिति ब्लाक कालोनी, मां कात्यायनी देवी (दास महाराज) बस स्टैंड सरायपाली।

# अल्ट्राटेक रावन सी.एस.आर हेड विनोद श्रीवास्तव प्रतिष्ठित महात्मा अवार्ड से नई दिल्ली में सम्मानित

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com




राष्ट्रीय स्तर पर इम्पैक्ट लीडर एवं चेंज मेकर को सम्मानित करने हेतु नई दिल्ली इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में एक भव्य सम्मान समारोह में अल्ट्राटेक रावन सीएसआर हेड विनोद श्रीवास्तव को प्रतिष्ठित महात्मा अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान किरण बेदी, भूतपूर्व गवर्नर पुण्डिचेरी, पहली भारतीय महिला आईपीएस अधिकारी एवं अमित सचदेवा, फाउंडर महात्मा फाउंडेशन द्वारा प्रदान किया गया। इस सम्मान समारोह के आयोजन में मुख्य सहयोगी आदित्य बिरला ग्रुप, महात्मा फाउंडेशन, यु.एन.डी.पी, फिक्की की भागीदारी रही। इस सम्मान समारोह में अल्ट्राटेक रावन सीएसआर हेड विनोद श्रीवास्तव को सीएसआर के क्षेत्र में उनके 36 वर्षों के अनवरत योगदान के लिए महात्मा अवार्ड फॉर यंग चेंज मेकर से सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि पर अल्ट्राटेक रावन यूनिट प्रबंधन ने अपार हर्ष व्यक्त किया है। इसी सम्मान समारोह में देश के ख्याति प्राप्त व्यक्तियों को महात्मा लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार दिया गया, जिसमे सुधा मूर्ति, अनु डागा, बनकर रॉय, डॉ प्रताप सी रेड्डी, डॉ सोनल मानसिंह, जतिन दास, डॉ रामा चंद्र गल्ला इत्यादि शामिल थे तथा महात्मा अवार्ड फॉर लीडरशिप से रति फोर्ब्स एवं स्मिनू जिंदल को सम्मानित किया गया। इस पुरस्कार को हर वर्ष अपने क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया जाता है। इसके लिए बहुप्रतिष्ठित व्यक्तियों एवं जूरी का दल पुरस्कार हेतु चयनित करता है। महात्मा अवार्ड वैश्विक सामाजिक प्रभावी व्यक्तियों एवं परिवर्तनकर्ताओं को दिया जाता है। उन व्यक्तियों और संगठनों को सम्मानित करता है जो एक न्यायपूर्ण, स्थायी और करुणामय भविष्य बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह निजी और सार्वजनिक क्षेत्रों में स्थिरता, परोपकार, साझा मूल्य और कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व में उत्कृष्टता को चिन्हित करता है। गरीबी और भूख को लेकर महिलाओं को सशक्त बनाने, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, साहित्य, कला और संस्कृति, पत्रकारिता, शांति और न्याय को बढ़ावा देने और जलवायु परिवर्तन से लड़ने तक, यह पुरस्कार समाज पर स्थायी प्रभाव डालने वालों को दिया जाता है। महात्मा पुरस्कार की स्थापना एक गांधीवादी और भारतीय वकील अमित सहदेवा द्वारा की गई है तथा यह गांधी की चिरस्थायी विरासत के प्रति श्रद्धांजलि के रूप में परोपकारी राजश्री बिड़ला, आदित्य बिड़ला समूह द्वारा समर्थित है।

## अवैध रेत परिवहन ट्रैक्टर ट्राली से कूचलकर 8 वर्षीय बच्चे की दर्दनाक मौत, परिजन को न्याय दिलाने धरने पर बैठे विधायक संदीप साहू

पायनियर संवाददाता ➤ लवन
www.dailypioneer.com



अवैध रेत परिवहन कर रहे ट्रैक्टर ट्राली से कुचलकर एक 8 वर्षीय बच्चे की दर्दनाक मौत हो गई है। दुर्घटना पलारी क्षेत्र के ग्राम खैरी का है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार को ग्राम मुड़ियाड़ी से अवैध रेत लोड करके ट्रैक्टर जा रहा था कि ग्राम खैरी में कार्तिक धृतलहरे उम्र 8 वर्ष पिता उत्तम धृतलहरे की ट्रैक्टर ट्राली में कुचलाने से दर्दनाक मौके पर ही मौत हो गई वही दोषियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज एवं कड़ी कार्यवाही की मांग को लेकर परिजन एवं ग्रामीण दुर्घटना स्थल पर धरने पर बैठे रहे। दुर्घटना की जानकारी जैसे ही कसडोल विधायक संदीप साहू को मिली वह तुरंत ग्राम खैरी मौके पर पहुंचे और परिजनों को न्याय दिलाने विधायक साहू भी धरने पर बैठ गए। इस दौरान उन्होंने शासन प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि जिनके संरक्षण में अवैध रूप से रेत की लोडिंग होती है। उनके एवं अवैध खनन में संलिप्त वन विभाग और खनिज विभाग के अधिकारियों के ऊपर भी हत्या का मामला दर्ज करने एवं परिजनों को शासन प्रशासन से उचित मुआवजा के साथ परिजनों को न्याय दिलाने मांग की विदित हो की अवैध रेत लोडिंग अवैध रेत खनन को लेकर विधायक संदीप साहू ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंप कर अवैध चैन माउंटेन से खनन के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग की थी और अवैध रेत परिवहन ट्रैक्टर ट्राली से कुचलकर एक परिवार का चिराग बुझ गया।

## कलेक्टर-एसपी ने तेलासीपुरी धाम का दौरा कर गुरुदर्शन मेले की तैयारी का लिया जायजा



पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

कलेक्टर दीपक सोनी और एसपी विजय अग्रवाल ने पलारी विकासखंड के ग्राम तेलासी पहुंचकर गुरुदर्शन मेले के लिए की जा रही प्रशासनिक तैयारियों का जायजा लिया। बाबा गुरू घासीदास की कर्मभूमि तेलासीबाड़ा में आगामी 12 अक्टूबर को गुरुदर्शन मेले का आयोजन किया जाएगा। जिसमे हजारों की संख्या में प्रदेश के विभिन्न जिलों सहित अन्य प्रदेशों से श्रद्धालु यहां जुटते हैं। कलेक्टर-एसपी ने विभिन्न स्थलों को दौरा करके बारीकी से व्यवस्था से संबंधित विषयों पर विचार-विमर्श किया। प्रमुख रूप से उन्होंने मंदिर परिसर,बाड़ा, जैतखाम, पार्किंग एरिया, सुरक्षा, लाइटिंग, हाईमास्क, पेयजल की व्यवस्था आदि का स्थल निरीक्षण किया और पुराने अनुभवों के आधार पर इससे और अच्छी व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही विभिन्न विषयों पर मेला प्रबंधन से जुड़े लोगों से भी विचार-विमर्श किया गया। इसके अतिरिक्त वीवीआईपी मूवमेंट को देखते हुए हेलीपैड तैयार करने कहा गया है। सफाई की व्यवस्था को पहले बेहतर करने के निर्देश सीएमओं पलारी एवं जनपद सीईओ पलारी को दिए है इस अवसर पर मेले समिति से जुड़े सदस्य, स्थानीय जनप्रतिनिधि गण, जिला पंचायत सीईओ दिव्या अग्रवाल, एसडीएम सीमा ठाकुर, एसडीपीओ कौशिक, तहसीलदार कंवर, सहित तैयारी से जुड़े वरिष्ठ अधिकारी गण उपस्थित थे।

### तेलासीपुरी का ऐतिहासिक महत्व

जिला मुख्यालय बलौदाबाजार से लगभग 40 किलोमीटर दूर भैसा से आरंग मार्ग में ग्राम तेलासी स्थित है। जहां पर बाबा गुरू घासीदास की कर्मभूमि एवं सतनामी पंथ के संत अमर दास की तपोभूमि जिसे स्थानीय लोग तेलासी बाड़ा भी कहते हैं। सतनाम पंथ के लोगों के लिए यह एक महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल है। 1840 के लगभग तेलासी बाड़ा का निमार्ण गुरु घासीदास के द्वितीय पुत्र बालक दास द्वारा निर्माण किया गया और उनका तेलासी बाड़ा में जीवन यापन चलता रहा। गुरु बालक दास के मृत्यु के बाद 1911 में तेलासी के साथ 273 एकड़ जमीन गणेशमल के पास गिरवी के द्वारा काबिज किया गया था, जिसे समाज के सर्वोच्च गुरु असकरणदास एवं राजमहंत नैन दास कुर्रे के नेतृत्व 103 समाज के लोग जेल गए थे। इसी नेतृत्व में 27 अप्रैल 1986 को मध्यप्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री मोतीलाल वोरा द्वारा उक्त जमीन समाज को देने की निर्णय लिया गया। जो कि आज भी प्राचीन ऐतिहासिक धरोहर के रूप में स्थापित हैं।

## कुम्हारी कामकाज में नही रहा अब पहले जैसे रौनक, सास बहु को मिल जाती है महतारी वंदन योजना से अतिरिक्त आर्थिक मदद

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



बदलते समय के दौर एवं आधुनिकता के चकाचौंध में अब आमजन मिट्टी से बने बर्तनों एवं अन्य उपयोगी समान का उपयोग करना कम कर दिए है। जिससे मिट्टी के बर्तन बनाने वाला कुम्हार समाज के लोगों को आर्थिक चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे ही कुम्हार समाज से जुड़े बलौदाबाजार विकासखंड के ग्राम अर्जुनी में निवासरत प्रमिला चक्रधारी और उनकी बहू लीना चक्रधारी के लिए महतारी वंदन योजना किसी वरदान से कम नही है। प्रमिला के पति मालिक राम परंपरागत कुम्हारी का काम करते हैं। समय के अनुसार मिट्टी के बर्तन व अन्य सामान बनाते है। प्रमिला भी अपने पति के साथ मिलकर मिट्टी से जिंदगी संवारने का काम करती हैं। बर्तन बनाने का यह हुनर, उनके जीवन का आधार है। लेकिन कभी-कभी यह हुनर भी आर्थिक तंगी के सामने छोटा पड़ जाता है। उनके बेटे उमेश चक्रधारी रोजी- मजदूरी करके परिवार का सहारा बनते हैं,जबकि उनकी पत्नी लीना जो गृहणी हैं, घर के कामकाज में लगी रहती हैं। लीना और उमेश की शादी को अभी दो साल ही हुए है लेकिन यह छोटा सा परिवार पहले से ही चुनौतियों के बीच अपनी राह बना रहा है। लेकिन इन चुनौतियों से निजात दिलाने का काम महतारी वंदन योजना ने किया। इस योजना के तहत प्रमिला और लीना दोनों को अतिरिक्त आर्थिक सहायता मिल रही है। इस मदद ने उनके जीवन में नई उम्मीद की किरण लाई है। प्रमिला ने इस योजना से मिली राशि का उपयोग मिट्टी के बर्तन बनाने के लिए ज़रूरी समान खरीदने में करती है वहीं लीना ने इस राशि का उपयोग अपने घर को बेहतर ढंग से चलाने में करती है जिससे घर की छोटी-बड़ी ज़रूरतें पूरी हो सकीं। यह योजना अब सिर्फ आर्थिक सहायता नहीं बल्कि सास-बहू दोनों के जीवन में आत्मसम्मान और सशक्तिकरण का प्रतीक बन गई। प्रमिला कहती हैं, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की महिलाओं के हित में शुरू किया गया महतारी वंदन योजना ने हमें वह सहारा दिया है, जो हमें कभी नहीं मिला था। हम मेहनत तो करते थे, लेकिन आर्थिक मजबूरी ने हमें हमेशा बांधे रखा। अब हम अपनी मेहनत को और आगे बढ़ा सकते हैं। वहीं, लीना की आँखों में भी एक नई चमक है। वह कहती हैं, हमारा छोटा परिवार अब और मजबूती से खड़ा है। इस मदद ने हमें आत्मनिर्भर बनने की दिशा में एक कदम और आगे बढ़ाया है। दोनों सास-बहू मुख्यमंत्री का धन्यवाद करते हुए कहती हैं कि इस योजना ने उन्हें न केवल आर्थिक रूप से बल्कि पूरे सम्मान के साथ जीवन यापन करने के लिए सशक्त किया है। इनका परिवार अपने पैरों पर खड़ा होकर अपने भविष्य की नींव और भी मजबूत बना रहा है।

## माँ महामाया के दरबार मे जगमगा रही है आस्था के ज्योत, दर्शन के लिए उमड़ रही भक्तों की भीड़

पायनियर संवाददाता ➤ लवन
www.dailypioneer.com



शारदीय नवरात्रि का पावन पर्व 3 अक्टूबर से प्रारंभ है जिसके चलते पूरे कसडोल विधानसभा के समूचे क्षेत्र में शक्ति की भक्ति में भक्तगण लीन हो कर माँ जगत जननी की सेवा आराधना में लगे हुए हैं। आपको बताते चलें कि नवरात्र पर्व के विशेष समय होने के कारण ग्रामीण इलाकों में दुर्गा पंडालो में माँ जगत जननी दुर्गा प्रतिमाओं की स्थापना हुई है। वहीं अंचल के देवी मंदिरों में माँ के दरबार में भक्तों द्वारा मनोकामना ज्योति प्रज्वलित कराए गए हैं, जिससे माँ के दरबार में आस्था के ज्योत जगमगा रही है। लवन की सुप्रसिद्ध सिद्ध शक्तिपीठ माँ महामाया मंदिर में मनोकामना ज्योत तेल संख्या 4 हजार तो वहीं घी ज्योत की संख्या करीब 5 सौ है। इस संबंध में मन्दिराधिपति भावेश तिवारी ने पायनियर संवाददाता को बताया कि माँ महामाया के दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ दूर दराज से पहुंच रहा है। माँ महामाया सिद्ध शक्तिपीठ है, इसीलिए यहां मांगी गई मनोकामना पूर्ण होती है। भक्तों की भीड़ नवरात्रि के प्रारंभ दिन से ही उमड़ रही है। तिवारी ने आगे बताया कि यहां मनोकामना ज्योत कलश प्रज्वलित करवाने वाले श्रद्धालुओं में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के अलावा विदेश से भी श्रद्धालु शामिल हैं। तिवारी ने यह भी कहा कि यहाँ अष्ठमी तिथि को हवन प्रत्येक वर्ष होता है। दोनों नवरात्र चैत्र एवं शारदीय में मनोकामना ज्योत कलश की संख्या में बढ़ोतरी होते आ रहा है। तिवारी ने एक बात रोचक तरीके से बताया कि यहां जंवारा विसर्जन अष्ठमी तिथि को रात्रि12 बजे बगल के तालाब में होता है, जिसे पंडित एवं पुजारी के अलावा कोई नहीं देख सकता, देखने वालों को हानि होने का शंका बना रहता है। इस कारण कोई देखना मुनासिब नहीं समझता है। एक बात पंडित ने यह बात भी बताया कि पहले लवन का नाम लवणासुर नाम का राक्षस निवास करता था, जिसका माँ महामाया देवी ने वध किया था। उस दिन लवन का नाम लवणासुर राक्षस के नाम पर लवन पड़ा। मंदिर के बगल में तालाब जिसका नाम महामाई तालाब है जो भी उसमें स्नान करते हैं उसके सारे रोगों का नाश होता है। किवंदती के अनुसार माँ महामाया को संतान दात्री के रूप में सबसे ज्यादा माने जाते हैं, इसलिए लोग संतान प्राप्ति की मनोकामना लेकर आते हैं। यंहा माँ महामाया के अलावा भैरव बाबा की विधिवत पूजा अर्चना भी होती है। माँ के दरबार में 24 घण्टे जसगीत पार्टी द्वारा मनमोहक जसगीत गाकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध भी किये जा रहे हैं।

## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अंतर्गत मोहनमुंडा में कार्यक्रम आयोजित




पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अंतर्गत राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर 2 अक्टूबर से 10 अक्टूबर तक कार्यक्रम के तहत आज मोहनमुंडा में आयोजित कार्यक्रम मे महिला बाल विकास की सुपरवाइजर वर्षा अग्रवाल ने महिला बाल विकास सभापति जयंती पटेल की उपस्थिति में बालिकाओं को संबोधित करते हुए बताया कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का मूल उददेश्य लैंगिक भेदभाव महिला सशक्ति करण को बढ़ावा देना बालिकाओं के लिए शिक्षा का महत्व स्त्रीयो का परिवार समाज व राष्ट्र निर्माण महत्त्व पूर्ण योगदान है। कार्यक्रम में महिला बाल विकास सभापति जयंती पटेल मुख्य अथिति के रूप में एवं गांव के सरपंच कमल प्रसाद, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अनुसुइया प्रभावती और समस्त केदुवा सेक्टर के कार्यकर्ता एवं किशोरी बालिकाएं उपस्थित थी।

## बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस ने इनाम देने का झांसा देकर, ठगी करने वाले अंतराज्यीय ठग गिरोह का किया गया भंडाफोड़

### टूटे-फूटे गहने लेकर उसका प्रचार करने एवं इनाम देने के बहाने सोने चांदी के जेवरात लेकर फरार होने वाले गिरोह के 14 आरोपी गिरफ्तार



पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

चंद्र कुमार वर्मा द्वारा थाना लवन में रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि 01.10.2024 के दोपहर 12:30 बजे लगभग उसकी पत्नी घर में अकेली थी, तब दो अज्ञात महिला घर में आई एवं घर में अगर कोई चांदी, सोना का टूटा हुआ गहना हो तो उसे हम लोग उसका फोटो खींचकर हमारी कंपनी से प्रचार करवाएंगे और आपको गहना वापस कर कंपनी की तरफसे कुछ इनाम भी देंगे। ऐसा बोलने से मेरी पत्नी द्वारा सोना, चांदी के जेवरात तथा चांदी का सिक्का अज्ञात दोनों महिलाओं को दे दिया गया। यह सब सामान लेकर दोनों महिलाएं चली गई, लेकिन गहने वापस करने नहीं आई। बाद में पता चला कि गांव के ही एक अन्य घर में भी कुछ दिन पूर्व उक्त महिलाओं द्वारा इसी प्रकार से ठगी कर सोने चांदी के जेवर लेकर फरार हो गए थे। कि रिपोर्ट पर थाना लवन में अपराध क्र. 413/2024 धारा 318(4),3(5) बीएनएस पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में थाना लवन, साइबर सेल एवं सिटी सर्विलांस की पुलिस टीम द्वारा सतत् छानबीन एवं गहन जांच विवेचना करते हुए सूने घरों में जाकर महिलाओं से बात करते हुए उन्हें इनाम देने का लालच देकर सोने चांदी के जेवरों की ठगी करने वाले एक अंतराज्यीय गिरोह का पता लगाया। पुलिस टीम द्वारा तत्काल इस गिरोह के सदस्यों को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया, जिसमें आरोपियों द्वारा जिले में महिलाओं से ठगी कर सोने चांदी के जेवर ठगी करना स्वीकार किया गया। इस अंतराज्यीय गिरोह द्वारा थाना लवन क्षेत्र अंतर्गत कुल 06 सिलसिलेवार ठगी की घटनाओं को अंजाम दिया गया है। पुलिस को इस अंतराज्यीय ठगी करने वाले गिरोह के 08 महिला सदस्यों एवं 06 पुरुष सदस्यों कुल 14 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। आरोपियों से 2,00,000 कीमत मूल्य का सोने चांदी के जेवरात एवं नगदी रकम 10,000 बरामद करने में सफलता मिली है। सांथ ही आरोपियों से कुल 22 मोबाइल भी जप्त किया गया है। प्रकरण में सभी आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही

## चैन माउंटेन से नहीं होना चाहिए रेत खनन विधायक संदीप साहू ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



पायनियर संवाददाता ➤ लवन
www.dailypioneer.com

बलौदा बाजार जिला अंतर्गत कसडोल विधानसभा क्षेत्र के रेत माफियाओं द्वारा लगातार चैन माउंटेन की मदद से रेत खनन का कार्य जोरों से करते आ रहे हैं अभी 10 अक्टूबर से फिर से रेत खनन का कार्य प्रारंभ होने जा रहा वहीं चैन माउंटेन मशीन से रेत खनन पर प्रतिबंध लगाने की मांग को लेकर कसडोल विधायक संदीप साहू ने जिला कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर दीपक सोनी को ज्ञापन सौंपा। जिसमे उन्होंने कहा कसडोल विधानसभा क्षेत्र में शासन द्वारा निर्धारित मापदण्डों एवं शासन के गाईड लाईन के अनुसार रेत खदानों का आबटन किया गया है, किन्तु रेत ठेकेदारो द्वारा नियमों का खुला उलंघन करते हुए रात्रि में भी खनन कार्य बिना किसी डर भय के किया जा रहा है। साथ ही समय सीमा से अधिक एवं स्वीकृत सीमा से अधिक क्षेत्र में खनन किया जा रहा है। चूंकि शासन के नियमानुसार रेत खदानो पर खनन हेतु भारी मशीनरी चैन मशीन एवं बेकहोलोडर का प्रयोग पूर्णतः प्रतिबंधित है किन्तु ठेकेदारो के द्वारा मशीनरी का उपयोग बहुतायत किया जा रहा है। ठेकेदारों द्वारा बिना रायल्टी पीट पास के रेत का परिवहन कराया जा रहा है विदित हो कि शासन के नियमानुसार खनन कार्य में स्थानीय निवासियों को रोजगार प्रदान किया जाना एवं पर्यावरण संरक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाना उल्लेखित है। किन्तु ठेकेदारो द्वारा नियमों का उल्लंघन करते हुए एवं पर्यावरण संरक्षण के विरूद्ध रात्रि में मशीनरों का प्रयोग कर रेत उत्खनन किया जा रहा है, जिससे स्थानीयवासियों का रोजगार हनन के साथ साथ शासन को भारी आर्थिक क्षति का सामना करना पड रहा है। उक्त मामले में संज्ञान लेते हुए नियमित रूप से रायल्टी पीट पास जांच कराकर क्षेत्र वासियों के हित को देखते हुए तत्काल रेत उत्खनन में चैन माउंटेन मशीनों पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है वहीं ज्ञापन देने के दौरान कांग्रेस जिला अध्यक्ष हीतेंद्र ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य सुमित्रा धृतलहरे, जनपद सदस्य योगेश बंजारे कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष रोहित साहू मौजूद रहे।

## नवयुवक दुर्गा समिति प्रज्ञा चौक द्वारा स्थापित जगत जननी माँ दुर्गा के आरती में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी



पायनियर संवाददाता ➤ लवन
www.dailypioneer.com

लवन तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत तिल्दा में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी माँ जगत जननी दुर्गा को प्रज्ञा चौक मोहल्लेवासियों ने आपसी सहयोग एवं भाईचारे के साथ स्थापित किये गए हैं जहां दोनों समय आरती में मोहल्ले वासी बड़ी संख्या में उपस्थित होकर माँ के दर्शन लाभ प्राप्त कर रहे हैं इसके अलावा गॉव के दूसरे मोहल्ले से श्रद्धालुओं की भीड़ दुर्गा पण्डाल में देखने को मिल रहा है।रात्रि में आयोजन समिति के माध्यम से आकर्षक झांकी की प्रस्तुति भी दिये जा रहे हैं। जसगीत पार्टी भी दूसरे गॉव से पहुंच कर माँ की सेवा भक्ति गीत गाकर श्रोताओं को आनंदित करते आ रहे हैं। बाहर से आने वाले जसगीत पार्टियों के लिए निःशुल्क भोजन भंडारा आयोजन समिति के द्वारा किये गए हैं। आयोजन समिति से भागीरथी कैवर्त ने बताया कि विगत वर्ष की तरह इस वर्ष भी समस्त प्रज्ञा चौक तिल्दा के मोहल्लेवासियों के आपसी सहयोग एवं योगदान के चलते माँ की स्थापना करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। सभी मोहल्लेवासियों का यथासंभव आर्थिक सहयोग भी प्राप्त हुआ है।

# शासन के निर्देशों के तहत विभागों में अनुकम्पा नियुक्ति के लिए आवश्यक पहल करें अधिकारी: कलेक्टर

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com



कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने अधिकारियों की बैठक में समय-सीमा प्रकरणों की समीक्षा के साथ विभिन्न विभागीय गतिविधियों की भी समीक्षा की। उन्होंने विभागों से अनुकम्पा नियुक्ति की अद्यतन जानकारी लेते हुए कहा कि शासन के मार्गदर्शी निर्देशों के तहत अधिकारी विभागों में अनुकम्पा नियुक्ति हेतु आवश्यक पहल करना सुनिश्चित करें। नियुक्ति हेतु पद रिक्त नहीं होने की स्थिति में संभागायुक्त कार्यालय अथवा उच्च विभागीय कार्यालय को सूचित करें। कलेक्टर ने डिप्टी कलेक्टर लता उर्वशा को अनुकम्पा नियुक्ति के संबंध में सभी विभागों से विस्तृत जानकारी प्राप्त कर अवगत कराने के निर्देश दिये। कलेक्टर चौधरी ने अधिकारियों को अवगत कराया कि इंडियन रेडक्रास सोसायटी छत्तीसगढ़ राज्य द्वारा प्रथम राज्य स्तरीय जुनियर रेडक्रास मीट 2024 का आयोजन दुर्ग शहर के भारती विश्वविद्यालय परिसर पुलगांव में 18 से 22 अक्टूबर 2024 तक किया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा अधिकारियों को विभिन्न कार्यों हेतु नोडल अधिकारियों का दायित्व सौंपा गया है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि उक्त मीट के सफल आयोजन हेतु सभी नोडल अधिकारी सौंपे गये दायित्व का संपादन बेहतर ढंग से करना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने शासन के निर्देशों का हवाला देते हुए कहा कि विभागों में उपलब्ध 15 वर्ष से पुरानी शासकीय वाहनों को स्क्रैप किया जाना है। इसके लिये 15 वर्ष पुरानी शासकीय वाहनों का डाटा परिवहन विभाग के साफ्टवेयर 0.4 में उपलब्ध होना आवश्यक है। ऐसे सभी वाहनों का शासन स्तर से राइटफहोना है। उन्होंने अधिकारियों को 15 वर्ष से पुरानी वाहनों का नीलामी हेतु एम.एस.टी.सी. पंजीयन विभागीय स्तर से कराने के निर्देश दिये। कलेक्टर चौधरी ने सेवानिवृत्त अधिकारियों-कर्मचारियों का पेंशन प्रकरण के संबंध में कहा कि किसी भी विभाग में जिला कोषालय और संयुक्त संचालक कोष एवं लेखा स्तर पर प्रकरण लंबित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने पेंशन प्रकरण का निराकरण निर्धारित अवधि में करा लेने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने जिले में आयुष्मान कार्ड बनाने की अद्यतन प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए अधिकारियों को ग्रामवार एवं नगरीय निकायों वार कार्ययोजना बनाकर डोर-टू-डोर अभियान के माध्यम से आगामी माह तक छूटे हुए लोगों का आयुष्मान कार्ड का कार्य पूर्ण करने निर्देशित किया है। इसी प्रकार छूटे हुए राशन कार्डों का ई-केवायसी की प्रक्रिया भी पूर्ण करायी जाये। कलेक्टर ने कहा कि भारत सरकार की परियोजनाओं गेल, पावर ग्रिड टावर एवं भारत माला परियोजना के कार्य समय पर पूर्ण हो। उन्होंने इस हेतु संबंधित एसडीएम को आवश्यक पहल करने के निर्देश दिये। ताकि राष्ट्रीय परियोजनाओं का कार्य प्रभावित न हो। उन्होंने पावर ग्रिड के अधिकारी को किसानों से समन्वय बनाकर मुआवजा भुगतान राशि समय पर वितरित कराने के निर्देश दिये। कलेक्टर चौधरी ने स्वास्थ्य अधिकारियों से जिले में डेंगू, मलेरिया, स्वाईन फ्लू एवं अन्य मौसमी बीमारियों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने उक्त बीमारियों की रोकथाम हेतु स्वास्थ्य अमले को मुस्तैद रहने तथा अधिकारियों को नगरीय निकायों एवं पंचायत क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान को निरंतर जारी रखने निर्देशित किया। कलेक्टर ने समय-सीमा के लंबित प्रकरणों की निराकरण के संबंध में विभागवार जानकारी ली और प्रकरणों के निराकरण पर संतोष व्यक्त करते हुए निराकृत प्रकरणों को डिलीट करने फाइल प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। उन्होंने मुख्यमंत्री अन्य पत्र, मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जनचौपाल, पी.जी.एन., सार्थ ई-पोर्टल और पी.जी. पोर्टल के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने आगामी टी.एल. तक मुख्यमंत्री जनदर्शन के लंबित प्रकरण शत-प्रतिशत् निराकृत करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि ओ.डी.एफ प्लस जिला बनाने के बाद अब दुर्ग जिले को वाटर प्लस जिला भी बनाना है।

# गरबा का ऐसा हुजूम की हर तरफ सिर्फ माता के भक्त, देर रात तक होती रही माता की आराधना





पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

शहर में पहली बार दो दिवसीय गरबे का आयोजन पदमनाभपुर के मिनी स्टेडियम ग्राउंड में रखा गया है, जहां पहले दिन ही हजारों की संख्या में माता के श्रद्धालुओं ने आकर गरबा किया। दुर्गा नव निर्माण समिति द्वारा महापौर धीरज बाकलीवाल के संरक्षण में दो दिवसीय गरबा का भव्य आयोजन किया जा रहा है इसके इस गर्भ में दुर्ग शहर के सभी माता के साथ शामिल हुए और गरबा का आनंद लिया। सर्वप्रथम माता की आरती के साथ गरबा उत्सव का आयोजन चालू किया गया जहां हजारों की संख्या पर लोग माता की भक्ति में डूबे हुए थे।शाम को शुरू हुआ इस कार्यक्रम में बच्चों से लेकर नौजवान युवक युवतियां मने भरपूर गरबा का आनंद लिया. हर कोई गरबा की मस्ती में मस्त नजर आया। रॉक बैंड जबलपुर एवं आकर्षक लाइटें आकर्षण का विषय था। रास गरबा उत्सव की भव्यता की तारीफ आम शहरवासियों ने भी की, सबका यही कहना था कि दुर्ग शहर में पहली बार इतना भव्य गरबा का आयोजन हुआ है, जिसके लिए सबने दुर्ग के महापौर धीरज बाकलीवाल एवं दुर्ग नवनिर्माण समिति का आभार व्यक्त किया। बता दें कि इस कार्यक्रम में दुर्ग पुलिस के आईजी रामगोपाल, गर्ग, एसपी जितेंद्र शुक्ला, डिप्टी कलेक्टर भार्गव, एवं आयुक्त लोकेश चंद्राकर अपने परिवार सहित गरबा का आनंद उठाने मिनी स्टेडियम पहुंचे थे। बाद में शानदार बैंड और माता की भक्ति भरी गीत सुनकर अधिकारी भी खुद को गरबा करने से रोक पाए वह भी गरबा करते हुए नजर आए। प्रथम दिवस जहा सुप्रसिद्ध छत्तीसगढ़ एक्ट्रेस आस्था शर्मा कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने पहुंची थी, वही दूसरे दिन सुप्रसिद्ध छत्तीसगढी एक्ट्रेस काजल श्रीवास का आगमन गरबा उत्सव में हो रहा है। यह कार्यक्रम 9 अक्टूबर को भी रहेगा. समिति के संरक्षक महापौर धीरज बाकलीवाल ने शहरवासियों से अपील की है गरबा के दूसरे दिन भी अधिक से अधिक संख्या में आए और माता रानी के गीतों एवं गरबा का आनंद ले।

# सीवरेज सफाई व्यवस्था सुदृढ़ करने हेतु निगम खरीदेगा जेटिंग मशीन

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई
www.dailypioneer.com



महापौर परिषद की बैठक महापौर नीरज पाल की अनुपस्थिति में वरिष्ठ एमआईसी सदस्य लक्ष्मीपति राजू के अध्यक्षता में आहुत की गई। परिषद के समक्ष 06 प्रस्ताव विचारार्थ रखे गये। जिसमें प्रमुख रूप से निगम क्षेत्र में मटेरियल रिकवरी सेंटर निर्माण का कार्य किया जायेगा। जो ब्लाक वेस्ट जनरेटर यानि बल्क में जो कचरा एकत्रित होगा, उसको मशीन के माध्यम से सेग्रीगेट किया जाएगा। सेग्रीगेशन के पश्चात आवश्यकतानुसार कचरे का रिसाईकिलिंग खाद बनाने का कार्य एवं अन्य कार्य आसानी से किये जा सकेगें। निगम क्षेत्र में सिवरेज सफाई के लिए ट्रक माउंटेड सक्शन कम जेटिंग मशीन लागत राशि 104.70 लाख शासन द्वारा निर्धारित क्रय पद्धिति के अनुसार क्रय किये जायेगे। जिससे सीवरेज की सफाई में और गति आ जायेगा। एस.एल.आर.एम. सेंटर में कचरों के पृथकीकरण तथा गीले कचरें से खाद तैयार किये जाने के संबंध में निगम क्षेत्र में स्थित 09 एस.एल.आर.एम. सेंटर में पंजीकृत महिला स्व-सहायता समूह के स्वच्छता दीदियो के माध्यम से कराये जाने हेतु प्रस्ताव पारित किया गया। वार्ड 04 नेहरू नगर मिनी माता उद्यान के पास सामुदायिक भवन का स्थल परिवर्तन कर व्यावसायिक परिसर नेहरू नगर के पास सामुदायिक भवन निर्माण के संबंध में आए प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई। जोन-03 सीवर लाईन चेंबर निर्माण कार्य एवं सीवर, संपवेल, सीवेज पंपींग मुख्य लाईन तथा ट्रांसफार्मर, पम्प इत्यादि निर्माण कार्य हेतु आए प्रस्ताव को निगोशियेशन आमंत्रित करने की अनुशंसा की गई। महापौर परिषद की बैठक में संदीप निरंकारी, सीजू एन्थोनी, साकेत चंद्राकर, एकांश बंछोर, आदित्य सिंह, केशव चैबे, चन्द्रशेखर गवई, मालती ठाकुर, लालचंद वर्मा, अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, निगम सचिव नरेन्द्र कुमार बंजारे, जोन आयुक्त सतीश यादव, अभियंता अखिलेश चंद्राकर, अरविंद शर्मा, रवि सिन्हा, विनिता वर्मा, अर्पित बंजारे, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली।

# संस्कृत बोधन वर्ग उद्घाटन समारोह में डॉ. शर्मा मुख्य अतिथि के तौर पर हुए शामिल

## विश्व में भारत की प्रतिष्ठा संस्कृत के कारण: आचार्य महेश चंद्र

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com



जब तक देववाणी संस्कृत का पठन-पाठन और आदर इस देश में है, विश्व में भारत प्रतिष्ठित है। हमें संगठित होकर सरल संस्कृत को अपने वार्तालाप और व्यवहार में लाना है। कलियुग में संगठन में ही शक्ति होती है। भारत वर्ष सरस्वती का मंदिर है और संस्कृत अमृत जैसी मधुर और कोमल वाणी है। हमारी संस्कृति का मूल और पूरे ज्ञान -विज्ञान का आधार संस्कृत है।÷ ये विचार हैं आचार्य डॉ. महेश चन्द्र शर्मा के। वे विगत दिनों संस्कृत भारती दुर्ग मण्डल द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर कसारीडीह दुर्ग में आयोजित द्वि- दिवसीय भाषा बोधन वर्ग के उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि की आसन्दी से बोल रहे थे। वाग्देवी सरस्वती की पूजा-अर्चना से कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। संस्कृत भारती के प्रांतीय संगठन मंत्री हेमन्त साहू ने आचार्य शर्मा का परिचय दिया। उनके देश - विदेश के सफल सांस्कृतिक भ्रमणों और अनेक प्रकाशित और लोकप्रिय पुस्तकों की भी जानकारी दी। डॉ. शर्मा ने इसके बाद हेमन्त साहू और प्रो.महेश कुमार अलेन्द्र को" गागर में सागर" एवं प्रो.जनेन्द्र कुमार दीवान और संस्कृत भारती के प्रांतीय साहित्य प्रमुख प्रो.प्रवीण झाड़ी को "साहित्य और समाज" पुस्तकें भेंट कीं। संस्कृत भारती की प्रान्तीय बालकेन्द्र प्रमुख डॉ.दिव्या देशपाण्डेय को दौंनों पुस्तकें विगत वर्ष भेंट की गयीं। डॉ. देशपाण्डेय ने भी सरल संस्कृत संवाद शैली पर रोचक प्रकाश डाला। कार्यक्रम के शुरू में प्रो. महेश कुमार अलेन्द्र आदि न आचार्य डॉ. महेशचन्द्र शर्मा का भावभीना स्वागत-सम्मान किया। सफल संचालन प्रो.जनेन्द्र कुमार तथा आभार ज्ञापन हरित वर्मा ने किया। मौके पर डालेश्वरी साहू एवं रीता दास सहित बड़ी संख्या में संस्कृत प्रेमी जन उपस्थित थे।

# 0 से 5 वर्ष के बच्चो का बनाया जा रहा आधार कार्ड



पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय में 0 से 5 वर्ष के बच्चो के लिए आधार कार्ड बनाने का कार्य कार्यालयीन अवधि में किया जा रहा है। आधार कार्ड की आवश्यकता सभी को पड़ती है। नागरिको की सुविधा के लिए यह व्यवस्था मुख्य कार्यालय में की गई है। बच्चो का आधार कार्ड बनवाने के लिए आवश्यक दस्तावेज- बच्चो का जन्म प्रमाण पत्र, माता-पिता का आधार कार्ड, माता या पिता कोई एक व्यक्ति बच्चे को लाकर आधार कार्ड बनवा सकते है। शासन द्वारा निर्धारित शुल्क 50 रूपया है। विधायक रिकेश सेन, महापौर नीरज पाल ने सभी अभिभावको से अपील की है कि अब आपको अपने 0 से 5 वर्ष के बच्चो के आधर कार्ड के लिए इधर-उधर जाने की आवश्यकता नही है। माता पिता में से कोई भी व्यक्ति आवश्यक दस्तावेज लेकर निगम मुख्य कार्यालय के जनगणना विभाग के सामने स्थित काउन्टर पर आकर बनवा सकते है। अपने भी सुविधा का लाभ ले एवं दुसरे अभिभावको को भी बतावें।

# हरियाणा में भाजपा की जीत पर भाजपाइयों ने मनाया जश्न





पायनियर संवाददाता ◄ उतई
www.dailypioneer.com

हरियाणा में भाजपा की जीत का जश्न उतई भाजपा मंडल ने धूमधाम से मनाया गया। उतई नगर पंचायत के बाज़ार चौक पर भाजपाइयों ने आतिशबाजी की और मिठाइयां बांटीं। कार्यकर्ताओं ने कहा कि भाजपा के प्रति जनता का विश्वास बढ़ा है।पार्टी की जीत से उत्साहित कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए उतई चौक पर एकत्रित हुए और आतिशबाजी कर मिष्ठान वितरण किया। भाजपा मंडल अध्यक्ष फत्तेलाल वर्मा ने कहा कि हरियाणा की जीत से पता चलता है कि भाजपा के प्रति जनता का विश्वास बढ़ रहा है। सुबह से ही कार्यकर्ता चुनाव परिणामों पर नजर रखे हुए थे और जैसे-जैसे भाजपा को बढ़त मिलने लगी कार्यकर्ताओं का जोश बढ़ने लगा और पार्टी के जीत से उनके चेहरे खिल उठे और जमकर जीत की खुशी मनाई। इस मौके पर मंडल महामंत्री सोनू राजपूत, जिला मंत्री रोहित साहू, भाजयुमों अध्यक्ष प्रवीण यदु, लक्ष्मीनारायण साहू, हुबलाल चंद्राकर, फलेंद्र सिंह राजपूत,करण सेन,शुभम वर्मा, भूपेंद्र साहू, योगेश साहू, घनश्याम चंद्राकर, रूपेश पारख, डिपेश साहू।

# बाढ़ आपदा से बचाव हेतु एनडीआरएफ ने किया शिवनाथ नदी में मॉकड्रिल

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com






कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में बाढ़ आपदा से बचाव की आवश्यक तैयारियों का जायजा लेने के लिए शिवनाथ नदी में आज मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ़) एवं राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ़) द्वारा जिला स्तर पर उपलब्ध समस्त बाढ़ बचाव सामग्रियों का मॉकड्रिल किया गया। मॉकड्रिल में अतिवृष्टि के दौरान शिवनाथ नदी में ग्रामीण जन लकड़ी या छोटे-छोटे बोट के माध्यम से नदी पार करते समय बोट पल्टी हो जाने एवं गांव में पानी भर जाने की स्थिति में किस प्रकार से जिले में उपलब्ध मोटर बोट, स्क्यूबा डायविंग, अंडरवाटर कैमरा, लाइफ जैकेट, लाइफ बॉय आस्का लाइट, पेलिकन लाइट, सर्च लाइट विभिन्न प्रकार के वस्तुओं का प्रयोग कर बाढ़ बचाव कार्य का लाइव डेमो (मॉकड्रिल) का आयोजन किया गया। मॉकड्रिल के दौरान, एनडी आरएफ़ एवं एसडीआरएफ की टीम ने कई महत्वपूर्ण बचाव अभियानों का अभ्यास किया। इनमें नदी में डूबने वाले व्यक्तियों का बचाव, तेज बहाव में फंसे लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाना और बाढ़ के दौरान क्षतिग्रस्त इमारतों में फंसे लोगों को निकालना शामिल था। इसके अलावा सर्पदंश की स्थिति में किस प्रकार सावधानी रखनी है तथा क्या उपाय करना है इसकी भी जानकारी दी गई। इस अभ्यास में आधुनिक बचाव उपकरणों और तकनीकों का भी प्रदर्शन किया गया, जिससे टीम को वास्तविक आपदा के समय इन उपकरणों का सही और प्रभावी उपयोग करने का अनुभव प्राप्त हो सके। मॉकड्रिल के दौरान स्थानीय प्रशासन और नागरिकों को भी शामिल किया गया, ताकि उन्हें आपदा के समय सही कदम उठाने और एनडीआरएफ़ की सहायता करने की जानकारी मिल सके। जिले में शिवनाथ नदी के आस-पास के बहुत से गांव प्रभावित होते है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों को घरों में उपलब्ध होने वाले सामग्रियों जैसे टीपा, भगोना, ड्रम, मटका, ट्यूब इत्यादि सामग्रियों का राप्ट बनाना एवं पीने वाले 1 लीटर वाटर बॉटल को ऐयर टाईट कर लाईफ जैकेट बनाकर डूबते हुये व्यक्ति को बचाया जा सकता है का डेमो टीम के जवानों और जिले के बाढ़ बचाव दल के जवानों द्वारा दिखाया गया। इस अवसर पर एडीएम अरविंद एक्का, आयुक्त नगर निगम दुर्ग लोकेश चन्द्राकर, एसडीएम दुर्ग हरवंश मिरी, संयुक्त कलेक्टर मुकेश रावटे, डिप्टी कलेक्टर उत्तम ध्रुव, एसडीएम भिलाई-3 महेश राजपूत, एसडीएम भिलाई लवकेश ध्रुव, संयुक्त कलेक्टर मती लता उर्वशा, समाज कल्याण विभाग के उप संचालक अमित परिहार, पुलिस, स्वास्थ्य, एनडीआरएफ कटक (उड़ीसा) के एवं एसडीआरएफ के अधिकारीगण, संबंधित विभागों के अधिकारीगण, नगर सेना दल एवं ग्रामीणजन उपस्थिति थे।

# हाई मास्क लाइट से जगमगाया दुर्गा पंडाल विधायक पहुंचे इंटरनेशनल कॉलोनी

पायनियर संवाददाता ◄ रिसाली
www.dailypioneer.com



हाई मास्क लाइट से तालपुरी बी ब्लॉक का दुर्गा पंडाल जगमगा गया। क्लब हाऊस परिसर में बने गार्डन में हाइ मास्क को स्टाल किया गया है। केबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने बटन दबाकर हाई मास्क लाइट का उद्घाटन किया। दुर्ग ग्रामीण विधायक ने कहा कि नवरात्र का पावन पर्व चल रहा है। पूरा देश माता की अराधना कर रहे है। यह 9 दिन अराधना के साथ-साथ उत्सव का है। हम सब एक दूसरे के लिए मंगल कामना करते है। हम सब पर माता की कृपा बने रहे। विधायक ने कहा कि पार्षद के प्रयास से यहां पर हाई मास्क लाइट लगा है। शारदीय नवरात्र में परिसर जगमगा उठा है। ऐसा ही प्रकाश हम सब के जीवन में बना रहे। उन्होंने कहा कि समय के साथ और प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए विकास कार्य संपूर्ण क्षेत्र में होगा। इस अवसर पर पार्षद सविता ढवस, मण्डल अध्यक्ष शैलेन्द्र शेण्डे, महामंत्री राजू जंघेल समेत बड़ी संख्या में तालपुरी के नागरिक उपस्थित थे। नागरिकों ने किया सम्मान- छत्तीसगढ़ ग्रामीण क्षेत्र एवं पिछड़ा वर्ग विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष बनाए जाने पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर का सम्मान किया गया। पार्षद सविता ढवस व नागरिकों ने शॉल, श्रीफल देकर सम्मान किया। इसके पहले दुर्ग ग्रामीण विधायक माता की आरती में शामिल हुए।

## नल कनेक्शन काटने की कार्रवाई से मचा हड़कंप, टैक्स बकायेदारों के खिलाफ निगम ने लिया सख्त कदम

# 46 हजार बकाया जलकर टैक्स देने से किया इंकार, निगम ने काटे दो नल कनेक्शन

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com







नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत राजस्व विभाग द्वारा आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश पर करदाताओं के घर घर जाकर युद्ध स्तर पर कार्रवाही शुरू किया गया है।नल कनेक्शन काटने नगर निगम का सख्त एक्शन तीन दिनो से लगातार नगर निगम के राजस्व विभाग ने लगभग 10 से अधिक नल कनेक्शन कांटे गए. निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर द्वारा बार-बार टैक्स जमा करने अपील करने के बाद भी टैक्स नहीं देने वाले पर निगम ने कार्रवाई शुरू कर दी है। बता दे कि सहायक राजस्व अधिकारी शुभम गोइर द्वारा निरीक्षण कार्रवाही करने जलकार्य निरीक्षक, सहायक राजस्व निरीक्षक लवकुश शर्मा के साथ कार्रवाही करने पहुँचे। नगर निगम द्वारा नल कनेक्शन काटने अभियान तेज कर दिया है। कार्रवाही के दौरान अमले के साथ जलकर वसूली को लेकर करदाताओं से जल कर टैक्स देने की बात कही जा रही है. 46 हजार बकाया जलकर टैक्स देने से इंकार करने पर नगर निगम ने तुरंत कार्रवाही कर दो नल कनेक्शन कांटे।आयुक्त लोकेश चन्द्राकर द्वारा सभी उप राजस्व निरीक्षक सहायक राजस्व निरीक्षको द्वारा डोर टू डोर वसूली अभियान में डयूटी लगाई है। युद्ध स्तर पर सभी सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक टैक्स वाली कार्य मे मेहनत कर निगम राजस्व की टीम बकायादारों के घर-घर दस्तक दे रही है। निगम को लंबे समय से बकाया संपत्ति व जलकर नहीं पटाने वाले करदाताओं से टैक्स वसूली के लिए अभियान चलाया जा रहा है। निगम अमला सभी बकायादारों के घर पहुँच रहे है। इस दौरान बकाया जलकर नहीं पटाने वाले कुछ करदाताओं के घर का नल कनेक्शन भी काटा गया। राजस्व अधिकारी दुर्गेश गुप्ता ने बताया कि दुर्ग निगम के 60 वार्डों में लंबे समय से बकाया संपत्ति व जलकर का भुगतान नहीं करने वाले सात हजार से अधिक करदाताओं को चिह्नित किया गया है।

इन करदाताओं को बकाया टैक्स वसूली के लिए सभी को नोटिस तामिल कराया जा चुका है। ऐसे में निगम का राजस्व अमला टैक्स वसूलने इन बकायादारों के घर पहुंच रहा है।सहायक राजस्व अधिकारी शुभम गोईर ने बताया कि कई बकादारों ने सालों से जलकर टैक्स का भुगतान नहीं किया है।इसलिए जलकर भुगतान नहीं करने वालो पहले टैक्स देने की नोटिस के साथ अपील किया जाता है करदाताओं द्वारा टैक्स देने से इनकार किये जाने पर तुरंत नल कनेक्शन काटने की कार्रवाही किया जा रहा है।

**Public Works Department**
**Sector-19, North Block, Naya Raipur (C.G.)**

**E-Procurement Tender Notice**
E-mail: tenders-pwd.cg@gov.in

NIT No.124/TC/EinC/PWD/2024-25 Dated- 01.10.2024

**The Engineer-in-Chief, Public Works Department** on behalf of **Governor of Chhattisgarh** invites **percentage rate bids** on electronic tendering system under **RCPLWE RRP-III** in the district of **Kanker & Narayanpur** for construction of **02 Bridges** with estimated cost amounting **Rs 654.06 Lacs** including their maintenance for five years from the contractors registered with unified registration system (e-registration) in Chhattisgarh. Non registered bidders may submit bid; however the successful bidder must get registered in appropriate class under "Unified Registration System (e-Registration) of Chhattisgarh before signing the agreement.

The bid document shall be available to bidders online free of cost and should be submitted online e-procurement system of government of Chhattisgarh in https://eproc.cgstate.gov.in. Bids form will be available on the website from 01.10.2024 and may be submitted up to 17:00 Hrs. on 14.10.2024

For participating in bidding process, bidders are required to register in the above web-site with nominal fee of Rs.500/- to be paid onine to service provider. For submission of the bids, the bidder is required to have a valid Digital Signature Certificate (DSC) from authorized certifying authorities.

The bidders are required to submit (a) original bid security in approved form and (b) original affidavit duly verified and notarized as per clause 4.4 B (a) (ii) and 4.4 B (c) to **Chief Engineer, Tender Cell, First Floor, NirmanBhawan, PWD, North Block, Sector-19, Naya Raipur Atal Nagar (C.G.) 492-002** as per provisions of bid document through **Speed/Registered post,** failing which the bids shall be declared non-responsive.

Detailed schedule of important dates may be seen on notice board of offices and also available on website of Public Works Department http://pwd.cg.nic.in

**Chief Engineer**
**(Central Tender Cell)**
**Office of Engineer-In-Chief P.W.D.**
**Nava Raipur Atal Nagar (C.G.)**

**G-242503079/6**

## संपादकीय

# मुइज्जू की भारत यात्रा भारत-मालदीव संबंध

**मालदीव के राष्ट्रपति** मुहम्मद मुइज्जू ने भारत यात्रा में आश्वासन दिया है कि मालदीव कभी भारत के सुरक्षा हितों को नुकसान नहीं पहुंचाएगा। मालदीवी राष्ट्रपति मुहम्मद मुइज्जू की भारत की पहली राजकीय यात्रा दोनों पड़ोसी देशों के बीच विकसित होते राजनयिक संबंधों में मील का महत्वपूर्ण पत्थर हैं। राष्ट्रपति मुइज्जू की यात्रा न केवल ऐतिहासिक रूप से मजबूत भारत-मालदीव संबंधों की निरंतरता है, बल्कि यह क्षेत्रीय स्थायित्व तथा सहयोग के प्रति पुनर्जीवित प्रतिबद्धता का संकेत भी है। वर्तमान समय में चीन ने मालदीव में अपना 'प्रभुत्व' बढ़ाया है जो भारत के लिए चिन्ता का विषय है। भारत के निकट चीन की उपस्थिति स्पष्ट सुरक्षा खतरा है। लेकिन अब चीजें बेहतर लग रही हैं। राष्ट्रपति मुइज्जू ने जोर दिया है कि मालदीव जहां 'मालदीव पहले' की नीति पर चल रहा हे, वहीं वह यह सुनिश्चित करने को भी प्रतिबद्ध है कि उसके कार्यो से भारत के सुरक्षा हितों पर कभी प्रभाव न पड़े। हिंद महासागर में मालदीव की रणनीतिक स्थिति है जिससे उसके द्वारा लिए जाने वाले विदेश नीति निर्णय भारत की सुरक्षा तथा क्षेत्रीय महत्वाकांक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण हैं। भारत ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में स्थायित्व बनाए रखने के लिए मालदीव को लंबे समय से अपने सहयोगी की तरह देखा है। मालदीव में सत्ता परिवर्तन के बाद मुहम्मद मुइज्जू की यह भारत यात्रा मजबूत



द्विपक्षीय संबंधों को रेखांकित करती है। यह खासकर क्षेत्र में चीन के बढ़ते प्रभाव को लेकर उठ रही चिन्ताओं को देखते हुए महत्वपूर्ण है।

मालदीवी राष्ट्रपति मुहम्मद मुइज्जू ने पुन: पुष्टि की है कि उनके संबंधों में भारतीय सुरक्षा हितों से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। यह स्थिति भारत के लिए बहुत अच्छी है। उनका यह बयान ऐसे समय आया है जब खासकर रक्षा और व्यापार में मालदीव के चीन से संबंधों के विस्तार पर चिन्ता पैदा हो गई थी। राष्ट्रपति मुइज्जू ने इन आशंकाओं को दूर करने का प्रयास करते हुए कहा है कि भारत के साथ उनके संबंध 'परस्पर सम्मान और साझा हितों' पर आधारित हैं और वे प्राथमिकता बने रहेंगे। भारत-मालदीव संबंधों का एक प्रमुख तत्व हमेशा रक्षा सहयोग रहा है। पहले राष्ट्रपति मुइज्जू द्वारा भारतीय सैनिकों को निकालने के निर्णय को इस स्पष्ट संकेत के रूप में देखा जा रहा था कि मालदीव चीन की सलाह पर काम कर रहा है। हालांकि, अपनी ओर से उन्होंने कहा कि यह संवेदनशील कदम मालदीवी जनता की इच्छा से उठाया गया था और इसका लक्ष्य मालदीव की संप्रभुता सुनिश्चित करना था। लेकिन यह एक प्रकार की राजनय है। ऐतिहासिक रूप से रक्षा और आर्थिक सहयोग लंबे समय से भारत-मालदीव संबंधों में महत्वपूर्ण रहे हैं। लेकिन पिछले साल नवंबर में मुइज्जू के सत्ता में आने के बाद स्थितियां बदलीं। राष्ट्रपति मुइज्जू ने प्रमुख भारतीय पहलों की प्रगति पर संतोष जताया है जिसमें 'ग्रेटर माले कनेक्टिविटी प्रोजेक्ट' शामिल है। इसे देश की ढांचागत संरचना और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है। भारत ने विकास परियोजनाओं के सहज संचालन के लिए अनेक कर्ज सुविधाओं का पुनर्गठन भी किया है। राष्ट्रपति मुइज्जू ने इसे सकारात्मक कदम माना है। इस यात्रा से दोनों देशों के बीच आर्थिक संबंध और मजबूत होने की उम्मीद है क्योंकि व्यापार, पर्यटन एवं निवेश बढ़ाने पर चर्चा जारी है। मालदीव के दृष्टिकोण में परिवर्तन संभवत: चीन से अत्यधिक जुड़ाव के खतरे से आया है जिसका श्रीलंका समेत अनेक देशों को भारी खामियाजा भुगतना पड़ा है क्योंकि वे चीनी निवेश तथा अनुदानों पर पूर्णत: निर्भर हो गए थे।

# ब्रिक्स के समक्ष उभरती चुनौतियां

भू-राजनीतिक तनावों तथा नई सुरक्षा चुनौतियों के उभार को देखते हुए कजान में आयोजित होने वाला 16वां ब्रिक्स शिखर सम्मेलन महत्वपूर्ण परिवर्तनकारी मोड़ पर है।

सुधीर हिंदवान
(लेखक, रणनीति विशेषज्ञ हैं)






**भू-राजनीतिक** तनाव तथा नई सुरक्षा चुनौतियों के उभार को देखते हुए कजान में आयोजित होने वाला 16वां ब्रिक्स शिखर सम्मेलन महत्वपूर्ण परिवर्तनकारी मोड़ पर है। सोलहवां ब्रिक्स शिखर सम्मेलन 22-24 अक्टूबर को कजान में प्रस्तावित है। रूस की अध्यक्षता में आयोजित यह सम्मेलन महत्वपूर्ण ऐतिहासिक मोड़ पर हो रहा है। इस शिखर सम्मेलन में दुनिया भर में बढ़ रहे क्षेत्रीय टकरावों के कारण बढ़ते भू-राजनीतिक तनावों पर गंभीर विचार-विमर्श होने की आशा है। इसके साथ ही विकसित होते समाजों में प्रभावी प्रशासन की आवश्यकता तथा पर्यावरण क्षरण के कारण दुनिया के समक्ष पैदा हो रही गंभीर चुनौतियों पर भी विचार-विमर्श होगा। इन बहुआयामी खतरों की गंभीरता बढ़ती जा रही है।

इससे ब्रिक्स देशों-ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका को अपने सुरक्षा और आर्थिक ढांचों में विविधता लाने तथा उनके आधुनिकीकरण की आवश्यकता उजागर होती है। ब्रिक्स में मूल संस्थापक देशों-ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका के साथ अब कुछ नए सदस्यों को स्थान मिला है जिनमें मिस्र, ईरान, संयुक्त अरब अमीरात-यूएई, सऊदी अरब और इथियोपिया शामिल हैं। इस प्रकार ब्रिक्स का काफी विस्तार हुआ है और यह दुनिया के समक्ष उभरती चुनौतियों का सामना करने के लिए बेहतर रूप से तैयार हो रहा है। हाल ही में सेंट पीटर्सबर्ग में ब्रिक्स राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों-एनएसए का सम्मेलन आयोजित हुआ था। इसमें इन चुनौतियों को तत्काल संबोधित करने की आवश्यकता उजागर हुई थी। इस सम्मेलन में भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार-एनएसए अजीत डोवाल ने आधुनिक सुरक्षा सरोकारों व खासकर अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद के विकास को देखते हुए सूचना एवं संचार तकनीक-आईसीटी की महत्वपूर्ण भूमिका रेखांकित की थी।

उम्मीद है कि सूचना एवं संचार तकनीक-आईसीटी पर ब्रिक्स के कजान शिखर सम्मेलन में गंभीर चर्चा होगी। ब्रिक्स देश इस परिष्कृत तकनीक का प्रयोग सुरक्षा जोखिमों को घटाने तथा ज्यादा प्रभावी क्षेत्रीय एवं वैश्विक सहयोग सुनिश्चित करने के लिए करना चाहते हैं। रूस ने स्पष्ट किया है कि वह शिखर सम्मेलन में साझेदारी के लिए पांच प्रमुख क्षेत्रों को प्राथमिकता देगा। इनमें राजनीति, सुरक्षा, अर्थव्यवस्था, वित्त तथा सांस्कृतिक व मानवीय संबंध शामिल हैं। ब्रिक्स देशों के समक्ष उभरती चुनौतियों को देखते हुए इन विषयों पर व्यापक चर्चा समय की आवश्यकता है। ब्रिक्स के संस्थापक सदस्यों के साथ ही संगठन में पांच नए सदस्यों को शामिल करने से समूह का रणनीतिक महत्व बढ़ा है। ब्रिक्स के सभी सदस्य देशों के बीच सहयोग अचानक और अभूतपूर्व रूप से उभर रहे खतरों को संबोधित करने के लिए महत्वपूर्ण है। उल्लेखनीय है कि ऐसे खतरे राज्यों के साथ ही 'गैर-राज्य कारकों' की ओर से उभर रहे हैं। इन खतरों से उभरने की रणनीतियों में 'जियोस्पेटियल डेटा' का तत्काल साझा करना शामिल है क्योंकि इससे सीमा सुरक्षा में सुधार करने तथा अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद से मुकाबला करने में सहायता मिलेगी जो अनेक राष्ट्रों तक फैल रहा है और जिसके लिए राष्ट्रीय सीमाओं का कोई महत्व नहीं है। कजान शिखर सम्मेलन में अनेक क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर विचार होने की उम्मीद है जिनमें आर्थिक विकास, सार्वजनिक स्वास्थ्य, सीमा सुरक्षा तथा जियोस्पेटियल सूचनाओं का साझा शामिल हैं। कजान सम्मेलन में इन चर्चाओं के परिणामस्वरूप ढांचागत विकास, द्विपक्षीय व्यापार में बढ़ोत्तरी तथा खोजी तकनीकी समाधानों के बारे में नई पहलें सामने आ सकती हैं। इन परिवर्तनकारी घटनाओं और समझौतों से भारत और ब्रिक्स देशों व खासकर रूस के साथ संबंध और मजबूत होने की पूरी आशा है। इससे रक्षा सहयोग के नए क्षेत्र खुल सकते हैं। ब्रिक्स देशों में बढ़ती सुरक्षा चुनौतियों को देखते हुए शिखर सम्मेलन के समक्ष इन मामलों पर अंतरराष्ट्रीय समन्वय मजबूत करने का अवसर उपलब्ध होगा। इनमें खासकर सीमा संबंधी विवाद तथा आतंकवाद की समस्यायें मुख्य हैं। ब्रिक्स की भावी रणनीतियों में उपग्रह डेटा का साझा, सैनिक खुफिया क्षेत्र में सहयोग तथा लाजिस्टिक सहयोग शामिल हैं। इनके माध्यम से भविष्य में ब्रिक्स की रणनीतियां सुसंगत रूप से विकसित की जा सकती हैं।

ब्रिक्स सम्मेलन में चर्चा का एक महत्वपूर्ण बिंदु चीन की विस्तारवादी नीतियां भी हो सकती हैं जिनके कारण क्षेत्रीय स्थायित्व के बारे में विन्ता पैदा हो गई है। इसके साथ ही वर्तमान समय में जारी रूस-यूक्रेन युद्ध को भी एजेंडे में स्थान मिल सकता है और इसके संभावित समाधानों पर भी विमर्श हो सकता है। यदि रूस-यूक्रेन युद्ध का कोई कारगर समाधान सामने आता है तो यह शिखर सम्मेलन की महत्वपूर्ण उपलब्धि होगी। सम्मेलन में अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद से मुकाबला करने के लिए वैश्विक सहयोग मजबूत करने पर भी चर्चा होकर उपयुक्त कदमों की रूपरेखा बन सकती है। इस सहयोग में प्रमुख क्षेत्रों को परिभाषित किया जा सकता है जिनमें आतंकी गतिविधियों की फाइनेंसिंग, पुलिस गतिविधियों में सहयोग तथा साइबर खतरों का मुकाबला करना शामिल हैं। ब्रिक्स के कजान शिखर सम्मेलन में सीमाओं और समुद्री क्षेत्रों में सुरक्षा उपायों को मजबूत करना, परिष्कृत संचार नेटवर्कों के विकासतथा सुरक्षा प्रबंधन व्यवस्थाओं पर चर्चा होने की उम्मीद है। आतंकवाद से निपटने की चुनौतियों में 'धार्मिक विचारधाराओं' से प्रेरित समूहों से निपटने की रणनीति पर विचार करना शामिल हो सकता है क्योंकि यह बड़ी चुनौती बनते जा रहे हैं। सम्मेलन में इन खतरों का पूर्वानुमान लगा कर इनको निष्क्रिय करने की रणनीतियों पर विचार हो सकता है जिसमें सुरक्षा एजेंसियों के बीच सहयोग तथा ब्रिक्स सदस्य देशों की रक्षा अवस्थापनाओं के बीच सहयोग का प्रमुख स्थान है।

वर्तमान समय में सभी देश विदेश नीति के प्रति ज्यादा व्यावहारिक व द्विपक्षीय दृष्टिकोण अपना रहे हैं। ऐसे में इस चिन्ता का कोई खास स्थान नहीं है कि ब्रिक्स देशों के बीच बढ़ते सहयोग से अन्य प्रमुख शक्तियों, खासकर अमेरिका के साथ संबंध प्रभावित हो सकते हैं। ब्रिक्स देशों के समक्ष तत्काल ध्यान देने का एक और क्षेत्र यह चिन्ता है कि रासायनिक हथियार आतंकियों के हाथ लग सकते हैं और वे मानवता के लिए गंभीर खतरा बन सकते हैं। इन हथियारों तथा उनके परिवहन का पता लगाना अक्सर बहुत कठिन होता है जिससे ये गंभीर खतरा पैदा कर सकते हैं। ऐसे हथियारों पर कब्जे को रोकने के लिए कठोर विनियमन बनाने हेतु अंतरराष्ट्रीय सहयोग बहुत जरूरी है। इसके साथ ही ब्रिक्स देश ऐसी एक जीवन्त व्यवस्था बना सकते हैं जिसके माध्यम से आरडीएक्स, इरीथ्रिटाल टेट्रानाइट्रेट-पेंटा व एके-47 जैसे हथियारों व खतरनाक सामग्रियों तक पहुंच को रोका जा सके।

उम्मीद है कि सम्मेलन में नशे के व्यापार पर लगाम लगाने की चर्चा होगी क्योंकि नशे के व्यापार तथा आतंकवादी समूहों की फंडिंग के बीच, खासकर पाकिस्तान, अफगानिस्तान व दक्षिणपूर्व एशिया में मजबूत संबंध हैं। ब्रिक्स सदस्य देशों के बीच 'पुलिसिंग' के क्षेत्र में सहयोग आपराधिक नेटवर्कों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई के लिए बहुत जरूरी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाल में अनेक अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत के नेतृत्वकारी दृष्टिकोण में 'मानव-केन्द्रीयता' पर खासतौर से जोर दिया है। उन्होंने यह बात 23 सितंबर, 2024 को संयुक्त राष्ट्रसंघ के विशेष अधिवेशन में भी दुहराई है। उम्मीद है कि ब्रिक्स के कजान में आयोजित सम्मेलन में भारत ऐसी नीतियों की पैरोकारी करेगा जो विश्व स्तर पर व्याप्त आर्थिक, तकनीकी व सामाजिक खाइयों को संबोधित करती हों। इस प्रकार भारत 'ग्लोबल साउथ' के हितों को विश्व मंचों पर जोरदार तरीके से उठाना चाहता है। विश्व मंच पर भारत का बढ़ता प्रभाव दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र अमेरिका तथा उसके निकटतम रणनीतिक साझीदार रूस से संबंधों के रूप में दिखता है। इस प्रकार ब्रिक्स सम्मेलन में नेतृत्व की भारत की विशिष्ट स्थिति है। कजान सम्मेलन में एक व्यापक ढांचागत व्यवस्था उभरने की उम्मीद है जो सुरक्षा संबंधी सूचनाओं का साझा करने तथा ब्रिक्स देशों के बीच ज्यादा विश्वास-बहाली उपाय करने में सहायक हो।

# ध्यानाकर्षण की देन

> आपको यह जानकर आश्चर्य हो सकता है कि अपना ध्यान केन्द्रित करने से, बदले में आपको कहीं अधिक मूल्यवान चीज़ प्राप्त होती है।

रचना लखपति
(लेखक एक प्रेरक और स्वतंत्र लेखक हैं)



**अपना** पूरा ध्यान देने से न केवल बंधन मजबूत होते हैं, बल्कि हमें स्पष्टता और खुशहाली भी मिलती है। यह विरोधाभासी है कि ऐसी दुनिया में जहाँ ध्यान भटकाना कभी बंद नहीं होता और ध्यान की ईमानदारी से सराहना करना उतना ही कीमती है जितना कि यह सबसे कीमती सिक्के की तरह है। हर तरफ से सूचनाएं गूंजती हैं, स्क्रीन हमारा ध्यान आकर्षित करने की होड़ में लगी रहती हैं, और मौजूद रहने की हमारी चाहत में, मुझे डर है कि हम यह भूल गए हैं कि हम वास्तव में कौन हैं। अराजकता के बीच, एक गहन वास्तविकता मौजूद है- किसी का ध्यान देने का कार्य वास्तव में सबसे कीमती उपहार हो सकता है जो कोई दे सकता है। इसके बारे में सोचें। आखिरी बार कब ऐसा हुआ था जब आपने किसी का पूरा ध्यान महसूस किया था - कोई डिवाइस नहीं, कोई रुकावट नहीं, बस एक प्रामाणिक, मानवीय संबंध? अगर उस पल को याद रखना मुश्किल है, तो आप अकेले नहीं हैं। आधुनिक जीवन की तेज़ रफ़्तार ने हमें कई काम करना, अपने डिवाइस पर संक्षिप्त नज़र डालने के साथ चर्चाओं को संतुलित करना और यह विश्वास करना सिखाया है कि गति ही दक्षता के बराबर है।

फिर भी इस खोज में, हमने कुछ अमूल्य त्याग किया है- पल के साथ वास्तव में जुड़ने की क्षमता। जब हम किसी पर ध्यान केंद्रित करते हैं, तो हम उसके शब्दों से कहीं ज़्यादा ग्रहण करते हैं। हम व्यक्त कर रहे हैं, मैं आपकी उपस्थिति को स्वीकार करता हूँ। आपका अस्तित्व महत्वपूर्ण है। इस तरह, ध्यान किसी व्यक्ति के मूल्य के शांत समर्थन के रूप में कार्य करता है - यह सतही आदान-प्रदान से परे है और अधिक गहन समझ के लिए मार्ग प्रशस्त करता है, सहानुभूति, करुणा और वास्तविक संबंध को बढ़ावा देता है। जुड़ाव संबंधों में विश्वास की नींव के रूप में कार्य करता है। अपने



भागीदारों, दोस्तों या परिवार के सदस्यों पर अपना ध्यान केंद्रित करके, हम उनके विचारों, भावनाओं और अनुभवों के महत्व के बारे में एक शक्तिशाली संदेश देते हैं। यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि हमारे संबंधों की गहराई अक्सर उन पर हमारे द्वारा निवेश किए गए ध्यान के स्तर को दर्शाती है - जो लोग वास्तव में हमारी बात सुनते हैं और समझते हैं उनके साथ हमारा बंधन उतना ही मजबूत होता है। और व्यक्तिगत संबंध इसका अंतिम पहलू हैं। पेशेवर क्षेत्र में फोकस बहुत शक्तिशाली है। एक ऐसे प्रबंधक के बारे में सोचें जो अपनी टीम की बात सुनता है या एक नेता जो बैठकों में जल्दबाजी करने के बजाय कर्मचारियों के साथ बातचीत करने के लिए समय निकालता है।

ये व्यक्ति वफ़ादारी को बढ़ावा देते हैं, रचनात्मकता को प्रज्वलित करते हैं और सहयोगी वातावरण का मार्गदर्शन करते हैं। इसके पीछे क्या कारण है? लोग स्वाभाविक रूप से उत्साहित महसूस करते हैं जब उन्हें लगता है कि उनके कार्यों का महत्व है और उनकी सराहना की जाती है। ध्यान लगाने से भागीदारी बढ़ती है और भागीदारी से उपलब्धि मिलती है। फिर भी, शायद ध्यान का सबसे महत्वपूर्ण प्रभाव यह है कि हम खुद से कैसे संबंधित हैं। हासिल करने और संचय करने की अपनी जल्दबाजी में, हम अक्सर आत्म-देखभाल के महत्व को अनदेखा कर देते हैं। माइंडफुलनेस - वर्तमान क्षण में खुद को डुबोने का अभ्यास - यह प्रकट करता है कि वास्तविक कल्याण हमारे अनुभवों के केंद्र में है- लक्ष्यों का पीछा करना, दूसरों को समय देना और यहाँ तक कि अपनी भावनाओं से जुड़ना। अवलोकन करने के लिए एक पल निकालकर, हम एक गहन स्पष्टता और शांति की खोज कर सकते हैं जो हमारे जीवन को बदलने की क्षमता रखती है। ऐसे क्षेत्र में जहाँ समय वास्तव में एक सीमित वस्तु है, अपना पूरा ध्यान समर्पित करने का इशारा वास्तव में परिवर्तनकारी है। इसके लिए किसी खर्च की आवश्यकता नहीं होती है, फिर भी इसका बहुत महत्व है।

जैसे-जैसे हम अपने दैनिक जीवन में आगे बढ़ते हैं, अपने समय और ऊर्जा पर लगातार नई माँगों का सामना करते हैं, यह याद रखना महत्वपूर्ण है कि हम जो सबसे मूल्यवान उपहार दे सकते हैं वह भौतिक धन नहीं है, बल्कि हमारी पूरी उपस्थिति है। अगली बार जब आप किसी बातचीत में व्यस्त हों, तो अपना फ़ोन एक तरफ़ रख दें। पूरा ध्यान दें। अपना ध्यान स्वेच्छा से और बिना किसी रुकावट के दें। आपको यह जानकर आश्चर्य हो सकता है कि अपना ध्यान केन्द्रित करने से, बदले में आपको कहीं अधिक मूल्यवान चीज़ प्राप्त होती है - एक गहरा और महत्वपूर्ण बंधन जो दोनों व्यक्तियों के जीवन को बेहतर बनाता है।

## आप की बात

### मुइज्ज़ू की समझ

**मालदीव** के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू भारत के दौरे पर हैं। उन्होंने सत्ता हासिल करने के लिए भारत का जिन मुद्दों पर विरोध किया था, अब उन पर समझौते के लिए तैयार हैं। लगता है मालदीव के राष्ट्रपति की अब आंखें खुल गई है। उन्होंने समझ लिया है कि भारत से अच्छा कोई पड़ोसी देश नहीं है। राष्ट्रपति बनने पर पहले वे बेसुरे राग अलापने लगे थे तथा ड्रैगन के बहकावे में आकर उसकी गोद में जा बैठे थे। ड्रैगन की सदा एक ही रीति व नीति रही है कि पहले गहरी पैठ बनाओ, आर्थिक मदद करो तथा मदद के बदले अंगद की तरह पैर जमा कर अपना प्रभुत्व बढ़ाओ। पाकिस्तान, श्रीलंका, नेपाल या अन्य देशों को चीनी विस्तारवादी नीति का फल थोड़ा बहुत भुगतना पड़ा है। इसके उलट भारत शुरू से परस्पर सहयोग से मित्र देशों की प्रगति, भाईचारे व सहयोग की रही है। मुइज्जू की समझ अपने देश की स्थिति को देखते हुए भी विकसित हुई है। जब उनकी सरकार ने भारत-विरोधी दृष्टिकोण शुरू में अपनाया तो भारतीय पर्यटकों ने आत्मप्रेरणा से मालदीव का लगभग बहिष्कार कर दिया। इससे मालदीव को भारी आर्थिक नुकसान हुआ और चीनी पर्यटक भी उसकी भरपाई नहीं कर सके। उम्मीद करनी चाहिए कि मालदीव के राष्ट्रपति इसी सही समझ पर चलते रहेंगे।

– **हेमा हरि उपाध्याय**, खाचरोद

### मोदी की प्रतिज्ञा

**मुख्यमंत्री तथा प्रधानमंत्री** पद पर 23 साल पूरा करने के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को आश्वस्त करते हुए कहा है कि लक्ष्य प्राप्त करने तक और भी अधिक जोश के साथ लगातार अथक परिश्रम करता रहूंगा एवं तब तक फिर चैन से नहीं बैठूंगा जब तक देश को पूरी तरह से विकसित नहीं कर लूंगा। उन्होंने कहा मगर अभी रास्ता काफ़ी लम्बा है और काफी कुछ हासिल किया जाना बाकी है। 7 अक्टूबर, 2001 को गुजरात के मुख्यमंत्री तथा 2014 में भारत के प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेन्द्र मोदी ने राजनीति, जनता की सेवा तथा भारत के भविष्य के प्रति दूरदर्शी दृष्टिकोण विकसित करने में अनेक नेताओं को पीछे छोड़ दिया है। ईश्वर की कृपा है कि वे न कभी बीमार पड़े हैं और न उन्होंने काम से छुट्टी ली है। प्रधानमंत्री के रूप में मोदी ने देश के राजनीतिक विमर्श को अपने पैरों पर मजबूती से खड़ा किया है। सबके साथ न्याय करते हुए भी उन्होंने बहुसंख्य हिंदुओं में अपने अतीत, वर्तमान और भविष्य के प्रति गर्व की जो भावना भरी है वह न केवल अतुलनीय बल्कि अभूतपूर्व है। अयोध्या में भव्य राम मंदिर में भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा ने भारत समेत दुनिया भर में हिंदुओं को गौरवान्वित किया है।

– **मनमोहन राजावत**, शाजापुर

### असुरक्षित आयोजन

**धार्मिक आयोजन** स्थलों पर सुरक्षा के माकूल इंतजाम न होने के कारण लोगों के घायल व मौतों की दुखभरी ख़बरें आती रही हैं। लेकिन अब सरकारी आयोजन में लापरवाही की खबर चेन्नई से आई है जिसमें पांच लोगों की जान चली गई। भारतीय वायुसेना द्वारा चेन्नई के मैरीना बीच पर प्रदर्शित हवाई करतबों के कार्यक्रम में लाखों लोग उपस्थित थे। भयानक गर्मी और लम्बे समय तक जाम के कारण राह नहीं मिलने से बिन पानी के बहुत से लोग बेहोश हो गए जिन्हें अस्पातल पहुंचाया गया जहाँ 5 लोगों की दुखद मौत भी हो गई। आयोजन धार्मिक हो या सरकारी अथवा राजनीतिक जहाँ पूर्व में ही आयोजकों और प्रशासन को पता रहता है कि वहां भीड़ कितनी उमड़ेगी। उस हिसाब से उनकी जिम्मेदारी होती है कि वहां सभी तरह की माकूल व्यवस्था पूर्व में ही कर ली जाए। वैसे तो सरकारें धार्मिक या अन्य आयोजनों में ऐसी घटनाओं की जिम्मेदारी आयोजकों पर डाल कर पल्ला झाड़ने का प्रयास करती हैं। लेकिन चेन्नई का आयोजन सरकार द्वारा किया गया था और इसमें वायुसेना की भी सहभागिता थी। इसे देखते हुए हादसे की जिम्मेदारी तय कर दोषियों को दंड देने के साथ भविष्य के लिए समुचित सबक लिया जाना चाहिए।

-**शकुंतला महेश नेनावा**, इंदौर

### कूड़ा निस्तारण

**कई वर्षों** से निगमों द्वारा घर-घर से कूड़ा उठाने के दावे किए जा रहे हैं, किन्तु वास्तविकता इससे कोसों दूर है। निगम की गाड़ी प्रतिदिन बस्तियों में नहीं आती। गाड़ी दो-तीन दिन बाद आने पर भी वह केवल मुख्य सड़कों पर ही फेरा लगाकर चली जाती है। जिससे गलियों में रहने वाले लोग उसका लाभ नहीं उठा पाते। उनको गाड़ी आने का पता नहीं चल पाता है। गाड़ी पर बजने वाला स्वच्छता गीत हर समय नहीं बजता, जो गाड़ी आने के संकेत के रूप नियोजित किया गया है। इसके अतिरिक्त गाड़ी की गति इतनी अधिक होती है कि जब तक व्यक्ति कूड़ा लेकर गाड़ी तक आता है तब तक गाड़ी जा चुकी होती है। यदि गाड़ी के चालक से मुहल्ले के लोग इसकी शिकायत करते हैं तो वह उनके साथ अभद्रता करता है। यही हाल धुआं फेंकने वाली गाड़ियों का है। उनकी गति भी इतनी अधिक होती है कि मच्छरों पर उस धुएं का प्रभाव नहीं हो पाता। अत: नगर आयुक्तों और जन-प्रतिनिधियों को घर-धर से कूड़ा निस्तारण पर गम्भीरता से कार्रवाई करनी चाहिए।

– **नरेन्द्र टोंक**, मेरठ

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# छत्तीसगढ़ के विष्णुदेव की सरकार ने प्रदेश के आवासहीन परिवारों को दे रही पक्का आवास का अधिकार : उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा

## आवास मेले में जिले के चार हजार से अधिक लाभार्थियों को भेंट की आवास की चाबी

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी में शामिल प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में इंडोर स्टेडियम कवर्धा में आयोजित एक दिवसीय जिला स्तरीय आवास मेला में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने जिले के 18 हजार से अधिक आवासहीन ग्रामीण परिवारों को नए स्वीकृत हुए आवास का स्वीकृति पत्र वितरण कर खुशियों की सौगात दी। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने जिले के 04 हजार से अधिक लाभार्थियों को नए आवास की पूर्णतः प्रमाण पत्र और चाबी भेंट की। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, सांसद संतोष पाण्डेय, पंडरिया विधायक भावना बोहरा सहित जनप्रतिनिधियों ने द्वीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों का पारंपरिक संस्कृति से चरण पखार कर ग्रामीण परिवारों का सम्मान कर स्वागत किया। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने आवास मेले में कबीरधाम जिले के 04 हजार से अधिक लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बने नए आवास की चाबी और पूर्णतः प्रमाण पत्र भेंट की। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने मेले में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत प्रशिक्षित 250 से अधिक राजमिस्त्रियों को प्रमाण पत्र और टूल किट का वितरण किया। इस दौरान उपमुख्यमंत्री शर्मा ने गुणवत्ता पूर्ण आवास निर्माण के लिए शपथ दिलाई। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सरपंच, कर्मचारियों, संस्थाओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने जिले के चयनित 294 आवास मित्रों को रोजगार पत्र प्रदान किया। जिले के असाक्षर को साक्षर बनाने के उद्देश्य से असाक्षर को अभ्यास पुस्तिका प्रदान किया। उपमुख्यमंत्री ने आवास जागरूकता पर आधारित पोस्टर का विमोचन किया। आवास मेला में स्वास्थ्य विभाग द्वारा हेल्थ कैंप, लीड बैंक द्वारा बैंकिंग सुविधाओं के लिए कैम्प और खाद्य विभाग द्वारा राशन कार्ड आदि के लिए स्टॉल लगाया गया। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आवास मेला में आएं हितग्रसाहियों को आवास स्वीकृत होने और आवास निर्माण पूर्ण होने पर नए घर में प्रवेश के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के विष्णुदेव की सरकार ने प्रदेश के आवासहीन परिवारों को पक्का आवास का अधिकार दे रही है। उन्होनें 2011 के सर्वे सूची के अनुसार प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत छत्तीसगढ़ को 6 लाख 99 हजार 331 आवास दिया गया है। आवास प्लस के तहत 1 लाख 47 हजार 600 आवास मिला है। उन्होंने यह भी बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की संवेदनशील सरकार ने पूरे देश के लिए 32 लाख आवास स्वीकृति किए है। जिसमें 8 लाख 46 हजार 931 आवास की स्वीकृति कुल 30 प्रतिशत सिर्फ छत्तीसगढ़ को मिला है। यह प्रदेश के लिए एक बड़ी उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि यह सब मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रयासों के कारण संभव हुआ है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि विष्णुदेव साय की सरकार में महिलाओं को परिवार और समाज में एक अलग पहचान मिली है। उन्होंने बताया कि प्रदेश की महिलाओं को महतारी वंदन योजना के तहत प्रतिमाह 01 हजार रूपए उनके खाते में हस्तांतरित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि घोषणा पत्र में वादा किया था कि सरकार बनने के बाद दो वर्ष का बकाया बोनस राशि प्रदान किया जाएगा। जिसकों पूरा करते हुए प्रदेश के किसानों के खाते में दो वर्ष का बकाया बोनस राशि पहुंचाई गई। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार में किसानों को समृद्ध बनाने वादा के अनुरूप प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान 3100 रूपए की दर से खरीदी की जा रही है और किसानों को पैसा एक मुस्त भी दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कवर्धा के 12 हजार से अधिक और पंडरिया के 7 हजार 700 से अधिक गन्ना किसानों के खाते में बोनस की 45 करोड़ रूपए से अधिक किसानों के खाते में डाला जाएगा। पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने आवास मेला में नागरिकों और हितग्राहियों को संबोधित करते हुए बताया कि विधानसभा चुनाव से पूर्वघोषणा पत्र में यह स्पष्ट किया गया था कि जब सरकार बनेगी, तो सबसे पहले मंत्रीमंडल द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास की स्वीकृति पर हस्ताक्षर करेगा। उन्होंने कहा कि सरकार बनने के तुरंत बाद ही प्रदेश में 18 लाख आवासों की स्वीकृति पर हस्ताक्षर किए गए, जिससे यह योजना तेजी से लागू हो सके। उन्होंने यह भी बताया कि इस योजना के तहत हितग्राहियों को सभी आवश्यक सुविधाएं प्रदान की जाएंगी, जैसे बिजली, पानी और स्वच्छता। विधायक ने नागरिकों से अपील की कि वे इस योजना का लाभ उठाएं और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहें। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष सुशीला रामकुमार भट्ट, पूर्व संसदीय सचिव डॉ. सियाराम साहू, नगर पालिका अध्यक्ष मनहरण कौशिक, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल, कवर्धा जनपद अध्यक्ष इंद्राणी दिनेश चंद्रवंशी, पंडरिया समुंद कुर्रे, सहसपुर लोहारा लीला धनुक वर्मा, जनपद उपाध्यक्ष डॉ. बीरेन्द्र साहू, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष देवकुमारी चंद्रवंशी, कैलाश चंद्रवंशी, ठाकुर पीयूष सिंह, निर्मल द्विवेदी, भुनेश्वर चंद्राकर, चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, पार्षद उमंग पाण्डेय, श्रीकांत उपाध्याय, मनिराम साहू, सनत साहू, सुनील दोशी, खिलेश्वर साहू, सुरेश दुबे, कलेक्टर गोपाल वर्मा, जिला पंचायत सीईओं संदीप कुमार अग्रवाल सहित जनप्रतिनिधि, हितग्राहि, गणमान्य नागरिक सहित आवास मित्र उपस्थित थे।



### मोर आवास मोर अधिकार का नारा हुआ सार्थक

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने मोर आवास, मोर अधिकार के नारे को सार्थक बताते हुए कहा कि यह अभियान सबसे पहले ग्राम कोठार से शुरू हुआ और पूरे प्रदेश में यह नारा चला। उन्होनें बताया कि इसका उद्देश्य ग्रामीणों को अपने आवास के अधिकार को समझाना था। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने इस अभियान में शामिल ग्रामीणों को शॉल और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने यह भी कहा कि हितग्राहियों की मेहनत और परिश्रम से उनका पक्क ा आवास का सपना साकार हो रहा है। उपमुख्यमंत्री ने ग्रामीणों को प्रेरित करते हुए कहा कि यह योजना उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी और इससे सामाजिक स्थिरता और विकास को बढ़ावा मिलेगा।

### जिले के ग्रामीणों को मिल रहे प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभ

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ग्रामीणों को उनका हक दिलाने के लिए लगातार प्रयास कर रहें हैं। उनके विशेष प्रयासों से ही पूरे छत्तीसगढ़ राज्य के लिए 8 लाख 40 हजार आवास की स्वीकृति राज्य सरकार द्वारा की गई। कबीरधाम जिले में सामान्य श्रेणी के प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत स्थाई प्रतीक्षा सूची के 24055 हितग्राही एवं आवास प्लस के 6889 हितग्राही सहित कुल 30944 हितग्राहियों का आवास स्वीकृत होना है। इनमें से अभी तक 18848 परिवारों के लिए आवास स्वीकृत हो चुका है। बचे हितग्राहियों का पंजीयन एवं स्वीकृति की कार्यवाही कुछ ही दिनों में पूरा हो जाएगा। योजना में आवास के लिए 226 करोड़ 17 लाख 60 हजार रूपए स्वीकृत किया गया है। जिसमे से 91 करोड़ 75 लाख रूपए हितग्राहियों के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से जारी हो गया है। उल्लेखनीय है कि वित्तीय वर्ष 2016 से 2023 तक कुल 9 सालो में अलग-अलग समय पर जिले में 48657 आवास स्वीकृत किया गया था। लेकिन यह पहला अवसर है जब महज एक ही वित्तीय वर्ष के कुछ ही समय में सीधे 30944 आवास स्वीकृति हो रहा है।

### प्रधानमंत्री जनमन योजना से भी आवास का हो रहा निर्माण

प्रधानमंत्री आदिवासी न्याय महा अभियान योजना पीएम जनमन योजना अंतर्गत जिले के वनांचल क्षेत्र में रहने वाले विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा समुदाय के लिए 8439 परिवार पात्र पाए गए। इनमें से 7402 परिवारों का प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत पहले ही हो चुका है। पीएम जनमन आवास योजना में निर्माण के लिए 6678 हितग्राहियों को प्रथम क़िस्त की राशि 3169 हितग्राहियों को द्वितीय किस्त की राशि 1206 हितग्राहियों को तृतीय किस्त की राशि एवं 06 हितग्राहियों को चौथी किस्त की राशि सीधे उनके बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से प्रदान किया गया है। वर्तमान में पीएम जनमन योजना से आवास का निर्माण कार्य प्रगति पर है तथा 194 आवास का निर्माण कार्य हितग्राहियों द्वारा पूर्ण कर लिया गया है।

### उपमुख्यमंत्री शर्मा ने पीएम आवास योजना का लक्ष्य साझा किया

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने उपस्थित जिले के नागरिकों को प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत राज्यवार विवरण और लक्ष्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार का उद्देश्य हर गरीब परिवार को एक सुरक्षित पक्क ा आवास प्रदान करना है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत राज्य को निर्धारित लक्ष्य के अनुसार आवास उपलब्ध कराने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। उपमुख्यमंत्री ने ग्रामीणों से अपील की कि वे इस योजना का लाभ उठाएं और सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र व्यक्ति इसके लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने यह भी कहा कि श्री विष्णुदेव साय की सरकार हर संभव प्रयास करेगी कि आवास निर्माण में कोई भी बाधा न आए। ग्रामीणों ने उनकी बातों को ध्यानपूर्वक सुना और इस योजना के तहत मिलने वाले अवसरों के प्रति उत्साह व्यक्त किया।

## विधायक साहू ने किया आंगनबाड़ी भवन निर्माण के लिए भूमिपूजन



पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

विधायक दीपेश साहू के प्रयासों से निरंतर विकाश कार्य प्रगति पर है। निरंतर क्षेत्र का दौरा विभिन्न निर्माण कार्यो का लोकार्पण एवं निर्माण कार्य के लिए भूमि पूजन का कार्यक्रम जारी है। इसी कड़ी मे विधायक दीपेश साहू बेमेतरा विधानसभा अंतर्गत ग्राम पंचायत मोहभट्ठा मे 12 लाख के लागत राशि से बनने वाले नए आंगनबाड़ी भवन निर्माण के लिए भूमि पूजन किया। इस दौरान पूरे गांव की महिलाओं, बच्चों, युवाओं समेत बुजुर्गों ने भी छत्तीसगढ़िया परंपरा से भव्य स्वागत किया। जिसके पश्चात विधायक दीपेश साहू ने 12 लाख के लागत से बनने वाले नव निर्मित होने वाले आंगनबाड़ी भवन का भूमि पूजन किया। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक दीपेश साहू ने कहा कि आंगनबाड़ी भवन निर्माण से गांव के छोटे-छोटे बच्चे जिनका माता-पिता के बाद स्कूल ही दूसरा घर है उन्हें यहां अच्छी शिक्षा मिलेगी। आंगनवाड़ी भवन में छोटे-छोटे नन्हे बाल गोपाल अपने शैक्षणिक जीवन की शुरुआत कर पाएंगे व आंगनबाड़ी भवन का निश्चित ही ग्रामीणों को लाभ मिलेगा। विधायक साहू ने कहा की मै क्षेत्र के विकाश के लिए निरंतर प्रयासरत हुं। मेरा संकल्पना है की बेमेतरा विधानसभा को हर सुविधाओं से सुसज्जित हो। मै हर गांव मे पहुंचने का प्रयास कर रहा हुं और गांव से जो विकाश कार्यो कि मांग की जा रही है उसे यथा सम्भव पूरा करने का प्रयास कर रहा हुं। आगे भी क्षेत्र के विकाश के लिए निरंतर प्रयासरत रहुँगा।

## नागरिकों को साइबर अपराध के प्रति किया गया जागरूक

पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

पुलिस मुख्यालय छत्तीसगढ़ नवा, रायपुर के निर्देशन पर पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज दुर्ग रामगोपाल गर्ग के मार्गदर्शन एवं पुलिस अधीक्षक एस. आर. भगत, अति.पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार जोशी के पर्यवेक्षण में एस.डी.ओ. पी.बालोद देवांश राठौर के नेतृत्व में जिले के समस्त थाना/चौकी प्रभारियों, साइबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक जोगेन्द्र साहू द्वारा राज्य व्यापी साइबर जन जागरूकता पखवाड़ा अभियान के माध्यम से आम नागरिकों को साइबर अपराध के प्रति किया गया जागरूक। अभियान के द्वितीय दिवस पर जिला के थाना दल्लीराजहरा व सायबर सेल द्वारा चिखलाकसा सब्जी मंडी, शास. उचित मूल्य की दुकान वार्ड क्रमांक-23, साप्ताहिक मार्केट, व्यवहार न्यायालय चौक, गुप्ता चौक राजहरा वार्ड क्र.25, थाना-बालोद- ग्राम सभा स्थल करहीभदर, दुध गंगा डेयरी, चंडी मंदिर, बाजार, झलमला गंगा मैय्या मंदिर, थाना गुरूर-ग्राम सभा खर्रा, कुलिया, सर्वदा, बोहारडीह, नारागांव सियादेवी मंदिर परिसर, थाना पुरूर- अटल चौक कोचवाही, कंकालीन मंदिर मिर्रिटोला, थाना सनौद-ग्राम अरमरीकला बाजार एवं मंच, थाना गुण्डरदेही-बस स्टैण्ड, थाना रनचिरई- ग्राम सभा राहुद, अचौद, थाना अर्जुन्दा-ग्राम मोहंदीपाठ कोटागांव, खुटेरी, थाना सुरेगांव-बाजार चौक भेंड़ी, मुढ़ीया, भिमकन्हार, थाना देवरी- अटल चौक ग्राम भंडेरा, थाना डौण्डी लोहारा- ग्राम बटेरा, नारगी, थाना मंगचुवा-ग्राम करतुटोला, झोलाटोला, रेंगाडबरी, थाना महामाया- किल्लेबाड़ी मंदिर कोटागांव, महामाया मंदिर, थाना-डौण्डी-ग्राम सभा घोटिया, चौकी कंवर- चंडी मंदिर कंवर, चौकी संजारी- बाजार चौक गंजईडीह, बर्रापारा, चौकी पिनकापार में साइबर क्राईम एवं साइबर सुरक्षा के संबंध में आनलाईन फ्राड, सोशल मीडिया एप्स साइट का उचित उपयोग, डिजिटल अरेस्ट, व्हाट्सएप फेसबुक मैसेंजर के जरिए अश्लील वीडियो कॉल कर ब्लैकमेलिंग, साइबर बुलिंग, ट्रोलिंग, ऑनलाईन फ्राड, एटीएम का सुरक्षित उपयोग, एटीएम कार्ड नंबर, सीवीवी नंबर, ओटीपी, शेयर नही करने, अनजान लिंक पर क्लिक करने से बचने जैसे साइबर अपराधों से बचाव, हेतू महत्तवपूर्ण जानकारी साझा की गई। बच्चों को मोबाइल एडिक्शन (लत) ऑनलाईन गेम, सोशल एप्स का अत्यधिक उपयोग करने से जो साइकोलॉजिकल तौर पर दुष्प्रभाव होते हैं जिनके कारण बच्चों की जान तक चली जाती है ऐसे मोबाइल मोह से दूर रहने अपील कर जानकारी दी गई, साथ ही साथ बच्चों को नशा से होने वाले दुष्प्रभाव के बारें में जानकारी देकर नशा नही करने की अपील की गई। इस कार्यक्रम में जिला मुख्यालय के समस्त स्टाफगण एवं साइबर सेल से प्रधान आरक्षक रूमलाल चुरेन्द्र, विवके शाही, आरक्षक योगेश गेडाम, रविकांत गंधर्व, संदीप यादव थाना राजहरा से सउनि विजयनाथ, आरक्षक योगेन्द्र तामस्कर, झामसिंह कोमरे, मो. अकबर उपस्थित रहें।

## सदस्यता अभियान में हिस्सा लेने वाले कार्यकर्ताओं को प्रदेश कार्यसमिति के पदभार से नवाजा गया

पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ भाजपा प्रदेश पिछड़ा वर्ग के अध्यक्ष राकेश चंद्रकार के द्वारा प्रदेश की पिछड़ा वर्ग कार्यसमिति के कार्यो को गतिशील करने के लक्ष्य से, मोर्चा के सदस्यता अभियान प्रभारी श्री भरत वर्मा की सहमति से प्रदेशभर में सदस्यता अभियान के सुचारू संचालन हेतु प्रदेश कार्यसमिति सदस्यों की नियुक्तियां जारी की जिनमे अलग अलग जिलों में सक्रियता से सदस्यता अभियान में हिस्सा लेने वाले कार्यकर्ताओं को प्रदेश कार्यसमिति के पदभार से नवाजा गया है। इसी तारतम्य में दल्लीराजहरा से भाजपानेता जयदीप गुप्ता को छत्तीसगढ़ प्रदेश पिछड़ा वर्ग मोर्चा का प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नियुक्त किया गया है। जयदीप गुप्ता द्वारा लगातार सदस्यता अभियान में घर घर पहुंचकर आम जनमानस तक सदस्यता अभियान को गति प्रदान कर रहे हैं उसकी चर्चा जिले भर में है और इसी सक्रियता हेतु उन्हें पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य के दायित्व का पदभार सौंपा गया है। इस नियुक्ति पर गुप्ता ने भरत वर्मा, राकेश चंद्रकार, पवन साहू, राकेश यादव व चेमन देशमुख व समस्त शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया और सदस्यता अभियान हेतु मिले इस दायित्व का निष्ठा से निर्वहन करने हेतु आश्वस्त किया। इसके साथ ही नियुक्ति पत्र जारी होते ही जिले भर से बधाइयों मिलने लगी है जिनमें मुख्य रूप से गोविन्द वाधवानी, सुरेश जायसवाल, स्वाधीन जैन, विशाल मोटवानी, मनोज दुबे, गीता मरकाम, रमेश जैन, महेन्द्र सिंग, आशीष लालवानी, हितेश कुमार, योगेन्द्र सिन्हा, आलोक जैन, रुचिन जैन, विकास ओतवानी, प्रकाश साहू, साहिल स्वर्णकार, पुनीत पटेल, अर्जुन यादव, जीतू ठाकुर, अभिजीत श्रीवास्तव, वैभव तिवारी, मुकेश खस, बिट्टू कनोजिया, देव पिपरे, राहुल सिंग है।

## एथेनाल प्लांट बंदी करने ग्रामीणों का प्रयास 17 वें दिन में पहुंचा



पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

एथेनाल प्लांट बंद कराने ग्रामीणों का आंदोलन 17वे दिन भी शांतिपूर्ण जारी पथर्रा के ग्रामीणों का आरोप रात में एथेनाल प्लांट का ट्रायल प्रारंभ, बदबू से बेचैनी की शिकायत किया गया। एथेनाल प्लांट से आक्रोश की बानगी ये है कि पांचवी कक्षा की बच्ची पूर्णिमा साहू ने स्व रचित कविता सुनाई। इसके अलावा प्रदर्शन करियों ने जिला प्रशासन को वस्तु स्थिति का जायजा लेने भैंसा आने का आमंत्रण दिया। एथेनाल प्लांट बंद करने को लेकर आंदोलन के प्रदर्शन करियों ने जिला प्रशासन के कलेक्टर और एसपी सहित सभी जिम्मेदार अधिकारियों को पीला चावल, सुपारी और श्रीफल भेंटकर भैंसा गांव आकर वस्तु स्थित का जायजा लेने आमंत्रित किया। क्षेत्र के सरपंच और जनप्रतिनिधि गण और ग्रामीण किसान शामिल रहे।प्रतिनिधि मंडल ने जिला प्रशासन को बताया की जिस तरह आप लोगों के द्वारा वातानुकूलित चेंबर में बैठकर सुनहरे एथेनाल हब का सपने दिखाने का काम चल रहा है,वो पूरी तरह निराधार है। भैंसा का एथेनाल प्लांट और मुलमुला का पोल्ट्री फार्म की बदबू गंदगी और प्रदूषण से पूरा क्षेत्र का बेहाल है एवम यहां का जन जीवन नरकीय हो चुका है। हालात ये है की मुलमुला में लोग अपनी बेटी बिहाने से कतरा रहे है। सवाल रोजगार का है इस क्षेत्र में कृषि कार्य से लोग खुशहाल है, यहां बेरोजगारी नही बल्कि मेन पावर की कमी महसूस की जा रही है। इन प्लांट में जो लोग काम करने आ रहे है उनका चरित्र सत्यापन नही होने के कारण यहां का माहौल लगातार खराब हो रहा है। इस क्षेत्र में एक रात्रि विश्राम करने का आग्रह इन अधिकारियों से किया, रुकने के साथ अन्य व्यवस्था के सारे खर्च प्रमील तिवारी द्वारा वहन करने का वायदा किया गया। साथ ही पत्रकार साथियों को भी निमंत्रण दिया गया और प्रशासन को इस क्षेत्र के बदहाली का आइना दिखवाने का निवेदन किया। दशहरे के अगले दिन प्रदर्शनकारी पुरुष वर्ग सर मुंडन कराएंगे तो महिलाएं बेमेतरा की ओर कूच करेंगे। धरना स्थल पर स्थानीय जनपद सदस्य प्रतिनिधी गजानंद साहू ने इस आंदोलन को समर्थन की घोषणा की। धरना स्थल पर उपस्थित होकर उन्होंने भरपूर सहयोग का वायदा किया। उल्लेखनीय है इस आंदोलन को आगे बढ़ाने के साथ लोगो का समर्थन बढ़ता जा रहा है। लोग स्वफुर्त इस आंदोलन की सहयोग कर रहे है। प्रशासन लगातार गुमराह करने की रणनीति पर काम कर रहा है। तीन सप्ताह बाद जहां कलेक्टर द्वारा जांच कमेटी का गठन नहीं कर पा रहे है, वहीं प्रदर्शनकरियों से बैठक करने की अफवाह उड़ा रहे है। आंदोलनकारी प्रशासन के हर गलत कदम का सख्त विरोध कर रहे हैं। आंदोलन में प्रमुख रूप से नरेश साहू, बसंत जोशी, संतोष साहू खेमराम साहू महेंद्र डहरे जनपद सदस्य, जितेंद्र यदु, लक्ष्मण साहू, कमलेश साहू भारत साहू, गजानंद साहू, जनपद प्रतिनिधि सिद्दीक खान जनपद सदस्य सभी वक्ताओं ने अपना अपना मंतव्य साझा किया।

## हिन्दू शक्ति मंच के केन्द्रीय अध्यक्ष बने राजेश तिवारी

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



बेमेतरा जिला के उत्साही एवं ऊर्जावान नागिरकों ने भारत को हिन्दू राष्ट्र बनाने के लिए हिन्दू शक्ति मंच का गठन कर सदैव हिन्दुओं को संगठित रखने एवं हिन्दू धर्म की अस्मिता की रक्षा करने का संकल्प लेकर शंखनाद किया। भारतीय समाज में लगातार हिन्दुओं पर हो रहे हमले, हिन्दू देवी देवताओं का अपमान करने एवं मंदिरों को क्षतिग्रस्त करने जैसे दुष्कृत्य के खिलाफ छत्तीसगढ़ प्रदेश के बेमेतरा मां भद्रकाली के नगरी में हिन्दू समाज के व्यक्तियों ने आपस में मिलकर हिन्दू शक्ति मंच के नाम से एक संगठन बनाया एवं सर्व सम्मति से अधिवक्ता राजेश तिवारी को हिन्दू शक्ति मंच का केन्द्रीय अध्यक्ष मनोनित किया गया। इस अवसर पर अधिवक्ता राजेश तिवारी ने कहा कि हम सभी धर्मों का सम्मान करते हैं लेकिन यदि कोई व्यक्ति या समूह हमारे हिन्दू धर्म को आघात पहुंचायेगा, हिन्दू भाई-बहनों के ऊपर कोई अत्याचार करेगा या मंदिरों एवं प्रतिष्ठित हिन्दू देवी देवताओं को क्षति पहुंचाने की कोशिश करेगा तो हम सब मिलकर उस व्यक्ति या समूह को करारा जवाब देंगे।

## भैंसबोड़ में ग्रामीणों द्वारा चलाए जा रहे नशामुक्ति अभियान की कलेक्टर-एसपी ने की प्रशंसा

### पुनीत कार्य में सहभागिता निभाने वाले सक्रिय कार्यकर्ताओं का किया गया सम्मान

पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



जिले के आदिवासी बाहुल्य डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम भैंसबोड़ में ग्रामीणों द्वारा चलाए जा रहे नशामुक्ति अभियान की सफलता से अभिभूत होकर कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, पुलिस अधीक्षक एस आर भगत, जिला पंचायत उपाध्यक्ष मिथलेश निरोटी, जनप्रतिनिधि पवन साहू, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे सहित कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी-कर्मचारियों ने ग्रामीणों के इस प्रयास को अतुलनीय एवं सभी के लिए प्रेरणा बताया। उल्लेखनीय है कि ग्राम भैंसबोड़ में नशामुक्ति अभियान में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित कर समाज के अनेक लोगों को नशापान से मुक्ति दिलाकर उनके खुशहाल जीवन प्रारंभ करने के पुनीत कार्य में सहभागिता निभाने वाले सक्रिय कार्यकर्ताओं के सम्मान में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में उपस्थित कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, पुलिस अधीक्षक एसआर भगत, जिला पंचायत के उपाध्यक्ष मिथलेश निरोटी, जनप्रतिनिधि पवन साहू एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे के द्वारा नशामुक्ति अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने वाले कार्यकर्ताओं का सम्मान कर उनके इस कार्य की भूरी-भूरी सराहना की गई। विदित हो कि ग्रामीणों एवं नशामुक्ति अभियान से जुड़े लोगों के अथक मेहनत एवं प्रयासों के फलस्वरूप ग्राम भैंसबोड़ के लगभग 70 प्रतिशत लोगों को नशापान से मुक्त कराया गया। इस अवसर पर अतिथि एवं वक्ताओं ने नशापान को मनुष्य के लिए अभिशाप बताते हुए इसे समाज एवं राष्ट्र के विकास में सबसे बड़ा बाधक बताया।

## पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने ग्राम भोईनाभाटा में मरार सामुदायिक भवन एवं महामाया मंदिर में अतिरिक्त ज्योति कक्ष का किया लोकार्पण



पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने ग्राम पंचायत भोईनाभाटा में अपने कार्यकाल के दौरान किए गए मरार सामुदायिक भवन व महामाया मंदिर में अतिरिक्त ज्योति कक्ष कार्य का लोकार्पण किया। ज्ञात हो कि अपने विधायकी कार्यकाल में आशीष छाबड़ा के द्वारा ग्राम पंचायत भोईनाभाटा में विभिन्न विकास कार्यों के माध्यम से ग्राम भोईनाभाटा में विकास की गंगा बहाई थी, जिससे ग्राम पंचायत भोईनाभाटा विकास की ओर अग्रसर हुआ तथा बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र एक अलग छवि बनाई तथा ग्राम भोइनाभाटा में मरार समाज की वर्षो पुरानी सामुदायिक भवन की माग पूर्व विधायक ने पुरी की है। अपने विधायक कार्यकाल के दौरान उन्होंने 500000 रुपए एवं महामाया मंदिर में अतिरिक्त ज्योति कक्ष लागत राशि 300000 का लोकार्पण किया। साथ ही पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने ग्राम तेंदूभाटा के विभिन्न देवी पंडालो में जाकर माता रानी व जोत जवारा का दर्शन कर आशीर्वाद लेते ग्राम विकास की कामना की कार्यक्रम में उपस्थित ममता पाटिल सरपंच ग्राम पंचायत भोईनाभाटा शशिप्रभा गायकवाड सदस्य जिला पंचायत बेमेतरा चंद्र प्रकाश गायकवाड पूर्व अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति बावामोहतरा मिथिलेश वर्मा पूर्व उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बेमेतरा लोकेश वर्मा अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ग्रामीण बेमेतरा प्रांजल तिवारी प्रदेश सचिव छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस मनोज गायकवाड बिशहत साहू मंगलू पाटिल घसिया साहू शत्रुघ्न पाटिल रज्जू मानिकपुरी रमेश पाटिल सीताराम पाटिल जुड़ावन पाटिल बउआ पाटिल प्रकाश वर्मा गणेश वर्मा व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## रामायण नैतिकता और सामाजिक एकता की ओर प्रेरित करता है : योगेश तिवारी

### खंगारपाठ में रामायण जागराता कार्यक्रम का आयोजन, योगेश तिवारी बनें मुख्य अतिथि

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



बेमेतरा विधानसभा के ग्राम खंगारपाठ में नवरात्रि के शुभ अवसर पर राम जानवी रामायण जागराता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस पावन अवसर पर सर्व हिन्दू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष और भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उनके साथ पूर्व जनपद सदस्य मानसिंह वर्मा, संरपच डिम्पी वर्मा और अन्य प्रमुख स्थानीय नेता भी इस धार्मिक आयोजन में उपस्थित रहे। सर्व हिन्दू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष और भाजपा किसान नेता, योगेश तिवारी ने इस कार्यक्रम में भाग लेकर ग्रामीणों के साथ अपनी धार्मिक आस्था और विश्वास को प्रकट किया। अपने सम्बोधन में उन्होंने नवरात्रि के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि यह समय हमें धार्मिकता, प्रेम और समर्पण की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि रामायण जैसे धार्मिक ग्रंथों का पाठ हमें नैतिकता और सामाजिक एकता की दिशा में प्रेरित करता है। तिवारी ने आगे कहा कि इस प्रकार के धार्मिक कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष रूप से महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि यह ग्रामीण जीवन में स्थिरता और समृद्धि लाने में योगदान देते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार गांवों के विकास के प्रति प्रतिबद्ध है और किसानों की समृद्धि के लिए निरंतर कार्य कर रही है। राम जानवी रामायण जागराता कार्यक्रम में पहुंचने वाले अन्य अतिथियों में पूर्व जनपद सदस्य, मानसिंह वर्मा, संरपच डिम्पी वर्मा, खेदू निषाद, बिशरू यादव, प्रेमलाल निषाद,अमृत वर्मा, विजय वर्मा, नोहरलाल, बाबूलाल निषाद, रोहित निषाद, कौशल वर्मा, गोपाल निषाद, गणपत निषाद, सन्तोष निषाद, प्रदीप वर्मा, खिलावन यादव, राजेश निषाद, निगम वर्मा, गोपी साहू, राजेन्द्र साहू, राकेश वर्मा रहें। गौरतलब है कि नवरात्रि का समय देवी मां की पूजा और शक्ति की आराधना का समय है। इस दौरान जगह जगह जागराता कार्यक्रमों का आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा और धार्मिकता का संचार करता है। ग्रामीण समुदाय के लोग एक साथ आकर इस धार्मिक अनुष्ठान में भाग लेते हैं और देवी मां से आशीर्वाद प्राप्त करते हैं।

# कभी भी बज सकती है निकाय चुनाव की घंटी, सक्ती कलेक्टर टोपनो ने उप निर्वाचन अधिकारियों के साथ की बैठक

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com



कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक लेकर विभागीय कामकाज की समीक्षा की। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने आगामी पंचायत और नगरीय निकाय निर्वाचन संबंधी कार्यों की जानकारी उप जिला निर्वाचन अधिकारी से ली तथा निर्वाचन संबंधी सभी कार्यों को निर्धारित समय पर पूरी गंभीरता से पूर्ण करने के निर्देश सभी संबंधित अधिकारियो को दिए। बैठक में कलेक्टर द्वारा सभी विभागों में आमजनता से प्राप्त आवेदनों तथा समय सीमा के लंबित प्रकरणों का तेजी से निराकरण करने के निर्देश दिए गए। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने जिला अंतर्गत विभिन्न विभागों के विभागीय कार्यों तथा प्रगतिरत विभिन्न निर्माण कार्यों सहित अन्य आवश्यक कार्यों की विस्तार से समीक्षा की तथा आवश्यक निर्देश दिए है,समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर द्वारा जिले में एडीबी सड़क निर्माण कार्य के अद्यतन स्थिति की जानकारी ली गई तथा प्रगतिरत सड़क निर्माण कार्य की रिपोर्ट नियमित रूप से प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर द्वारा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत संचालित कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई तथा पीएम आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत निर्धारित समय तक अपूर्ण आवासो को पूर्ण कराए जाने की प्रगति की जानकारी ली। इसके साथ ही कलेक्टर द्वारा जनपदवार सृजित मानव दिवस के विरुद्ध प्रोग्रेस, वर्ष 2023 24 तक के निर्माण कार्यों की पूर्णता की समीक्षा, सामुदायिक शौचालयो के निर्माण की प्रगति की समीक्षा, प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट, बैंक लिंकेज की प्रगति की समीक्षा, डोर टू डोर कचरा संग्रहण, मास्टररोल की संख्या, मनरेगा के कार्यों आदि अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं की जानकारी ली गई तथा आवश्यक निर्देश दिए गए। कलेक्टर द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग अधिकारी से विभाग अंतर्गत चल रहे भर्ती प्रक्रिया के अद्यतन स्थिति की जानकारी ली गई,समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने एफसीआई में जमा चावल की जानकारी लेते हुवे आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर द्वारा राशनकार्ड नवीनीकरण के कार्य, पीडीएस दुकानों के न्यायालयीन लंबित प्रकरण, राशनकार्डधारी सदस्यों के ई केवाईसी की अद्यतन स्थिति, पीडीएस बारदाना संकलन आदि की जानकारी लेते हुवे आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी से जाति प्रमाण पत्र बनाए जाने के कार्यों की अद्यतन स्थिति, जिले में पीएम श्री स्कूल अंतर्गत निर्माण और मरम्मत कार्य की अद्यतन स्थिति, मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना, उल्लास योजना अंतर्गत कार्यों की जानकारी लेते हुवे आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में कलेक्टर ने जिले में संचालित सभी आश्रम छात्रावासो का सभी नोडल अधिकारियों को नियमित रूप से निरीक्षण करने तथा निर्धारित समय पर नियमित रूप से रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने जिले में आयुष्मान कार्ड निर्माण कार्य सहित स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत संचालित अन्य प्रगतिरत कार्यों के अद्यतन स्थिति की जानकारी ली तथा आवश्यक निर्देश दिए,बैठक में कलेक्टर द्वारा लोक सेवा गारंटी

# समाजसेवी महेंद्र अग्रवाल के नेतृत्व में वृद्ध आश्रम पहुंचकर वृद्ध जनों को कराया नाश्ता एवं दिए दो नए कुलर

## श्री शांति सेवा समिति की अनुकरणीय पहल

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com



अपने सेवा एवं रचनात्मक कार्यों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने वाली श्री शांति सेवा समिति दिन-प्रतिदिन अपने रचनात्मक एवं सेवा कार्यों के लिए एक बेहतर पहचान बनाती जा रही है,तथा श्री शांति सेवा समिति के संस्थापक समाज सेवी महेंद्र अग्रवाल के नेतृत्व में जहां पूरे वर्ष भर विभिन्न अवसरों पर जरूरतमंदों की सेवा तथा स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में अनेकों कार्य किया जा रहे हैं. तो वहीं वर्तमान में चल रहे नवरात्रि पर्व पर इस समिति के सदस्यों ने सारंगढ़ में स्थित वृद्ध आश्रम में जाकर वहां रह रहे वृद्ध माताएं एवं वृद्ध जनों को फल एवं नाश्ते का वितरण किया तथा सभी को नवरात्रि पर्व की शुभकामनाएं दी, साथ ही वृद्ध आश्रम में वहां की जरूरतो को देखते हुए आवश्यकता अनुसार सब्जियां, सुपर एक्सटेंशन बॉक्स विद्युत उपकरण तथा वृद्ध जनों के लिए दो नये कुलर भी प्रदान किये, साथ ही इस अवसर पर श्री शांति सेवा समिति के संस्थापक महेंद्र अग्रवाल ने बताया कि समिति द्वारा आगामी दिनों के लिए यह व्यवस्था बनाई गई है कि कोई भी नागरिक अपने जन्मदिन, वैवाहिक वर्षगांठ या की अन्य किसी मांगलिक अवसर पर वृद्ध आश्रम के लोगों को यदि भोजन करवाना चाहे तो वे ?500 रुपये की सहयोग राशि श्री शांति सेवा समिति को देकर इस पुनीत कार्य में सहभागी बन सकता है।

वहीं महेंद्र अग्रवाल ने बताया कि उपरोक्त कार्य के लिए श्री शांति सेवा समिति के मोबाइल नंबर- 9131120825 पर संपर्क कर हमें जानकारी दे सकता है, तथा नवरात्रि पर्व पर समिति के सदस्यों के वृद्ध आश्रम पहुंचने के दौरान विक्रय प्रतिनिधि अनूदत्त शर्मा एवं लखनलाल वारे ने भी इस पूरे कार्यक्रम में अपना सहयोग प्रदान किया तथा वृद्ध आश्रम में विकलांग रमेश वारे अपने पिता लखन लाल वारे से मिलकर काफी प्रसन्नचित हुए एवं श्री शांति सेवा समिति सारंगढ़ ने भी वृद्ध आश्रम के सदस्य सभी वृद्ध जनों के सदैव सुखद स्वास्थ्य की भी कामना की है, तथा इस अवसर पर वृद्ध जनों ने भी श्री शांति सेवा समिति के सदस्यों को आशीर्वाद प्रदान करते हुए साधुवाद ज्ञापित किया।

# कलेक्टर ने आमजनों की समस्याओं एवं मांगों को बारी-बारी से सुना

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com



जिला कलेक्टोरेट में जनदर्शन का आयोजन किया गया। कलेक्टर ने आमजनों की समस्याओं एवं मांगों को बारी-बारी से सुना। जनदर्शन में शासकीय हाईस्कूल पदमपुर से सेवानिवृत्त सहायक ग्रेड 02 गोकुल प्रसाद वर्मा ने पेंशन एवं जमा राशि तथा पिछला ड्यूटी का वेतन दिलाने की गुहार लगाई। कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को उक्त प्रकरण की जांच कराने तथा नियमानुसार निराकरण करने के निर्देश दिए। ग्राम रौनाकापा के ग्रामीणों ने ग्राम के जर्जर स्कूल की मरम्मत कराने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया। मुंगेली के विनोद यादव ने विभिन्न सार्वजनिक जगहों से अतिक्रमण हटाने की मांग की। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का गंभीरतापूर्वक निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनदर्शन में कुल 181 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें नगर पंचायत पथरिया के सूरज निषाद ने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का लाभ दिलाने, लोरमी विकासखण्ड के ग्राम करनकापा के ग्रामीणों ने स्कूल परिसर में बाउण्ड्रीवाल निर्माण कराने, ग्राम भटगांव के अमरिका ने पैतृक जमीन का बंटवारा कराने, ग्राम कुधुरताल के सतीश कुमार नवरंग ने पीएम आवास योजना का लाभ दिलाने, ग्राम सम्बलपुर की चंद्रिका बाई ने महतारी वंदन योजना का लाभ दिलाने, ग्राम जरहागांव की संतोषी कश्यप ने शौचालय निर्माण कराने, ग्राम लिलवाकापा के श्याम सुंदर ने मुख्य सड़क में पानी निकासी की उचित व्यवस्था कराने सहित अन्य आवेदकों ने अपनी मांगों एवं समस्याओं से संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया। कलेक्टर ने प्राप्त आवेदनों पर नियमानुसार निराकरण के लिए आश्वस्त किया। इस दौरान वनमंडलाधिकारी संजय यादव, जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर गिरधारी लाल यादव एवं गिरीश रामटेके, मुंगेली एसडीएम पार्वती पटेल, डिप्टी कलेक्टर अजय शतरंज सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र में स्वच्छता ही सेवा एवं रक्त दाता जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com




कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, रायगढ़ में स्वच्छता ही सेवा एवं रक्तदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक, महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ.ए.के. सिंह सहित अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा महाविद्यालय एवं छात्रावास के आस-पास की साफ-सफाई की गई। इस दौरान महाविद्यालय में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें रंगोली, परिचर्चा, निबंध लेखन काव्यपाठ आदि शामिल था। इसी तारतम्य में राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई द्वारा राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रातः 9.00 बजे रक्तदान करने के लिए जागरूकता रैली निकाली गई और महाविद्यालय में जागरूकता से संबंधित रक्तदान जागरूकता के बारे में विभिन्न प्रतियोगिता एवं रंगोली कार्यक्रम छात्र-छात्राओं के बीज में रखी गई थी। कार्यक्रम अधिकारी डॉ.जी. आर.राठिया द्वारा रक्तदान के महत्व एवं भारत में रक्त की आवश्यकता के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई। गत 2 अक्टुबर 2024 को मेघा स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं को अपने आस-पास को स्वच्छता बनाये रखने एवं समाज में जागरूकता फैलाने हेतु शपथ दिलाई गई।

# शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा कर कबाड़ी दुकान का संचालन करने के विरुद्ध कार्रवाई की



पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com

कलेक्टर राहुल देव के निर्देशानुसार एवं जिले के नवपदस्थ पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के मार्गदर्शन में शासकीय भूमि पर अतिक्रमण करने वाले और विभिन्न अवैध गतिविधि में संलिप्त लोगों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में जिला मुख्यालय मुंगेली में शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा कर कबाड़ी दुकान का संचालन करने के विरुद्ध कार्रवाई की गई। जिला प्रशासन द्वारा बुलडोजर चलाकर शासकीय भूमि पर से कबाड़ी दुकान के लिए बनाए गए संरचना को तोड़ा गया और कब्जा मुक्त करने की कार्रवाई की गई। बता दें कि जिला मुख्यालय मुंगेली में मुसलमानों के कब्रिस्तान के लिए सुरक्षित शासकीय भूमि खसरा 993 पर अवैध कब्जा कर असलम खान द्वारा कबाड़ी दुकान का संचालन किया जा रहा था। संचालक को पूर्व में शासकीय भूमि से कबाड़ी दुकान को हटाने के लिए नोटिस दिया गया था। दुकान संचालक को नोटिस दिए जाने के बावजूद कब्जा नहीं हटाने पर राजस्व, पुलिस और नगर पालिका की संयुक्त टीम द्वारा शासकीय भूमि से कब्जा हटाने की कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान तहसीलदार मुंगेली कुणाल पांडेय, नगर पालिका सीएमओ आशीष तिवारी सहित राजस्व, पुलिस और नगर पालिका के अमला मौजूद रहे।

# 135 लीटर महुआ शराब एवं 760 किलोग्राम महुआ लाहन पकड़ाया

## आबकारी विभाग की अवैध महुआ शराब पर कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



कलेक्टर कार्तिकेया गोयल द्वारा सहायक आयुक्त आबकारी रामकृष्ण मिश्रा को अवैध शराब के भंडारण, परिवहन पर लगातार कार्यवाही हेतु निर्देश दिए गए है। उक्त निर्देश के परिपालन में आबकारी विभाग द्वारा कार्यवाही की गई है। अवैध शराब निर्माण की सूचना मिलने पर वृत्त-घरघोड़ा आबकारी उपनिरीक्षक संतोष नारंग एवं उनकी टीम द्वारा ग्राम-बिलासखार थाना-पूँजीपथरा, जंगल में कुरकुट नदी किनारे पहुँचकर भारी मात्रा में महुआ शराब एवं महुआ लाहन पकड़ा। जिसमें चार प्लास्टिक डिब्बा में प्रत्येक में 15-15 लीटर कुल 60 लीटर महुआ शराब, एक जरिकेन में 5 लीटर महुआ शराब, एक प्लास्टिक डिब्बा में भरी 20 लीटर महुआ शराब, एक एल्युमीनियम बर्तन में 50 लीटर महुआ शराब इस तरह कुल 135 लीटर महुआ शराब जप्त किए। जिसका बाजार मूल्य-27000 है। इसी तरह 19 प्लास्टिक बोरियों जिसमें 40-40 किलो ग्राम कुल-760 किलोग्राम महुआ लाहन जिसका बाजार 38000 है। इस तरह कुल जप्त सामग्री का मूल्य 65000 एवं मदिरा बनाने के बर्तन बरामद किया जाकर परिवहन योग्य ना होने के कारण मौके पर नस्ट किया गया। मौके पर अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध आब.अधिनियम के तहत गैर जमानतीय धाराओं में प्रकरण कायम किया गया है। उक्त कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक जितेश नायक, आबकारी आरक्षक तुलेश्वर राठौर, लाकेश नेताम, राजेश्वर सिंह ठाकुर, कुलदीप ठाकुर, भेखराम पटेल और वाहन चालक वेदराम साहू का योगदान रहा।

# कलेक्टर जनदर्शन में आमजनों की सुनी गई विभिन्न समस्याए

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com



जिला कार्यालय में आयोजित हुए कलेक्टर जनदर्शन में आज कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो द्वारा जिले के दूर दराज के इलाकों तथा क्षेत्रों से अपनी समस्याओं के निराकरण हेतु आने वाले लोगों की परेशानियों को विस्तारपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को निराकरण करने हेतु निर्देशित किया गया। जनदर्शन में आज अलग-अलग समस्याओं के निराकरण हेतु कुल 48 आवेदन प्राप्त हुए। जिस पर कलेक्टर ने प्राप्त आवेदनों को कलेक्ट्रेट परिसर सभाकक्ष में उपस्थित संबंधित अधिकारियों को तत्काल देकर यथाशीघ्र नियमानुसार त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए है। इस दौरान अपर कलेक्टर बीरेंद्र लकड़ा, संयुक्त कलेक्टर दुष्यंत कुमार रायस्त, संयुक्त कलेक्टर के एस पैकरा सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे,जनदर्शन में आज तहसील भोथिया अंतर्गत ग्राम रायपुरा निवासी जगदीश प्रसाद साहू ने जाति प्रमाण पत्र जारी करने के संबंध में, तहसील सक्ती अंतर्गत ग्राम टेमर निवासी राजेन्द्र कुमार कुम्हार, चंद्रभूषण कुम्हार सहित अन्य ने कुम्हार समाज की सामुदायिक भवन बनवाने के संबंध में, जनपद पंचायत सक्ती अंतर्गत ग्राम पंचायत रजगा सरपंच मती मोंगरा कुर्रे ने चबूतरा निर्माण हेतु स्वीकृति के संबंध में, तहसील सक्ती अंतर्गत ग्राम नवापाराकला निवासी सु फूल कुमारी पटेल ने अवैध निर्माण हो रहे कार्य को रोक लगाने के संबंध में, तहसील डभरा अंतर्गत ग्राम देवरघटा निवासी गोरेलाल बर्मन ने शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा कर मकान बनाने एवं डस्ट डंप किए जाने के संबंध में, तहसील मालखरौदा अंतर्गत ग्राम परसा निवासी मती दुलेश्वरी बाई बरेठ ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास दिलाने के संबंध में, तहसील सक्ती अंतर्गत ग्राम रजगा निवासी दिव्यांग सुरेंद्र पाल द्वारा राशन कार्ड एवं दिव्यांग पेंशन दिलाने के संबंध में, तहसील सक्ती अंतर्गत ग्राम पासीद निवासी मती मेमबाई राठौर ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास दिलाने के संबंध में, तहसील भोथिया अंतर्गत ग्राम ठठारी निवासी मती सुशीला बाई ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के राशि ना मिलने के संबंध में सहित अन्य विभिन्न आवेदको द्वारा सप्ताहिक जनदर्शन में आवेदन दिया गया द्य इसी प्रकार अन्य विभिन्न आवेदकों द्वारा स्वास्थ्य उपचार,राशन कार्ड निर्माण, रोजगार की मांग, सड़क नाली निर्माण, अतिक्रमण हटाने, रिकार्ड दुरुस्ती, अभिलेख शुद्धता, नामांतरण, मुआवजा दिलवाने जैसे अन्य आवेदन प्राप्त हुए।

# सदस्यता अभियान को लेकर रायगढ़ विधान सभा की मंडलवार समीक्षा बैठक हुई संपन्न

■ प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव और जिला संयोजक विकास केडिया रहे उपस्थित

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



सदस्यता अभियान को और गति प्रदान करने के लिये बीते कल 8 अक्टूबर को जिला भाजपा कार्यालय में रायगढ़ विधानसभा के अतंर्गत आने वाले सभी मंडलों की बैठक आहूत की गई थी जिसमें अब तक हुई सदस्यता अभियान की समीक्षा की गई तथा आगे निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति के लिए रुपरेखा निर्धारित की गई. बैठक की अध्यक्षता कर रहे प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा कि अब इस अभियान को और गति प्रदान करने के लिये प्रदेश द्वारा अब ऑफ लाईन सदस्यता कार्यक्रम की शुरूआत की घोषणा कर दी गई है ताकि राज्य के दूरस्थ इलाके को लोगों को भी सीधे तौर पर सदस्यता अभियान से जोड़ा जा सकें। आगे उन्होंने कहा कि 25 सितंबर को पं. दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती पर जिस प्रकार भाजपा के सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं को अतिथि के रुप में बूथों पर ले जाया गया था वह अनुकरणीय प्रयास था जिसे पुनः दोहराते हुए 13,14 और 15 अक्टूबर को बूथों पर विशेष अभियान चलाते हुए उन्हें जाना है और बूथों का लक्ष्य पूरा करना है साथ ही पार्टी के पदाधिकारियों को व्यक्तिगत जो लक्ष्य मिला है उसे अनिवार्य रुप से पूरा करें। आगे उनके द्वारा मंडल अध्यक्ष, महामंत्री, सदस्यता संयोजक और मंडल पदाधिकारियों से चर्चा कर मंडल में चल रहे सदस्यता अभियान की भी समीक्षा की गई। इस दौरान सदस्यता अभियान के जिला संयोजक विकास केडिया ने बताया कि प्रदेश में साठ लाख सदस्य एवं जिल को तीन लाख सदस्य साथ ही रायगढ़ विधानसभा को एक लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य मिला है जिसके तहत रायगढ़ जिला में अब तक 60% लक्ष्य को हासिल कर लिया गया है साथ ही निर्धारित लक्ष्य को समय पर प्राप्त कर लेंगे। साथ ही उन्होंने बताया कि आगामी समय में पार्टी द्वारा 16 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक सक्रिय सदस्य बनाया जायेगा। जिन्होंने व्यक्तिगत रुप से सौ सदस्य या उससे अधिक सदस्य बना लिया है उन्हें सक्रिय सदस्य बनाया जायेगा और साथ ही प्रत्येक मंडलों में दो सौ सक्रिय सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। आज के बैठक में प्रमुख रुप से अजजा मोर्चा सदस्य श्रीकांत सोमावार, सुरेश गोयल, सुभाष पाण्डेय, भाजपा जिला उपाध्यक्ष कौशलेश मिश्रा, बब्बल पांडेय, विलिस गुप्ता, सुरेन्द्र पांडेय, रंजू संजय,अनुपम पाल, अमरदीप जटाल, शीला तिवारी, शोभा शर्मा सहित मंडल अध्यक्ष डिग्रीलाल साहू, शशिकांत शर्मा, सुकलाल चौहान, महामंत्री, सदस्यता संयोजक, सहयोगी, शक्ति केंद्रो के संयोजक, सह संयोजक, प्रभारी और प्रमुख कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

## न्यायालय बिल्डिंग के निर्माण में गुणवत्ताहीन कार्यों पर स्वयं खड़े होकर गुणवत्ताहीन हिस्से को हटाने की करी कार्रवाई

# निर्माण कार्यों में लापरवाही बरदास्त नहीं की जाएगी : द्विवेदी

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com





छत्तीसगढ़ शासन लोक निर्माण विभाग के निर्देशानुसार निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की गुणवत्ताहीन कार्यों की शिकायत मिलने पर तत्काल कार्रवाई की जा रही है,इसी श्रृंखला में लोक निर्माण विभाग संभाग शक्ति के एसडीओ राकेश द्विवेदी ने मालखरौदा विकासखंड में चल रहे लगभग 5 करोड रुपए के न्यायालय भवन के निर्माण कार्य में संबंधित निर्माण एजेंसी द्वारा गुणवत्ताहीन कार्य किए जाने की जानकारी मिलने पर तत्काल उन्होंने वहां पहुंचकर उपरोक्त निर्माण कार्यों को मौका पर उपयंत्रियों की मौजूदगी में जांच कर स्वयं खड़े होकर गुणवत्ता हीन हिस्से को तोड़वाया तथा लोक निर्माण विभाग के एसडीओ राकेश द्विवेदी ने निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि ड्राइंग, डिजाइन एवं नक्शे के अनुरूप ही उपरोक्त निर्माण कार्य करें तथा किसी भी निर्माण कार्य करने से पूर्व लोक निर्माण विभाग के संबंधित उप यंत्री से स्वीकृति प्राप्त कर ही निर्माण कार्यों को गति दें एवं किसी भी प्रकार की लापरवाही या गुणवत्ताहीन कार्य मिलने पर यह बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। तथा लोक निर्माण विभाग के एसडीओ राकेश द्विवेदी ने घंटो तक मौका स्थल पर अपने उपयात्रियों की टीम के साथ मौजूद रहे तथा एसडीओ साहब की इस कार्रवाई से जहां निर्माण एजेंसी को भी सबक मिला है तो वही PWD एसडीओ राकेश दवेदी का स्पष्ट कहना है कि शक्ति लोक निर्माण विभाग संभाग में किसी भी प्रकार के निर्माण कार्यों में कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा सभी निर्माण एजेंसियां प्राक्कलन के अनुरूप समय सीमा में कार्य को संपन्न कराए तथा यदि निर्माण एजेंटीयों को किसी भी प्रकार की कार्य करने में दिक्कत होती है वे विभाग प्रमुख से चर्चा कर उसके निराकरण की दिशा में प्रयास करें. उल्लेखित हो कि लोक निर्माण विभाग संभाग शक्ति के अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों में वर्तमान एसडीओ राकेश द्विवेदी द्वारा समय-समय पर अपनी पूरी टीम के साथ सभी कार्यों की जांच की जाती है, तथा एसडीओ साहब का कहना है कि किसी भी प्रकार का गुणवत्ताहीन काम स्वीकार नहीं होगा एवं निर्माण एजेंसियां सख्ती के साथ विभाग की गाइडलाइन का पालन करें।

**न्यायालय तहसीलदार, बेमेतरा के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202410230600005**

**मामले की श्रेणी-राजस्व**

विषय-ब-121 सन- 2024-2025
बेमेतरा प.ह.नं. 00020[(हे.)],
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार-दुष्यंत सलूजा,
अनावेदक पक्षकार-

**// ईश्तहार //**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दुष्यंत सलूजा पिता महेंद्र सिंह सलूजा निवासी ग्राम बेमेतरा तहसील बेमेतरा जिला बेमेतरा ने इस न्यायालय के समक्ष अपने दादा विलायती राम सलूजा पिता गंगाराम सलूजा का मृत्यु पंजीयन हेतु आवेदन पेश किया है जिसका मृत्यु दिनांक 12/10/1975 को स्थान ग्राम बेमेतरा में होना और भूलवश मृत्यु का पंजीयन नहीं करा पाना बताया गया है।

उक्त आवेदन पत्र के संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो तो वे नियत पेशी तारीख 22/10/2024 तक इस न्यायालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपनी दावा/आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। उक्त तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 11/07/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर
**तहसीलदार**
**बेमेतरा**

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, बलौदाबाजार (छ.ग.)**

निविदा क्रमांक 32/ले.शा./का.अ./लो.स्वा.यां./खण्ड, बलौदाबाजार दिनांक 27/09/2024

**// मैन्युअल निविदा आमंत्रण सूचना//**

''प्रपत्र-सी'' में लोक निर्माण विभाग छत्तीसगढ़ में एकीकृत पंजीयन ई-रजिस्ट्रेशन की श्रेणी ''डी'' एवं उच्च में पंजीकृत निर्माता अथवा अधिकृत विक्रेता से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| निविदा क्रमांक एवं दिनांक | ग्रुप | कार्य का विवरण | निविदा राशि | अमानत राशि |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| 32/27.09.2024 | ग्रुप-1 | Supply of unit both side 5 mm thick plate make with 3 mm thick 6" (18" long) Black Balobazar | 2.38 लाख | रू. 2400 |
| | ग्रुप-2 | Supply of unit both side 5 mm thick plate make with 3 mm thick 6" (18" long) Black Palari | 2.38 लाख | रू. 2400 |
| | ग्रुप-3 | Supply of unit both side 5 mm thick plate make with 3 mm thick 6" (18" long) Black Simga | 2.38 लाख | रू. 2400 |
| | ग्रुप-4 | Supply of unit both side 5 mm thick plate make with 3 mm thick 6" (18" long) Black Kasdol | 2.38 लाख | रू. 2400 |

उपरोक्त निविदा से संबंधी अन्य जानकारियाँ कार्यालयीन समय में खण्ड कार्यालय बलौदाबाजार के सूचना पटल पर दिनांक 16.10.2024 तक देखी जा सकती है तथा आवेदन की अंतिम तिथि 16.10.2024 है।

G-242503066/3

**कार्यपालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड**
**बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

# आयुर्वेद उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप निर्मित करने का आह्वान किया मुर्मु ने

पायनियर संवाददाता ➤ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com




राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आयुर्वेद उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप निर्मित करने का आह्वान करते हुए कहा है कि इसके लिए अनुसंधान और वैज्ञानिक परीक्षण पर जोर दिया जाना चाहिए। मुर्मु ने राष्ट्रीय राजधानी में अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान के सातवें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि आयुर्वेदिक उत्पाद अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप होने चाहिए जिससे उनका निर्यात बिना किसी बाधा के किया जा सके। इससे आयुर्वेद के ज्ञान के भंडार को सुबूत आधारित और वैज्ञानिक पद्धति के साथ विश्व-स्तर पर मान्यता दिलायी जा सकती है। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद की प्रासंगिकता बनी रहे, इसके लिए अनुसंधान में निवेश, औषधियों की गुणवत्ता में लगातार सुधार तथा आयुर्वेद के अध्ययन से जुड़े शिक्षा संस्थानों के सशक्तीकरण पर ध्यान देना होगा। उन्होंने कहा कि पूरे विश्व में आयुर्वेद की मांग और मान्यता बढ़ रही है। स्वस्थ होने के लिए मन और शरीर दोनों का ही स्वस्थ होना आवश्यक है। आयुर्वेद और योग के बारे में जानने की इच्छा दुनियाभर के लोगों को भारत की ओर खींच रही है। राष्ट्रपति ने कहा कि आयुर्वेदिक दवाओं के मुख्य स्रोत जड़ी-बूटी और वनस्पति होते हैं। इसलिए आयुर्वेद का विकास न केवल मनुष्य के लिए बल्कि जीव-जंतुओं और पर्यावरण के लिए भी हितकारी होगा। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद के प्रति हमारा पीढ़ी दर पीढ़ी का अटूट विश्वास है। इसी विश्वास का लाभ उठा कर कुछ लोग भोली-भाली जनता का नुकसान करते हैं।

# सीएचसी पत्थलगांव में 35 मोतियाबिंद मरीजों का हुआ सफल ऑपरेशन

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर जिले के दूरस्थ इलाकों में भी स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। हाल ही में मुख्यमंत्री के द्वारा जिले के अस्पतालों में विशेषज्ञ डॉक्टरों सहित अन्य मेडिकल स्टाफ की नियुक्ति की गई है। कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने स्वास्थ्य अधिकारियों को भी स्वास्थ्य केंद्रों के लगातार निरीक्षण कर वहां की व्यवस्था चुस्त दुरुस्त करने हेतु निर्देशित किया है। मुख्य चिकित्सा एवं सवास्थ्य अधिकारी एवं खंड चिकित्सा अधिकारी के मार्गदर्शन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पत्थलगांव में कुल 35 मोतियाबिंद मरीजों के आंखों का सफलतापूर्वक ऑपरेशन किया गया। ऑपरेशन नेत्र रोग विशेषज्ञ जिला चिकित्सालय अम्बिकापुर डॉ. रजत टोप्पो एवं डॉ. अनिता मिंज नेत्र रोग विशेषज्ञ सीएच सी पत्थलगांव के द्वारा किया गया। ऑपरेशन में नेत्र विभाग के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों का पूर्ण सहयोग रहा।

# आयुष्मान योजना के तहत नि:शुल्क इलाज से बची ढाई साल के बच्चे की जान



पायनियर संवाददाता ➤ कवर्धा
www.dailypioneer.com

कवर्धा के परिहार हॉस्पिटल में आयुष्मान भारत योजना के तहत निशुल्क इलाज के चलते ढ़ाई साल के बच्चे की जान बचाई गई। बोड़ला ब्लॉक के खुर्सीपार निवासी संतोष और गीता निषाद के पुत्र रंश निषाद को 12 सितंबर को निमोनिया के कारण ऑक्सीजन की कमी और सांस लेने में कठिनाई के चलते गंभीर स्थिति में परिहार हॉस्पिटल लाया गया था। शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. शशि कपूर सिंह परिहार और डॉ. पुष्पराज प्रधान ने बच्चे की स्थिति को अत्यंत नाजुक बताते हुए उसे रायपुर रेफर करने की सलाह दी। हालांकि, आर्थिक रूप से कमजोर परिवार रायपुर जाकर इलाज कराने में असमर्थ था और यहीं इलाज कराने पर अड़ा रहा। डॉ. परिहार ने परिवार की कठिन परिस्थिति को समझते हुए उन्हें आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत निशुल्क इलाज का विकल्प दिया। इसके तहत बच्चे को अस्पताल में भर्ती कर लिया गया, और डॉक्टरों की टीम ने उसकी देखभाल को एक चुनौती के रूप में स्वीकार करते हुए 24 घंटे निगरानी में रखा। रंश को 13 दिनों तक लाइफ सपोर्ट सिस्टम, वेंटिलेटर, और गहन चिकित्सा के माध्यम से इलाज दिया गया। बाद में, उसे तीन दिनों तक हाई फ्लो नेज़ल कैनुला और फिर ऑक्सीजन सपोर्ट पर रखा गया। धीरे-धीरे उसकी हालत में सुधार हुआ, और अंततः बच्चे को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

# बेरोजगार युवाओं के लिए स्वास्थ्य सेवाओं में भर्ती के लिए सुनहरा अवसर

पायनियर संवाददाता ➤ दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com

जिला स्वास्थ्य समिति की ओर से जिले के बेरोजगारों के लिए पहली बार स्थानीय स्तर पर भर्ती निकाल कर एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार जिला खनिज न्यास निधि (डीएमएफ) के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न पदों पर भर्ती की प्रक्रिया शुरू की गई है। यह पहल खासतौर पर उन डिप्लोमा और डिग्री धारक बेरोजगारों के लिए है, जो स्वास्थ्य सेवाओं में अपनी क्षमता को साबित करना चाहते हैं। इस योजना के तहत, दंतेवाड़ा जिले में कई महत्वपूर्ण पदों पर भर्ती की जाएगी। इनमें लैब टेक्नीशियन, ईसीजी टेक्नीशियन, सीटी स्कैन टेक्नीशियन, डायलिसिस टेक्नीशियन, एक्स-रे टेक्नीशियन, पीएसए टेक्नीशियन, सीएसआरएम टेक्नीशियन, ओटी अटेंडर, आरएचओ (पुरुष और महिला), डाटा ऑपरेटर, फार्मासिस्ट, स्टाफ नर्स, वार्ड बॉय, ड्रेसर और इलेक्ट्रीशियन शामिल हैं। अब तक जिले में विभिन्न टेक्नीशियन पदों के लिए साक्षात्कार आयोजित किए जा चुके हैं। भर्ती की प्रक्रिया में लैब टेक्नीशियन, ईसीजी टेक्नीशियन, सीटी स्कैन टेक्नीशियन, डायलिसिस टेक्नीशियन, एक्स-रे टेक्नीशियन, पीएसए टेक्नीशियन और सीएसआरएम टेक्नीशियन जैसे महत्वपूर्ण पदों पर साक्षात्कार कर भर्ती प्रक्रिया प्रगति पर है। इस पहल के माध्यम से न केवल बेरोजगार युवाओं को रोजगार का अवसर मिलेगा, बल्कि जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को भी सुदृढ़ बनाने में मदद मिलेगी। जिला मुख्य स्वास्थ्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.अजय रामटेके ने इस संबंध में बताया कि स्वास्थ्य विभाग का यह प्रयास दंतेवाड़ा के स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने और स्थानीय युवाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# जिला अस्पताल में चलाया जा रहा मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता सप्ताह

पायनियर संवाददाता ➤ सूरजपुर
www.dailypioneer.com



विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी मनाया जा रहा है और इस बार का ध्येय वाक्य है समय आ गया है की कार्यस्थलों पर मानसिक स्वास्थ्य को महत्व दिया जाए। एक वैश्विक रिपोर्ट के अनुसार प्रति वर्ष पूरे विश्व में कार्यस्थल पर कर्मियों के मानसिक स्वास्थ्य ठीक नहीं होने की वजह से एक ट्रीलियन यूएस डॉलर के उत्पादन का नुकसान होता है। प्रति वर्ष 12 बिलियन कार्य दिवस का नुकसान एवं कंपनियों के मुनाफे में 30 प्रतिशत नुकसान होता है। कार्यस्थल पर मानसिक स्वास्थ्य का मतलब है कि तनाव को झेलने में सक्षम रहना, नया सीखने की क्षमता का बना रहना, अपने कार्य क्षमता से कार्यक्षेत्र की उन्नति मे योगदान दे पाना मिथ्या/धारणाओं को बदलना, मानसिक स्वास्थ्य के बारे में चर्चा को आम करना, मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े कलंक को मिटाना, जैसे मानसिक स्वास्थ्य का सही न होना कमजोरी की निशानी है। जिसका मानसिक स्वास्थ्य सही नही है वो बेकार कर्मचारी है। मानसिक रूप से बीमार व्यक्ति हिंसक, सनकी या सीरियल किलर हो सकता है। मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता कैसे दें। मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देना, जो ऐसी समस्या की ओर जाते हुए दिख रहे हैं उन्हे मदद करना एवं बीमार होने से रोकना। जो मानसिक बीमारी से ग्रसित हो चुके हैं उन्हे कार्यस्थल पर भेदभाव रहित माहौल देना। हाई रिस्क वालो की पहचान कैसे करें- जो बाहरी रूप से भी हमेशा तनाव में दिखते हैं, जिनकी जिंदगी में कोई बड़ी दुर्घटना हुई है, लंबे समय से किसी रोग से पीड़ित हैं, परिवार में भी कोई व्यक्ति मानसिक रोग से पीड़ित है, किसी प्रकार की विकलांगता है, परिवार में अनबन है एवं स्वास्थ्य कर्मी/ पुलिस सुरक्षा बल जहाँ काम का तनाव ज्यादा है।

# बाबा दरबार धनोरा में आज अष्टमी



पायनियर संवाददाता ➤ उतई
www.dailypioneer.com


बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग में सोमवार को पंचमी पर्व बड़े धूम-धाम के साथ मनाया गया। संध्या कालीन आरती के बांद कलश चढ़ाया गया एवं माता रानी का सिंगार किया गया। दरबार के लक्ष्मण बाबा ने बताया कि नंद पंडा भोलू साहू मनोज पटेल के द्वारा विधि विधान के साथ पंचमी की रस्म पूरी विधि विधान के साथ किया गया। साथ ही पंचमी के दिन सुबह से ही दरबार में भक्तों का तांता लगा रहा। खीर पुड़ी चुनरी हार फुल लेकर दरबार पहुंच कर माता रानी की पूजा पाठ किया गया। हर रोज रात्रि में गुलाब साहू एवं हेमंत तेली जस एवं भजन गायक के मंडली द्वारा माता सेवा का कार्यक्रम चल रहा है। रात्रि में दर्शन के लिए बड़ी संख्या मे भक्तों का मेला लगा रहता है नौ दिन तक पुरे गांव एवं बाहर के भक्तगण माता रानी की सेवा में लिन हो गये है इस दरबार में भक्तों के द्वारा 186 मनोकामनाएं ज्योति प्रज्वलित किया गया है। दरबार में विदेश कनाडा महाराष्ट्र बलिया उत्तरप्रदेश एमपी उड़िसा अमेरिका एवं हर जिले के भक्तों द्वारा मनोकामना पूर्ण होने पर ज्योति प्रज्वलित किया गया है। लक्ष्मण बाबा ने बताया कि गुरुवार को महाअष्टमी हवन शाम 4 बजे से एवं ज्योति विसजर्न शोभा यात्रा शुक्रवार को शाम 4 बजे से रखा गया है। अतः सभी भक्तों से आग्रह है कि समय का विषेश ध्यान रखें यह जानकारी दरबार के लक्ष्मण बाबा ने दी।

## छ.ग. मदरसा बोर्ड द्वारा आयोजित अवसर परीक्षा 15 अक्टूबर से

रायपुर। छत्तीसगढ़ मदरसा बोर्ड रायपुर द्वारा आयोजित हाईस्कूल, हायर सेकेण्डरी पत्राचार पाठ्यक्रम परीक्षा द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ अवसर परीक्षा दिनांक 15 अक्टूबर 2024 से प्रारंभ होगी तथा दिनांक 23 अक्टूबर 2024 तक जारी रहेगी। परीक्षा का समय प्रातः 9:00 बजे से 12:00 बजे तक निर्धारित है। अवसर परीक्षा हेतु उर्दू कन्या उ.मा.शा. रायपुर, स्वामी करपात्री जी शा.उ.मा.वि. कवर्धा, शा.बा.उ.मा.वि. सिमगा, शा.उ.मा.वि. महावीरगंज, शा.बहु.उ.मा.वि. पेण्ड्रा तथा स्वामी आत्मानंद शा. इंग्लिश मीडियम स्कूल फरीद नगर कोहका भिलाई परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं।

# मेगा ब्लॉकबस्टर सेल 2024 के लिए मीशो को छत्तीसगढ़ में उपयोगकर्ताओं की संख्या में 40 प्रतिशत की हुई वृद्धि

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



भारत के एकमात्र ट्रू ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस मीशो ने अत्यधिक अपेक्षित मीशो मेगा ब्लॉकबस्टर सेल 27 सितंबर से 6 अक्टूबर, 2024 तक चलने वाली 'मीशो मेगा ब्लॉकबस्टर सेल 2024' के दौरान शानदार फेस्टिव सेल देखी। कंपनी ने इस साल मांग में प्रभावशाली वृद्धि देखी, पिछले साल की तुलना में कुल ऑर्डर 40त्न से अधिक बढ़े। इसके अलावा सेल अवधि के दौरान 3 करोड़ से अधिक ऐप डाउनलोड किए गए। छत्तीसगढ़ में खरीदारों द्वारा पसंद किए जाने वाले शीर्ष उत्पाद ब्लूटूथ हेडफोन और ईयरफोन, लहंगा चोली, स्मार्ट घड़ियाँ, पूजा के सामान, एक्सटेंशन बोर्ड, मोबाइल कवर और कॉटन बेडशीट थे। इसके अलावा, इस साल की मेगा ब्लॉकबस्टर सेल के दौरान उपयोगकर्ताओं की संख्या और ऑर्डर दोनों में 40% की प्रभावशाली वृद्धि हुई, जो छत्तीसगढ़ में ऑनलाइन खरीदारी के प्रति उत्साह को दर्शाती है। इसके अतिरिक्त, इस वर्ष राज्य से शामिल होने वाले विक्रेताओं में 90% की वृद्धि हुई, जो छत्तीसगढ़ की जीवंत उद्यमशीलता की भावना और ई-कॉमर्स परिदृश्य में बढ़ते अवसरों को दर्शाता है। भारत में ई-कॉमर्स की मांग को अनलॉक करके, मीशो आबादी के एक बड़े हिस्से के लिए ऑनलाइन खरीदारी को सुलभ और सस्ती बना रहा है। सेल की उल्लेखनीय सफलता पर विचार व्यक्त करते हुए, मिलन परतानी, जेनेरल मैनेजर, यूजर ग्रोथ, मीशो ने कहा, मीशो की उल्लेखनीय वृद्धि दो मुख्य सिद्धांतों पर बनी है: वंचित उपयोगकर्ताओं की सेवा प्रदान करना और सबसे कम कीमतों पर सबसे विस्तृत चयन प्रदान करना।

# एमवे इंडिया ने उपभोक्ता कल्याण की रक्षा और अपने वितरकों को समर्थन देने के प्रयासों को किया मजबूत

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com




उपभोक्ता और वितरक दोनों के हितों और कल्याण की रक्षा के लिए अपनी अटूट प्रतिबद्धता का प्रदर्शन करते हुए, स्वास्थ्य और कल्याण का समर्थन करने वाली अग्रणी कंपनियों में से एक एमवे इंडिया ने अपने उत्पादों की अनधिकृत बिक्री के बारे में हितधारकों को शिक्षित करने के लिए एक मजबूत जागरूकता अभियान शुरू किया। इस व्यापक रणनीति में शामिल जोखिमों के बारे में हितधारकों को शिक्षित करने, आपूर्ति श्रृंखला निगरानी बढ़ाने, अपराधियों के खिलाफ सख्त उपाय करने और अधिकृत वितरकों के लिए लक्षित सहायता सत्र और संसाधन शामिल हैं। यह कदम यह सुनिश्चित करके उपभोक्ता संरक्षण के लिए एमवे के समर्पण को पुष्ट करता है कि उन्हें प्रामाणिक उत्पाद मिलें एमवे उत्पाद और उनसे जुड़े लाभ केवल एमवे वितरकों या आधिकारिक एमवे वेबसाइट के माध्यम से खरीदे जाने पर ही उपलब्ध होंगे। अनधिकृत बिक्री केवल प्रत्यक्ष बिक्री तक ही सीमित नहीं है। कई कंपनियां इस मुद्दे से जूझ रही हैं जहां उत्पादों को अक्सर ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म या तीसरे पक्ष के विक्रेताओं जैसे अनधिकृत चैनलों के माध्यम से वितरित किया जाता है, जो उत्पाद की प्रामाणिकता और उपभोक्ता सुरक्षा को कमजोर करता है। उपभोक्ता सुरक्षा और उत्पाद अखंडता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता में एमवे इंडिया अपने उपभोक्ताओं को संभावित रूप से नकली और हानिकारक उत्पादों से बचाने के लिए अनधिकृत बिक्री के खिलाफ सक्रिय रूप से लड़ रहा है। अनधिकृत विक्रेता अक्सर कड़े गुणवत्ता नियंत्रण उपायों को दरकिनार कर देते हैं जो एमवे इंडिया यह सुनिश्चित करने के लिए लागू करता है कि उपभोक्ता तक पहुंचने वाला प्रत्येक उत्पाद उच्चतम मानकों को पूरा करता है।

# बैक टू आयुर्वेदः छत्तीसगढ़ के धमतरी में बूटीगढ़ की स्थापना, आयुर्वेदिक रसशाला बन रही आकर्षण का केंद्र

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने की सराहना

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



**वनसंपदा को सहेजने और आमजन को आयुर्वेद के प्रति जागरूक करने मुख्यमंत्री ने किया प्रेरित**

छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले में जल संरक्षण और आयुर्वेद को लेकर व्यापक जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। आयुर्वेदिक चिकित्सा और प्राकृतिक चिकित्सा को बढ़ावा देने के लिए एक विशेष प्रयास किया गया है। यह प्रदेश में अपनी तरह का पहला नवाचार है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आयुष विभाग और धमतरी जिला प्रशासन के इस नवाचार की सराहना की है और ज्यादा से ज्यादा वन संपदा को सहजने और लोगों को आयुर्वेद के बारे में जागरूक करने के लिए कहा है।इस पहल के अंतर्गत जिला प्रशासन ने आयुर्वेद को स्थानीय लोगों के जीवन में सम्मिलित करने के लिए विशेष रूप से जिले के वंनाचल ग्राम सिंगपुर (बूटीगढ़) में आयुष रसशाला (औषधीय पेय केंद्र) की स्थापना की गई है। बूटीगढ़ क्षेत्र में प्राकृतिक रूप से औषधिगुणयुक्त पौधे पाये जाते हैं, इसलिए यहां हर्बेरियम का निर्माण किया जा रहा है। औषधिगुणयुक्त पौधों के संवर्धन, प्रचार-प्रसार और उपयोगिता के लिए रसशाला निर्मित किया जा रहा है। इस रसशाला के माध्यम से स्थानीय लोगों, छात्रों और पर्यटकों को रसपान का लाभ मिल सकेगा। आयुर्वेद में पानी का महत्व अनमोल है, क्योंकि यह शरीर के सभी प्रमुख तत्वों को संतुलित रखता है। धमतरी जिले में 'जल जगार' कार्यक्रम के माध्यम से जल संरक्षण के साथ-साथ आयुर्वेदिक पेय पदार्थों और औषधियों की उपयोगिता को भी प्रदर्शित किया गया। प्रदर्शनी में उपस्थित आयुर्वेदिक चिकित्सकों ने बूटीगढ़ और रसशाला के महत्व को बताते हुए यह जानकारी दी कि कैसे एक परिवार और समाज शुद्ध पानी और आयुर्वेदिक खानपान को अपनाकर स्वस्थ जीवन जी सकते हैं। बेहतर मानसिक और शारिरिक स्वास्थ्य के लिए दिया जा रहा काढ़ा। आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. अवध पचौरी ने बताया कि 160 प्रकार की जड़ी-बूटियों को चिन्हित किया गया है, जिनमें से पहले चरण में बूटीगढ़ में 25,000 पौधे लगाए गए हैं। इनमें से कुछ ऐसी जड़ी-बूटियाँ हैं जिन्हें आयुर्वेदिक उपचार के लिए चूर्ण या टैबलेट बनाकर इस्तेमाल भी किया जा रहा है। समय के साथ जब बूटीगढ़ विकसित होने लगेगा तो रसशाला के जरिए लोगों को आयुर्वेद के प्रति और भी जागरूक किया जा सकता है। इसके साथ ही बूटीगढ़ में विलुप्त होने वाली जड़ी-बूटियों को भी सहजा जा रहा है, ताकि भविष्य में इन पर शोध हो सके। उन्होंने बताया कि वर्तमान में विभिन्न आयुष केंद्रों में योग करने आये लोगों, मरीजों, गर्भवती महिलाओं, किशोर-किशोरियों व बच्चों को विभिन्न जड़ी-बुटियों से बना काढ़ा, औषधी स्वरूप दिया जा रहा है, जिससे लोगों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य में सकारात्मक परिर्वतन देखने को मिल रहा है। डॉ. अवध पचौरी के मुताबिक कोविड काल के बाद से ही लगातार ये देखा जा रहा है कि अचानक हार्ट अटैक से किसी भी उम्र वर्ग के व्यक्ति की ऑन-द-स्पॉट मृत्यु हो रही है, जान बचाने के लिए समय भी नहीं मिल पा रहा है, जो एक चिंता का विषय बन चुका है। आयुर्वेद में अर्जुन पेड़ की छाल से बनें 'अर्जुन क्षीरपाक' के नियमित सेवन इंस्टेंट हार्ट अटैक के मामलों में कमी लाई जा सकती है। अर्जुन की छाल में विशेष औषधीय गुण होते हैं, जो हृदय की धमनियों को मजबूती प्रदान करते हैं और हृदय की मांसपेशियों को शक्ति देते हैं। यह विशेष रूप से उन लोगों के लिए अत्यधिक लाभकारी है, जिन्हें हृदय संबंधी समस्याएं हैं या जिनमें हार्ट अटैक का खतरा अधिक होता है। जिला आयुष अधिकारी डॉ. गुरूदयाल साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि हाल ही में जिले में हुए जल जगार महोत्सव में आयुष विभाग की प्रदर्शनी में बूटीगढ़ और रसशाला की प्रदर्शनी में मुनगा (सहजन) जैसे पौधों के औषधीय गुणों को भी प्रदर्शित किया गया।

# एयरटेल के एआई-पावर्ड नेटवर्क के साथ मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ ने स्पैम कॉल और एसएमएस को हमेशा के लिए कहा अलविदा




पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारती एयरटेल ने अपनी एआई-पावर्ड स्पैम डिटेक्शन सिस्टम के जरिए मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में अपने ग्राहकों को बड़ी राहत प्रदान की है। इस अत्याधुनिक तकनीक लॉन्च के पहले 12 दिनों में ही, टेलीकॉम सर्विस प्रोवाइडर ने अपनी इस नई सेवा से दोनों राज्यों में 5 करोड़ 70 लाख संभावित स्पैम कॉल और 13 लाख स्पैम एसएमएस की पहचान करने में सफलता हासिल की है। यह सेवा पूरी तरह से मुफ्त है और अब मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के सभी एयरटेल के ग्राहकों के लिए इसे अपने आप एक्टिवेट कर दिया गया है। इसके लिए उन्हें न तो कोई अनुरोध करना पड़ा और न ही कोई एप डाउनलोड करने की जरूरत पड़ी। लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, भारती एयरटेल, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रितेश अग्रवाल ने कहा, आज की तेजी से डिजिटल होती दुनिया में, हमारे ग्राहक घोटालों और दुर्भावनापूर्ण संदेशों के खतरे का सामना कर रहे हैं, इसके चलते अधिकतर ग्राहक असुरक्षित और इन खतरों से बचाव के तरीकों को लेकर चिंतित रहते हैं। एयरटेल अपने अनूठे एआई-संचालित सुविधा की शुरुआत करने के साथ इस गंभीर समस्या का सामना करने के लिए तैयार है। दुर्भावनापूर्ण कॉल्स और मैसेज को सक्रिय पहचान के माध्यम से, इस अनूठी नई तकनीक ने मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में एयरटेल के 1 करोड़ 60 लाख ग्राहकों को डिजिटल वातावरण में आत्मविश्वास के साथ नेविगेट करने के लिए सशक्त बनाया है। एयरटेल ने ग्राहकों की सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत किया है और एक भरोसेमंद टेलीकॉम पार्टनर के रूप में नया इंडस्ट्री स्टैंडर्ड स्थापित किया है।

# मर्सिडीज-बेंज इंडिया ने नई ई क्लास एलडब्लूबी के लॉन्च के साथ सेगमेंट को नई परिभाषा दी

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com




भारत की सबसे डिजायरेबल लग्जरी कार निर्माता कंपनी, मर्सिडीज-बेंज ने देश की सबसे पसंदीदा एक्जिक्यूटिव बिजनेस सलून, ऑल-न्यू लॉन्ग व्हीलबेस ई क्लास का लॉन्च किया और साथ ही मर्सिडीज-बेंज भारत में अपने इतिहास की सबसे अच्छी क्यू 3 सेल और सर्वाधिक जनवरी-सितंबर ईयर तो डेट सेल दर्ज की। नई लॉन्ग व्हीलबेस ई क्लास ने मर्सिडीज-बेंज के सेडान पोर्टफोलियो को और ज्यादा मजबूत किया है। यह भारतीय बाजार में सबसे ज्यादा बिकने वाले मॉडल की छठी पीढ़ी है। भारतीय सड़कों पर 57,000 से अधिक ई क्लास वाहनों के साथ यह देश में सभी सेगमेंट्स में सबसे सफल लग्जरी सलून है। मर्सिडीज-बेंज ई क्लास भारत में 'लॉंगेस्ट रनिंग प्रोडक्शन कार' भी है, जिसका उत्पादन 1995 में शुरू किया गया था। नई लॉन्ग व्हीलबेस ई क्लास ने अत्याधुनिक डिजिटल टेक्नोलॉजी की मदद से पर्सनालाईज़्ड फीचर्स के मामले में बहुत ऊँचे मानक स्थापित कर दिए हैं। इसमें लग्ज़ुरियस इंटीरियर के साथ बेजोड़ कम्फर्ट है। 1995 में स्थानीय स्तर पर उत्पादन शुरू होने के बाद ई क्लास ने लगातार विकास किया है और यह प्रबुद्ध ग्राहकों की जरूरतों के अनुरूप अनुकूलित होकर उनकी बेस्ट-इन-क्लास लग्ज़री बिजनेस सलून बन गई है।

# धर्मांतरण मुद्दे पर विवाद, दफन के लिए ऐतराज ग्रामीणों का हंगामा, पुलिस हस्तक्षेप से अंत्येष्टि



## हिन्दू रिवाज पर राजी होने से बुजुर्ग का अंतिम संस्कार

पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

ब्लॉक के अरसीटोला में मंगलवार को सुबह एक ग्रामीण की मौत पर शव दफ्न के लिए विवाद हो गया। दरअसल गांव में धनकर परिवार के एक बुजुर्ग की सोमवार को मौत हो गई थी, उनके अंत्येष्टि व दफ्न को लेकर ग्रामीणजन विरोध कर रहे थे। धर्मांतरण का मामला होने से पुलिस ने हस्तक्षेप किया। पुलिस हस्तक्षेप व श्मसान में पुलिस की मौजूदगी में लाश दफ्न किया गया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक कोकपुर ग्राम पंचायत के आश्रित ग्राम अरसीटोला में सोमवार को धनकर परिवार के मूलचंद धनकर नामक बुजुर्ग की मौत हो गई थी। मंगलवार सुबह परिजन अन्येष्टि की तैयारी कर रहे थे, तब ग्रामीणों ने धनकर परिवार के धर्मांतरण का हवाला देते गांव के रीति रिवाज से ही दफन करने देने एवं परिजनों द्वारा नहावन व मुंडन क्रिया कर्म कांड कराने पर ही दफन होने देने अड़ गए थे। पुलिस हस्तक्षेप के बाद ऐसे ध्रु व द्वारा गांव के रिवाज मुताबिक अंत्येष्टि करने धनकर परिवार को समझाइश दी गई। पुलिस ने बताया कि धनकर परिवार द्वारा गांव के नियमो का पालन करने सहमति जताने पर ही ग्रामीणजन शांत हुए। अंततः लाश दफन करने देने पर राजी हुए। देर शाम पुल्स की मौजूदगी में बुजुर्ग को सदगति मिल सकी।

### हिन्दू रीति रिवाज का हवाला

ग्रामीणों की माने तो धनकर परिवार क्रिश्चियन धर्म में कन्वर्ट हो चुका है। गांव में नवरात्रि दरम्यान किसी की मौत होने पर तत्काल ही नहावन व मुंडन का रिवाज है। वहीं धनकर परिवार हिन्दू रिवाज के संस्कारो को नही मानते हैं। नवरात्रि के पवित्र पर्व दरम्यान धनकर परिवार के नहावन मुंडन नही करने की स्थिति में नवरात्रि में दोष बाधा होगा। इसलिए गांव में दफन का विरोध कर रहे थे।

## विकास कार्यों के लिए 13 लाख की स्वीकृति

**राजनांदगांव।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सु सुरूचि सिंह ने जिला पंचायत विकास निधि योजना अंतर्गत डोंगरगांव विकासखंड के ग्रामों में विभिन्न विकास कार्यों के लिए 13 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। इसके अंतर्गत ग्राम साल्हे में शीतला पारा भवन में टाईल्स कार्य के लिए 3 लाख रूपए, ग्राम तेन्दूनाला में स्कूल भवन में टाईल्स कार्य के लिए 50 हजार रूपए, ग्राम आसरा में सामुदायिक भवन आदिवासी पारा के पास चेकर टाईल्स के लिए 3 लाख रूपए, ग्राम तिलईरवार में नया बोर से सिनटेक्स टंकी तक पाईप लाईन के लिए 1 लाख रूपए, ग्राम आसरा में शिशु मंदिर में टाईल्स कार्य के लिए 2 लाख रूपए, सामुदायिक भवन पटेल पारा में शेड निर्माण कार्य के लिए 2 लाख रूपए, ग्राम कोहका ढाबा में शिव मंदिर पास मंच पर टाईल्स कार्य के लिए 1 लाख 50 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

# ऑडिटोरियम में उतरा मां आदिशक्ति का स्वरूप, प्रस्तुति देख चकित हुए दर्शक

## गॉड थीम गरबा पर अनेक रूपों में दिखी मां भवानी

### कमल अनामिका बने बेस्ट गरबा कपल

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com




नवरात्र पर्व पर मां आदि शक्ति की आराधना करते हुए पदम पंडित गोविंद राम निर्मलकर ऑडिटोरियम में आयोजित राज गरबा उत्सव में मंगलवार को मां आदिशक्ति केअद्भुत रंग देखने को मिले. गॉड थीम पर आयोजित गरबा स्पर्धा में प्रतिभागियों ने माता रानी के अलग-अलग स्वरूप में जमकर रास गरबा किया. इस थीम में प्रतिभागियों ने अपनी अद्भुत प्रस्तुति दी. जिसे देखकर दर्शन भी चकित हो गए. मानो ऐसा लग रहा था कि ऑडिटोरियम में स्वयं मां आदि शक्ति का स्वरूप गरबा का आनंद ले रहा हो. राष्ट्रीय करणी सेना और पद्मावत महिला कल्याण समिति तथा कृष्ण सांस्कृतिक महिला समिति के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित रास गरबा उत्सव में गॉड पैटर्न पर गरबा स्पर्धा का आयोजन किया गया.गॉड थीम पर आयोजित राज गरबा स्पर्धा में मोनिका ठाकुर, ओमनी बघेल, राशि तोमर, तारिणी लालनी, आयुष अग्रवाल, अहाना हुडा, समृद्धि गुप्ता ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति दी।

इन सभी प्रतिभागियों को उनकी अद्भुत प्रस्तुति के लिए पुरस्कृत किया गया है। प्रतिभागियों को स्वाति मानकर ममता सोनी, अर्चना दास, अमित मुंदड़ा, शारदा तिवारी, माया शर्मा के संयुक्त निर्णायक मंडल के द्वारा पुरस्कृत किया गया है। वही कार्यक्रम की अगली कड़ी में जिले के अलग-अलग क्षेत्र में समाज सेवा का काम करने वाले समाज सेवकों को भी सम्मानित किया गया। आयोजन में श्याम सेवा महिला मंडल, कस्तूरबा महिला मंडल, विप्र फाउंडेशन के पदाधिकारी, डॉ मिथिलेश शर्मा, डॉ वरुण जैन, राजेश्वर वर्मा, डॉक्टर कविता वर्मा, डॉक्टर विधि मोदी, डॉक्टर मधु भदोरिया, डॉक्टर आरएस भदौरिया, डॉक्टर पुखराज बाफना, जय नारायण सिंह, सुदेश देशमुख, दुष्यंत दास, अतुल रायजादा, सुरेश सोनी, संपादक मयंक चतुर्वेदी आदि उपस्थित रहे।

# दक्षिण मंडल की सदस्यता अभियान की समीक्षा बैठक संपन्न




पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी के द्वारा निर्धारित सभी मंडलों की बैठकों का दौर संपन्नहो गया। दक्षिण मंडल की बैठक कार्यालय में रखी की गई थी। मंडल की बैठक में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष रमेश पटेल, सदस्यता संयोजक सावन वर्मा, बैठक के लिए विशेष रूप से मार्गदर्शन हेतु प्रदेश किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, मंडल प्रभारी रवि सिन्हा ,मंडल अध्यक्ष तरुण लहरवानी एवं मंडल के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर पार्षद विजय राय द्वारा एवं अन्य बूथ संयोजको के द्वारा सदस्यता बुक जमा करवाई गई। विशेष रूप से ज्यादा से ज्यादा सदस्य बनाने वाले सदस्यों का सम्मान किया गया। निर्देशित किया गया कि अधिक से अधिक संख्या मे प्रत्येक घरों मे व्यक्तिगत सम्पर्क के माध्यम से सदस्य बनाए और पार्टी की विचारधारा से जोड़े जिसमें विश्व के सबसे बड़े सबसे पुराने लोकतंत्र की पावन भूमि पर सबसे बड़े राजनीतिक दल का सदस्य होने का गौरव प्राप्त होता है।

# नवरात्रि पर्व के विभिन्न आयोजनों में शामिल हुए : जगजीत सिंह भाटिया

## प्राचीन काल से ही गांव की सुख समृद्धि कल्याण के लिए मां दुर्गा स्थापना कर आराधना करते है

पायनियर संवाददाता < छुरिया
www.dailypioneer.com

खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम रेंगाकठेरा, मांगाटोला, काहड़कसा, सोनसायटोला, खपराभाठ में नवरात्रि के अवसर पर ग्रामीणों द्वारा आयोजित भजन, जसझांकी, सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित अनेक आयोजनों में जगजीत सिंह भाटिया शामिल हुए। विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाटिया ने कहा कि प्राचीन काल से ही गांव की सुख समृद्धि कल्याण के लिए नवदिन तक मां दुर्गा स्थापना कर आराधना करते है। यह हिंदूओं का सबसे बड़ा और महत्वपूर्ण त्योहारों में से एक है। इस अवसर मुख्यरूप से किशोर यादव जिला महामंत्री पिछड़ा वर्ग मोर्चा, संजय कुमार सिन्हा महामंत्री मंडल भाजपा छुरिया, हुमन चंद्रवंशी,छन्नू लाल साहू, द्वारका प्रसाद, रिखू राम साहू, कामता प्रसाद, देवेंद्र सरवा, मती सतरूपा चंद्रमा सरपंच, डोंगरगांव, नारद टेंबुरकर, ईश्वर साहू,कन्हैया साहू,सूर्यप्रकाश सिंह राजपूत मौजूद रहे ।

## पूर्व गृह मंत्री करेंगे लोकार्पण

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

सुकूलदैहान समीपस्थ ग्राम पेंडरी में छत्तीसगढ़ राज्य शासन अंतर्गत धार्मिक न्यास, धर्मस्व विभाग एवं पर्यटन बोर्ड के माध्यम से एतिहासिक सदगुरु कबीर मंदिर/आश्रम हेतु नवनिर्मित धर्मशाला कक्ष का निर्माण पूर्ण किया गया है। करीब 10.00 लाख रुपये की की लागत से यह कार्य किया गया है। 10 अक्टूबर की दोपहर 02 बजे इसका विधिवत् लोकार्पण किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डोंगरगांव विधायक दलेशवर साहू और विशेष अतिथि भागवत साहू, गुलाब वर्मा, सुरेश सिन्हा सहित अन्य मौजूद होंगे।

# कमला कॉलेज में 51 फीट का रावण दहन होगा, शानदार आतिशबाजी की तैयारी

## डीजे बैंड की प्रस्तुति होगी, तैयारियों में जुटी समिति

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

राजा दिग्विजय दास विजयादशमी महोत्सव समिति द्वारा शहर के कमला कॉलेज मैदान में दशहरा उत्सव की तैयारियां तेज कर दी गई हैं। यहां संगीतमय आयोजन के बीच आतिशबाजी के लिए मशहूर कटक उड़िसा के आतिशबाज आसमान को सात रंगो से रंगकर अपनी कला के जौहर दिखाएंगे।

समिति के पदाधिकारी बैठक व्यवस्था के साथ ही अन्य व्यवस्थाएं तैयार करने में जुटे हुए हैं। कमला कॉलेज में राजा दिग्विजय दास विजयादशमी महोत्सव समिति के इस आयोजन का 23वां साल है। वर्ष 2001 से यहां पारंपरिक तरीके से कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। समिति के संयोजक रुबी गरचा, अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह ठाकुर, सचिव देवेंद्र साव ने बताया कि, इस बार भी लोगों को यहां 51 फीट के रावण दहन के अतिरिक्त मशहूर और शानदार आतिशबाजी का लुत्फ उठाने का अवसर मिलेगा। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि 12 अक्टूबर को कार्यक्रम शाम 7 बजे शुरु होगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम अध्यक्ष राहुल देवांगन और सचिव आफताब अहमद ने बताया कि दशानन वध से पूर्व यहां प्रसिद्ध डीजे बैंड म्यूजिक माफिया अपनी प्रस्तुति देगा। जिसमें मुख्य कलाकार ओमी देवांगन, प्रिया गुरुपंचायन और चंदन सरकार आकर्षण का केंद्र होंगे।

# आरएसएस ने किया पथ संचलन शहर में जगह-जगह हुआ स्वागत

## संगठन दुनिया का सबसे बड़ा स्वयंसेवी संगठन है

पायनियर संवाददाता < खैरागढ़
www.dailypioneer.com

विजयादशमी उत्सव के निमित्त राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों ने शहर में पथ संचलन किया। शहर के कई स्थानों में नगर वासियों और अन्य हिन्दू संगठनों ने पथ संचलन का पूष्पवर्षा कर स्वागत किया । कार्यक्रम के मुख्यातिथि तिलक वर्मा ने स्वयंसेवको को भारत माता के सेवा के लिए शुभाशीष दिया।

मुख्य वक्ता प्रान्त किसान कार्यप्रमुख उत्तर यादव ने राष्ट्रहित में समाज की भूमिका पर प्रकाश डाला। उत्तर यादव ने संघ का परिचय देते कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना 1925 में डा. केशव बलिराम हेडगेवार द्वारा की गई और आज यह संगठन दुनिया का सबसे बड़ा स्वयंसेवी संगठन है। स्वयंसेवक धार्मिक, सामाजिक और व्यक्तिगत जीवन में मातृभूमि और राष्ट्र की सेवा करते हुए सतत प्रयासरत रहते है और अन्य संघ की गतिविधियों में जैसे सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन और पर्यावरण के क्षेत्र में भी संघ कार्य करता है।

संघ की शाखा पद्धति से व्यक्ति निर्माण, व्यक्ति निर्माण से परिवार और समाज निर्माण और समाज निर्माण से देश और राष्ट्र निर्माण का कार्य सतत चलता है।

पर्यावरण संरक्षण पर बताया कि पालीथिन का उपयोग अपने जीवन में हमे बिल्कुल नही करना चाहिए क्योंकि आत्मा के बाद अगर कोई चीज़ अजर-अमर है, तो वो पालीथिन है। कार्यक्रम में संघ के जिला संघचालक राधेश्याम शर्मा, खण्ड संघचालक देवकरण वर्मा, नगर संघचालक मनोज गीडिया सहित संवैचारिक संगठन के पदाधिकारी संग समाज के अन्य लोग उपस्थित थे।

# आज अनावरित होगी छत्तीसगढ़ महतारी और स्व. देवव्रत सिंह की प्रतिमा

- प्रभारी मंत्री लखनलाल देवांगन आज जिला स्तरीय आवास मेला में होंगे शामिल

पायनियर संवाददाता < खैरागढ़
www.dailypioneer.com



पूर्व विधायक व खैरागढ़ राजघराने के स्व. देवव्रत सिंह की सिविल लाइन स्थित प्रतिमा का अनावरण गुरुवार को जिले के प्रभारी मंत्री लखनलाल देवांगन करेंगे। इस प्रतिमा के अनावरण को लेकर पिछ्ले कुछ दिनों से खैरागढ़ में विवाद की स्थिति बनी हुई थी। कांग्रेस ने लेट-लतीफ को लेकर प्रतिमा अनावरित किए जाने की चेतावनी दी थी। इस मुद्दे पर स्व. देवव्रत सिंह की पुत्री व उनके समर्थकों ने जिला प्रशासन से चर्चा कर अपनी बात रखी थी। इसके बाद ही उक्त कार्यक्रम घोषित किया गया है। जिले के प्रभारी व वाणिज्य और उद्योग एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन 10 अक्टूबर को खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के एकदिवसीय दौरे पर रहेंगे। इस दौरान मंत्री देवांगन जिले में आयोजित विभिन्न प्रशासनिक कार्यक्रमों में बतौर मुख्यअतिथि शामिल होंगे। वे खैरागढ़ पंचायत क्षेत्र के सिंघौरी में आयोजित प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत जिला स्तरीय आवास मेला में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। मंत्री देवांगन हितग्राहियों को स्वीकृत आवास पत्र एवं पूर्ण हुए आवास की चाबी भी सौपेंगे। साथ ही जिला कार्यालय परिसर में स्थापित छत्तीसगढ़ महतारी और सिविल लाइन में स्व. देवव्रत सिंह की नवनिर्मित आदमकद प्रतिमा का अनावरण करेंगे।

## आपदा प्रभावितों को सहायता अनुदान राशि स्वीकृत

**राजनांदगांव।** कलेक्टर संजय अग्रवाल ने दैवीय विपत्तियों के संबंध में राहत मद अंतर्गत आपदा प्रभावितों के लिए सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। इसके अंतर्गत राजनांदगांव तहसील में अतिवृष्टि से 6 मकान आंशिक क्षति होने पर 24 हजार रूपए, अतिवृष्टि से 4 झोपड़ी क्षति होने पर 32 हजार रूपए, अतिवृष्टि व अधिक वर्षा से 96 कपड़ा व बर्तन क्षति होने पर 2 लाख 40 हजार रूपए, अतिवृष्टि से पक्का मकान आंशिक क्षति होने पर 6 हजार 500 रूपए तथा छुरिया तहसील में सर्पदंश से 1 जनहानि होने पर 4 लाख रूपए की सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है।

# 3 शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस, पीएम स्कूलों का डीईओ ने किया निरीक्षण

## शाला में अधूरे कार्यों पर जताई नाराजगी



पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास कुमार सिंह बघेल ने डोंगरगढ़ विकासखण्ड में संचालित पीएम प्राथमिक शाला डुंडेरा एवं पीएम प्राथमिक शाला कंडरापारा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्राथमिक शाला इंडेरा के सहायक शिक्षक रमेश कुमार सिन्हा तथा माध्यमिक शाला डुंडेरा के गुलजारी लाल सांखरे एवं मती उमा जनबंधु को अपने कार्य में लापरवाही व समय पर विद्यालय नहीं पहुंचने के कारण नोटिस जारी किया। जिला शिक्षा अधिकारी ने छुरिया विकासखण्ड के पीएम प्राथमिक शाला मोरकुटुब का निरीक्षण किया।

तृतीय फेज में चयनित पीएम मेजेस छुरिया का निरीक्षण किया तथा प्राचार्यों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। डोंगरगांव विकासखण्ड के पीएम प्राथमिक शाला बोधीटोला का निरीक्षण किया तथा स्वीकृत निर्माण कार्य आज पर्यन्त अप्रारंभ स्थिति में पाए जाने पर नाराजगी जाहिर की। अमलीडीह में स्वीकृत बालवाड़ी का कार्य भी बंद पाए जाने पर डीईओ नाराज हुए।

उन्होंने तत्काल अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगांव से स्वीकृत पीएम शाला में निर्माण कार्य पूर्ण कराने हेतु चर्चा की व चतुर्थ फेज में चयनित पीएम सेजेस डोंगरगांव का भी निरीक्षण किया व प्राचार्य से आवश्यक जानकारी प्राप्त की।

# तनाव प्रबंधन के लिए योग-प्रणायाम व्यायाम व अच्छी नींद लेने का सलाह

## विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस का आयोजन

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com




07 से 10 अक्टूबर तक विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस का आयोजन किया जा रहा है। इसका थीम - मेंटल हेल्थ एट वर्कप्लेस अर्थात कार्यस्थल पर मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देना। इस अवसर पर निःशुल्क चिकित्सकीय जांच शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण के साथ-साथ मानसिक रोग के प्रति जन-जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत संचालित जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिरो में मानसिक रोगो का ईलाज निःशुल्क किया जाता है। जिला कार्यक्रम प्रबंधक संदीप ताम्रकर ने बताया कि मानसकि स्वास्थ्य अंतर्गत दिग्विजय स्टेडियम में देश से आए हुए प्रतिभावान खिलाड़ियों को मानसिक रोग के लक्षण, बचाव एवं रोकथाम के बारे में जागरूक किया गया। तनाव प्रबंधन हेतु योग, प्रणायाम, व्यायाम एवं अच्छी नींद लेने का सलाह दी गई। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग से जिला सलाहकार सु निहारिका टोपनो, एफएल.ओ. थामेश वर्मा, साईकेट्रिक नर्स मती रूपा मानकर, फिजियोथेरेपिस्ट माधुरीदेवी नेहरू, सोशल वर्कर गीतू साहू उपस्थित थे।

# किराए की लेनदारी पर विवाद, महिला समूह खाली करेगा सी-मार्ट

पायनियर संवाददाता < छुरिया
www.dailypioneer.com



वैष्णव महिला समूह पैरीटोला को सी'-मार्ट का संचालन सौपा गया

जनपद पंचायत परिसर में स्थित सी-मार्ट के संचालक को नोटिस के बाद भी सी-मार्ट खाली नहीं करने पर सोमवार को तहसीलदार, पुलिस बल के साथ सी-मार्ट खाली कराने पहुंचे। जहां सी-मार्ट संचालक एवं तहसीलदार के बीच नोकझोंक के बाद संचालक द्वारा दुकान में रखे सामान हटाने की सहमति देने के बाद मामला शांत हुआ। मिली जानकारी अनुसार तत्कालीन पूर्व कांग्रेस सरकार के मंशानुरूप स्थानीय महिला समूहों को रोजगार उपलब्ध कराकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से ब्लाक मुयालय में सी-मार्ट खोला गया। इसी मद्देनजर लगभग एक साल पूर्व वैष्णव महिला समूह पैरीटोला को सी'-मार्ट का संचालन सौपा गया था। लगभग एक साल से जनपद पंचायत परिसर में स्थित सी-मार्ट का संचालन मां वैष्णव महिला समूह द्वारा किया जा रहा था। बताया जा रहा है कि समूह का लगभग ढाई लाख रूपये किराये की राशि बकाया है। जिसे वसूलने के लिए भी उसे नोटिस थमाया गया है।

## संचालकों की अफसरों से नोकझोंक

31 अगस्त को पुनः सी-मार्ट संचालन के लिए टेण्डर प्रक्रिया की गई एवं विधिवत किसी अन्य महिला समूह को इसका टेण्डर मिला। तत्पश्चात वैष्णव महिला समूह को सी-मार्ट खाली करने कई बार नोटिस थमाई गई। दुकान खाली नहीं करने पर सोमवार को तहसीलदार विजय कोठारी एव नायब तहसीलदार विजय साहू स्थानीय पुलिस बल के साथ सी-मार्ट खाली कराने आदेशित किया गया। इस बीच महिला समूह एवं तहसीलदार के बीच नोकझोंक होती रही। अंततः सी-मार्ट संचालन समूह द्वारा सीमार्ट खाली करने सहमति देने पर मामला शांत हुआ।

# 90 स्त्रोत विहीन ग्रामों में नल कूप खनन के लिए दी गई स्वीकृति

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

जल जीवन मिशन के अंतर्गत स्त्रोत विहीन ग्रामों में नल कूप खनन के लिए सचिव लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मोहम्मद कैसर अब्दुल हक द्वारा स्वीकृति दी गयी। उल्लेखनीय है कि जल जीवन मिशन अंतर्गत सभी गांव की योजना स्वीकृत गयी थी और उन स्त्रोतों को आधार मानकर योजना बनाई गयी थी किन्तु वर्तमान में उनमे से कई स्त्रोत सूख गए है। कई जगह नल कूप खनन करने पर अधिक गहराई में ही पानी मिल पाता था एवं कई स्त्रोतों में पानी कम हो जाने के कारण भी लोगो को पर्याप्त लाभ नहीं मिल पा रहा था। कलेक्टर संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक में मांग रखी गई एवं यह निर्णय लिया गया था कि अधिक गहरे नल कूप का कार्य सिविल के माध्यम से कराया जाये, जिस हेतु उनके द्वारा सचिव जल जीवन मिशन हेतु पत्र प्रेषित किया गया था। जिस पर तत्काल कार्यवाही करते हुए सचिव मोहम्मद कैसर अब्दुलहक एवं मिशन संचालक जल जीवन मिशन डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भूरे द्वारा बैठक कर विकासखंड राजनांदगाव के 5, डोंगरगाव के 31, डोंगरगढ़ के 30 एवं छुरिया के 24 ग्राम मिलाकर कुल 90 नल कूप खनन का लक्ष्य प्रदाय किया गया है। अब ग्राम बांकल, केसला, पिटेहर, आलिवारा इत्यादि सहित 90 गांव में जल जीवन मिशन से नए स्त्रोत का निर्माण कर पर्याप्त लोगों को जल प्रदाय किया जाएगा।

# रामानुजगंज के राजेश ज्वेलर्स में हुई डकैती के फरार दो आरोपी गिरफ्तार

## तीन युवकों ने मिलकर लूटा था 8 किलो सोना, 6 करोड रुपए से ज्यादा की थीं लूट का अनुमान


रामानुजगंज में ज्वेलरी शॉप में लूटपाट

रामानुजगंज की सबसे बड़ी ज्वेलरी शॉप के लुटेरे गिरफ्तार

अन्य राज्यों में भी दर्ज है अपराध, दो आरोपी अभी भी फरार



पायनियर संवाददाता < रामानुजगंज
www.dailypioneer.com

जिला मुख्यालय बलरामपुर में जिले के पुलिस अधीक्षक वैभव बैंकर ने आयोजित पत्रकारवार्ता में बताया कि जिले में 5 करोड़ के जेवरात और 7 लाख कैश लूट मामले में पुलिस ने बुक्की सोनी गिरोह के 2 फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इनके पास से 1 एक करोड़ कीमती 1.35 किलो से ज्यादा सोना जब्त किया गया है। गिरोह के दोनों सरगना सहित अब तक 8 आरोपी गिरफ्तार हुए हैं। दरअसल, 11 सितंबर को रामानुजगंज नगर पालिका चौक स्थित राजेश ज्वेलर्स में दोपहर 1.30 बजे हथियारबंद 3 बदमाशों ने लूट की थी। बदमाशों ने ज्वेलरी शोरूम के संचालक राजेश सोनी (भाजपा पार्षद), दो ग्राहकों और कर्मचारियों को बंधक बना लिया था। इसके बाद करीब 15 मिनट में 5 किलो सोना और कैश लेकर बाइक से झारखंड की ओर भाग निकले थे। लुटेरों ने राजेश सोनी पर हमला कर उन्हें घायल भी कर दिया था। दूसरे दिन लूट में इस्तेमाल एक बाइक और मोबाइल झारखंड के रंका में मिला था।

### फरार आरोपी धराए सोना और नगदी जब्त

पुलिस ने लूट में सीसी कैमरों की मदद से आरोपियों की पहचान की। इनमें झारखंड के चौनपुर निवासी मोनू सोनी उर्फराज सोनी उर्फबुकिया और औरंगाबाद के अम्बा निवासी राहुल कुमार मेहता शामिल थे। मामले में पुलिस ने दोनों सरगना सोनू सोनी,मोनू सोनी सहित छह आरोपियों को दिल्ली,मोहाली और औरंगाबाद से गिरफ्तार कर घटना का खुलासा 3 अक्टूबर को किया था।

### पुलिस ने की लूट का ज्यादातर सोना जब्त

मामले की जांच में पुलिस को अधिकांश सोना जब्त करने में सफलता मिली है। मामले में 6 आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने 3.354 किलो सोना,7.280 किलो चांदी बरामद की है। वहीं दो अकाउंट में जमा 5.80 लाख रुपयों को सीज किया गया है। व्हीं दो आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद आरोपियों के कब्जे से 1.354 किलो सोना,1 किलो चांदी जब्त किया गया है। आरोपियों के पास से एक देशी कट्टा भी बरामद किया गया है।

### पुलिस गिरफ्त में आए इतने आरोपी

मोनू सोनी उर्फराज सोनी उर्फबुकिंग (24) चौनपुर, झारखंड सोनू सोनी उर्फ आनंद सोनी (30) चौनपुर, झारखंड राहुल मेहता (22) महावीरगंज, औरंगाबाद विक्की सिंह (24) अम्बा, जिला औरंगाबाद अरविंद सोनी, ग्राम चौनपुर (सोनू का मामा)अंजली एक्का (सोनू की गर्लफ्रेंड), मोहाली चंडीगढ़ राधेश्याम पासवान (25), अम्बा, जिला औरंगाबाद रोहित उर्फ कलुआ (22), अम्बा, जिला औरंगाबाद कई वारदातों में शामिल था।

### पुलिस ने गिरोह पर रखा था 50 हजार रुपए का इनाम

आरोपी मोनू सोनी उर्फराज सोनी उर्फ बुकिया और उसके भाई मोनू सोनी पर रांची पुलिस ने भी 50-50 हजार का इनाम रखा है। यह गिरोह ज्वेलरी दुकानों को ही निशाना बनाता था। बुकिंग सोनी के खिलाफ पहले भी गुमला में डकैती, झारखंड के सोनानी,रांची और पलामू में लूट के दो केस और चौनपुर थाना क्षेत्र में लूट सहित कुल सात केस दर्ज हैं।

### कृषि मंत्री ने किया रामानुजगंज में पुलिस का सम्मान

लूटकांड में शामिल बड़े गिरोह के सरगनाओं सहित अन्य सभी आरोपियों की गिरफ्तारी और ज्यादातार सोने की बरामदगी के बाद रामानुजगंज में बलरामपुर पुलिस का सम्मान किया गया। प्रदेश के मंत्री रामविचार नेताम ने बलरामपुर एसपी बैंकर वैभव सहित लूटकांड के खुलासे में लगे पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों को सम्मानित किया। मंत्री नेताम ने कहा कि आरोपियों की गिरफ्तारी से छत्तीसगढ़ पुलिस के प्रति विश्वास और सम्मान बढ़ा है। पुलिस ने जिस तरह से रात-दिन एक कर मामले के खुलासे के लिए काम किया,वे बधाई के पात्र हैं।

### बड़ा सवाल सुषमा सोनी को कब मिलेगा न्याय 1 वर्ष पूर्व हुई थी 9:30 लाख रुपए की लूट

पुलिस थाना रामानुजगंज अंतर्गत नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 9 में स्थित शंभू ज्वेलर्स में 17 अक्टुबर 2023 को दिन में 10.35 बजे एक कपडे के झोला में सोने,चांदी का जेवर गहना व नगदी एवं एक 15000 रूपये का मोबाइल सेट जिसमें सीम लगा हुआ था जिसे रख कर दुकान खोल रही थीं उसी समय दो अज्ञात व्यक्ति मोटर सायकल में आये और 9:30 लाख रुपए से भरी झोली को उठाकर फरार हो गए। पीड़ित वेवा महिला सुषमा सोनी विगत 1 वर्षो से पुलिस थाना रामानुजगंज से लेकर एसपी कार्यालय बलरामपुर तक का चक्कर लगाते लगाते थक गई है लेकिन अभी तक उसको न्याय नहीं मिला राजेश ज्वेलर्स में लूट के बाद सभी आरोपियों को पकड़े जाने की खबर मिलते ही सुषमा सोनी के मन में उम्मीद जगा की उसको भी न्याय मिल जाएगा। और पुनःशनिवार को अपनी पीड़ा को एक सफेद कागज पर व्यक्त करते हुए नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक वैभव बैंकर से मुलाकात कर न्याय की गुहार लगाई है सुषमा सोनी ने बताया कि कार्रवाई करने का आश्वासन मिला है अब यह कब तक पूरा हो पाएगा यह कुछ कहा नहीं जा सकता क्योंकि पहले ही 1 साल का समय व्यतीत हो चुका है?

# विप्र ट्रॉफी इंटर कॉलेज बास्केटबॉल फाइनल में पैलोटी कॉलेज बना चैंपियन

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

उच्च शिक्षा विभाग के तत्वावधान में विप्र कॉलेज द्वारा विप्र ट्रॉफी इंटर कॉलेज बास्केटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबला में सेंट विंसेंट पैलोटी कॉलेज ने दुर्गा महाविद्यालय को संघर्षपूर्ण मुकाबले में 37-32 से हराकर चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया। विप्र कॉलेज मैदान में खेले गए पहले हाफ में पैलौट्री कॉलेज और दुर्गा कॉलेज के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। पैलोटी कॉलेज मात्रा एक अंक बढ़त लेकर 15-14 से आगे रहा। दूसरे हाफ में पैलोटी कॉलेज के खिलाड़ी हावी रहे और अंत में 37-32 की स्कोर पर मैच जीत लिया। फाइनल मुकाबले के बाद पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि विप्र शिक्षण समिति के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा एवं विशिष्ट अतिथि भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कोच एवं मैनेजर तरुणेश परिहार ने विजेता



और उपविजेता टीम को विप्र ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। साथ ही विजेता एवं उपविजेता टीम के सभी खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।


इंटर कॉलेज बास्केटबॉल प्रतियोगिता का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी पैलोटी कॉलेज के अनस बेग को घोषित किया गया। इस अवसर पर ज्ञानेश शर्मा ने खिलाड़ियों को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने के लिए महाविद्यालय में उपलब्ध खेल सुविधाओं का लाभ उठाकर कठोर परिश्रम करने के लिए प्रेरित किया। तरुणेश परिहार ने खिलाड़ियों को सफलता के टिप्स दिए। इसके पूर्व अतिथियों का स्वागत करते हुए प्राचार्य डॉ.मेघेश तिवारी ने बताया कि अंतर महाविद्यालय बास्केटबॉल प्रतियोगिता के माध्यम से रायपुर सेक्टर टीम का गठन किया जाएगा।

इस प्रतियोगिता में 9 टीम ने हिस्सा लिया। इस अवसर में विजय शर्मा व प्यारेलाल साहू भी मंच पर उपस्थित थे। प्रतियोगिता आयोजन सचिव राजेश तिवारी ,डॉ. कैलाश शर्मा एवं ज्ञानेंद्र भाई के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर समस्त प्राध्यापक सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे।

# बालको के सेक्टर-3 दुर्गा पंडाल में धूमधाम से आयोजित हुई शक्ति पूजा

पायनियर संवाददाता < बालकोनगर
www.dailypioneer.com

नवरात्रि के अवसर पर बालकोनगर के सेक्टर-3 स्थित दुर्गा पंडाल में आदिशक्ति की स्थापना धूमधाम से की गई। बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार सहित बालको परिवार के सदस्यों ने देवी दुर्गा की आराधना कर बालको की उत्तरोत्तर प्रगति की कामना की। बालकोनगरवासियों ने बालको सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति की ओर से स्थापित दुर्गा माता की प्रतिमा की पूजा-अर्चना की। दुर्गा पंडाल की उत्कृष्ट साज-सज्जा और देवी के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में बालकोनगर और आसपास के क्षेत्रों के नागरिक पहुंचे। होंगे। समिति द्वारा सेक्टर-3 में स्थापित दुर्गा पंडाल लगभग 54 वर्षों से आयोजित किया जा रहा है।






# भाजपा कार्यकर्त्ता के घर पहुंचे सांसद बृजमोहन अग्रवाल का हुआ आत्मीय स्वागत



पायनियर संवाददाता < शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com

छ.ग. शासन के पूर्व मंत्री एवं सांसद बृजमोहन अग्रवाल सांरगढ़ से रतनपुर प्रस्थान के दौरान शिवरीनारायण पहुंचे थे। जहां पर वे नगर के युवा भाजपा नेता गौरव केशरवानी के घर पहुंचे और परिजनों से मुलाकात की। मंत्री के गृह आगमन पर गौरव केशरवानी और उनके परिवारजनों द्वारा आतिशबाजी एवं फूल माला व गुलदस्ता से आत्मीय स्वागत किया। पूर्व मंत्री एवं सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने सभी का कुशलक्षेप जाना। इस अवसर पर काफी संख्या में पार्टी कार्यकर्त्ता उपस्थित थे। चंद्रकांत तिवारी, सुशील केशरवानी, अश्वनी केशरवानी, मनीष केशरवानी, सविता तिवारी, योगेश केशरवानी, हरीश कशयप, असफाक खान, गोपी चौहान, सुधांशु यादव

# दुर्गा माता की प्रतिमाओं का विसर्जन महादेव घाट पाटन पुलिया के पास कुंड में

- श्रद्धापूर्वक विसर्जन हेतु नगर निगम रायपुर की व्यवस्था 12 से 15 अक्टूबर महादेवघाट पाटन पुलिया के पास विसर्जन कुंड में रहेगी
- लाईट, क्रेन, स्टेज एवं लाउड स्पीकर, साफ-सफाई व्यवस्था दी जायेगी

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

नेशनल ग्रीन ट्रिब्युनल द्वारा दिये गये निर्देशों का पालन करते हुए नगर निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने विगत वर्ष की तरह इस वर्ष 2024 को भी श्री दुर्गा माता की प्रतिमाओं के श्रद्धापूर्वक विसर्जन हेतु श्रद्धालु नागरिकों के लिए नगर निगम रायपुर की ओर से खारून नदी में महादेवघाट पाटन पुलिया के पास विसर्जन कुंड में 12 अक्टूबर को सुबह 6 बजे से 15 अक्टूबर को सुबह 6 बजे तक निगम जोन कमिश्नरों सहित जोन अमले की प्रशासनिक ड्यूटी लगा दी है। आयुक्त ने जोन 8 कमिश्नर को श्री दुर्गा माता विसर्जन की प्रशासनिक व्यवस्था हेतु महादेव घाट में लाईट, क्रेन, स्टेज एवं लाउड स्पीकर, साफ सफाई आदि की आवश्यक व्यवस्था तत्काल सर्वोच्च प्राथमिकता से सुनिश्चित करवाने के आदेश दिये है। नगर निगम रायपुर के आयुक्त ने नेशनल ग्रीन ट्रिब्युनल एनजीटी एवं शासन द्वारा दिये गये निर्देशों का पालन करने के निर्देश संबंधित निगम अधिकारियों को दिये है। नगर निगम के आयुक्त ने निर्देशित किया है कि दुर्गा उत्सव के अवसर पर नेशनल ग्रीन ट्रिब्युनल एनजीटी एवं शासन द्वारा दिये गये निर्देशों का पालन किये जाने, विसर्जन कुंड स्थल पर दुर्गा विसर्जन के पूर्व पूजन सामग्री को अलग कराकर उपयुक्त स्थल पर रखे जाने नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल एनजीटी के निर्देशानुसार नदी में स्थायी कुंड से विसर्जित मलमा अन्य बांस बल्ली एवं दूसरी सामग्रियों को 24 घंटे के भीतर कुंड से बाहर निकालकर जल को दूषित होने से बचाये जाने, नदी में दुर्गा विसर्जन न हो इसका कडाई से पालन किया जावे तथा नदी के जल को दूषित होने से बचाया जावे साथ ही नेशनल ग्रीन ट्रिब्युनल एनजीटी के निर्देशानुसार ध्वनि, वायु प्रदूषण पर नियंत्रण रखने हेतु जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन को सूचित कर समन्वय स्थापित कर कार्यवाही करने के निर्देश संबंधित निगम अधिकारियों को दिये है। आयुक्त ने उक्ताशय का प्रशासनिक आदेश तत्काल प्रभावशील करते हुए संबंधित निगम अधिकारियों को नेशनल ग्रीन ट्रिब्युनल के निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करवाने के निर्देश अधिकारियों को दिये है।

# महतारी वंदन योजना से जिले की महिलाएं हो रही आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर

- ग्राम छतौना की विमला के पारम्परिक व्यवसाय को मिली नई दिशा

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com

राज्य शासन द्वारा शुरू की गई महतारी वंदन योजना से जिले की महिलाएं आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हो रही हैं। इस योजना की राशि से महिलाएं न केवल अपने घर की छोटी-छोटी जरूरतें पूरी कर रही है, बल्कि पारम्परिक व्यवसाय को भी आगे बढ़ाने में उपयोग कर रही है। मुंगेली विकासखण्ड के ग्राम छतौना की विमला महतारी वंदन योजना से अपने पारम्परिक व्यवसाय को नई दिशा दी है। योजना के तहत मिलने वाली राशि से जरूरी सामाग्रियों का क्रय करके मिट्टी के दीये,



घड़ा आदि बना रही है और इसे बाजार में विक्रय कर अच्छी-खासी आमदनी प्राप्त कर रही है। इससे घर की आर्थिक परिस्थिति में भी सुधार हो रहा है। विमला बताती है कि उनके परिवार में 03 बच्चे सहित कुल 05 सदस्य हैं। वे अपने पति के साथ पारम्परिक व्यवसाय से जुड़ी हुई है। पहले आर्थिक परिस्थिति ठीक नहीं होने के कारण व्यवसाय को आगे बढ़ाने में काफी मुश्किलों को सामना करना पड़ रहा था, लेकिन राज्य शासन द्वारा जब से महतारी वंदन योजना शुरू की गई है, तब से व्यवसाय को आगे बढ़ाने में मदद मिल रही है। इसके लिए श्रीमती विमला ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद ज्ञापित किया है। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए महतारी वंदन योजना शुरू की गई है। योजना के तहत विवाहित महिलाओं को 1,000 रुपए प्रतिमाह वित्तीय सहायता डीबीटी के माध्यम से सीधे उनके बैंक खातों में जमा की जा रही है। इससे महिलाओं में एक नया आत्मविश्वास जगा है और उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा भी बढ़ी है।



### सरदार इंदर सिंह का निधन

**रायपुर।** पंडरी निवासी स.इंदर सिंह मथारू (उम्र - 85)का आकस्मिक निधन 9 अक्टूबर को सुबह 10.00 बजे हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा 10 अक्टूबर को सुबह 10.30 बजे उनके निवास पंडरी से देवेंद्र नगर मुक्तिधाम में ले जाई जायेगी। वे बलदेव सिंह, सुखदेव सिंह (निक्कू), जसमेल सिंह (जस्से) के पिता थे।

# पशुपालकों को उन्नत नस्ल के पशुपालन कर आय बढ़ाने किया गया प्रोत्साहित

## ग्राम निरजाम में पशु मेला उत्सव एवं प्रदर्शनी का हुआ आयोजन




पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com

कलेक्टर के मार्गदर्शन में पशु चिकित्सा विभाग द्वारा मुंगेली विकासखण्ड के ग्राम निरजाम में पशु मेला उत्सव एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

इस दौरान पशुपालकों को विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई। इसके साथ ही उन्नत नस्ल के पशुपालन कर आय बढ़ाने प्रोत्साहित किया गया। पशु मेला में कुल 77 पशुओं की प्रदर्शनी लगाई गई, जिसका बड़ी संख्या में लोगों ने आकर अवलोकन किया। उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. आर. एम. त्रिपाठी ने बताया कि प्रदर्शनी के दौरान विभिन्न श्रेणी के पशुधन का चयन कर गाय, भैंस, बैल जोड़ी, बकरा-बकरी, मुर्गा व मुर्गी के पशुपालकों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार वितरण किया गया। पशुपालकों को पशुओं में होने वाली किलनी एवं किरमी तथा बीमार पशुधन के ईलाज हेतु दवा दी गई। इस अवसर पर जनपद पंचायत मुंगेली के उपाध्यक्ष पवन पाण्डेय, गणमान्य नागरिक शिवकुमार बंजारा, डॉ. शत्रुघ्न सिंह, डॉ. नूतन पांचखाण्डे, डॉ. शरद केशरवानी, डॉ. ओ. पी. बघेल, बी. पी. चन्द्रा, डी. के. ठाकुर, ग्राम के सरपंच, पंच एवं ग्रामीणजन मौजूद रहे।

## हितग्राहियों को आवास की चाबी भेंटकर कराया गृह प्रवेश, वित्तीय वर्ष 2024-25 में 8 हजार से अधिक

# कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत ने लाटाबोड़ में आयोजित जिला स्तरीय आवास मेला में लाभार्थियों को प्रदान किया स्वीकृत पत्र

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने मंगलवार को जिले के बालोद जनपद के ग्राम लाटाबोड़ में आयोजित जिला स्तरीय आवास मेला में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत नवीन स्वीकृत हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र प्रदान कर उन्हें शुभकामनाएं दी। इस अवसर कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत ने हितग्राहियों को पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत भी किया गया। इस दौरान उन्होंने हितग्राहियों को प्रथम किश्त के रूप में 40 हजार रुपये का डेमो चेक का भी वितरण भी किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री आवास योजना के आवासों के निर्माण कार्य पूरा हो जाने पर हितग्राहियों को आवासों की चाबी भेंटकर उन्हें नवनिर्मित आवासों में प्रवेश भी कराया गया। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री आवास योजना





ग्रामीण के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में बालोद जिले में 8 हजार से अधिक आवासों की स्वीकृति मिली है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत लाटाबोड़ एवं आसपास के अन्य ग्रामों के नवीन स्वीकृत लाभार्थियों को इस योजना के फलस्वरूप उनके लिए आवास स्वीकृत होने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने ग्रामीणों को इस योजना के महत्व एवं उद्देश्य के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि हमारी सरकार की मंशा है कि प्रत्येक आवासहीन परिवारों को बेहतर आवास की सुविधा प्रदान की जाए। इसी मंशा के अनुरूप शासन के द्वारा सभी आवासहीन परिवारों के लिए प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति सुनिश्चित की जा रही है।

**सीईओ डॉ. कन्नौजे ने दी शुभकामनाएं**-बता दे कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में जिले को कुल 13 हजार 779 नवीन आवासों का लक्ष्य आबंटित किया गया है। जिसके विरूद्ध में 8 हजार 753 आवासों को स्वीकृत प्रदान की गई है। जिसमें 8 हजार 113 हितग्राहियों को प्रथम किश्त की राशि का अंतरण संबंधितो के खाते में राशि का अंतरण एफटीओ के माध्यम से किया जा चूका है। वही जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. सजंय कन्नौजे ने हितग्राहियों को आवास पूर्ण होने पर एवं नए आवास की स्वीकृति मिलने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने नवीन स्वीकृत हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत राशि का सदुपयोग कर आवास निर्माण के कार्य को शीघ्र पूरा करने को कहा।

**हितग्राहियों ने पूजा अर्चना कर किया गृह प्रवेश**-उल्लेखनीय है कि नवरात्रि के इस पावन अवसर पर प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत जिले में 8 हजार से अधिक ग्रामीणों को नवीन प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति मिलने से उनके चेहरे खुशी से खिल उठे हैं। ग्रामीण क्षेत्रो में जहाँ आजीविका के सीमित संसाधन होते हैं वहाँ लोग अपने परिवार के बुनियादी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत करते है। ऐसे में यदि इन्हीं आवश्यकताओ को पूरा करने के लिए यदि शासकीय सहायता मिल जाए तो जीवन के बड़े से बड़े कष्टों से छुटकारा पाया जा सकता है। जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में इस त्यौहार के सीजन में अपना पक्का आवास निर्माण के बाद लाभार्थी विधिवत पूजा-अर्चना एवं अनुष्ठान करते हुए अपने सपनों के आशियाने में गृह प्रवेश कर रहे हैं। साथ ही जिन लाभार्थियों को नवीन आवास की स्वीकृति मिली है वे सभी परिवार भूमिपूजन कर अपनी खुशियाँ बाँट रहे हैं।

# ठाकुर देव में जगमगा रहे हैं श्रध्दा के दीप



पायनियर संवाददाता < शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com

ग्राम देवता ठाकुर देव मे हर वर्ष नगरवासियों के सहयोग से शारदीय एवं चैत्र दोनो नवरात्रि में दीप प्रज्वलित हेता है इस वर्ष भी ठाकुर देव में बड़े धुम धाम से शारदीय नवरात्रि मनाया जा रहा है। सुबह -शाम आरती के समय नगरवासियों की काफी भीड़ रहती है और प्रति दिन है ठाकुर देव का देर रात्रि तक भजन कीर्तन और जसगीत से सेवा हो रहा है। नवमी के दिन ठाकुर देव में भंड़ारे का आयोजन होता है जिसमें सभी नगरवासी प्रसाद स्वरूप भोजन ग्रहण करत हैं।

# राज्य बाल संरक्षण समिति की कार्यकारिणी एवं राज्य बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक संपन्न

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

किशोर न्याय बालकों की देखरेख और संरक्षण अधिनियम के प्रावधानों के तहत गठित राज्य बाल संरक्षण समिति की कार्यकारिणी एवं राज्य बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक सचिव महिला एवं बाल विकास विभाग एवं पदेन अध्यक्ष राज्य बाल संरक्षण समिति शम्मी आबिदी की अध्यक्षता में मंत्रालय महानदी भवन में सम्पन्न हुई। सचिव महिला एवं बाल विकास द्वारा बैठक में बाल संरक्षण से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों पर एवं विभिन्न विभागों के साथ समन्वय पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में संचालक महिला एवं बाल विकास तुलिका प्रजापति एवं अन्य सहयोगी विभागों गृह विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, समाज कल्याण विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, वित्त विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, तकनीकी शिक्षा विभाग, पुलिस विभाग, राज्य विधिक सहायता प्राधिकरण, रेलवे एवं



एनआईसी आदि विभागों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। बैठक में सर्वोच्च न्यायालय में विभिन्न महत्वपूर्ण प्रकरणों में समयबद्ध कार्यवाही हेतु रणनीति, बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान एवं मिशन वात्सल्य के तहत की गई गतिविधियों व कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के परिपालन में मुख्य सचिव द्वारा भी विधि विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा गृह विभाग व अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक ली गई थी। बैठक में सर्वोच्च न्यायालय के आदेश एवं मुख्य सचिव द्वारा दिये गये निर्देशानुसार सचिव, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा राज्य बाल संरक्षण समिति की बैठक में लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम-2012, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण नियम-2020 एवं किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम, 2015 यथासंशोधित अधिनियम-2021 तथा नियम 2016 यथासंशोधित नियम-2022 के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। अधिनियम और नियमों के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। इस संबंध में गृह विभाग को सभी जिलों में लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम-2012 की धारा 19 (6) का पालन सुनिश्चित किये जाने हेतु निर्देश प्रसारित करने, पीड़ित को क्षतिपूर्ति योजना के अंतर्गत मुआवजा दिलाने हेतु पर्याप्त राशि बजट उपलब्ध कराने एवं पीड़ितों को शीघ्र क्षतिपूर्ति उपलब्ध कराने, शिक्षा विभाग द्वारा पीड़ित बालक/बालिकाओं की शिक्षा की निरंतरता बनाये रखने के लिए आवश्यक प्रयास करने और कौशल प्रशिक्षण हेतु कौशल विकास प्राधिकरण द्वारा जिला बाल संरक्षण इकाई से समन्वय कर संबंधितों को रोजगार मूलक प्रशिक्षण देने निर्देशित किया गया। भारत शासन के निर्देशानुसार राज्य के 20 जिलें जहां विशेषीकृत दत्तक ग्रहण अभिकरण संचालित नहीं थे, उन जिलों में जिला प्रशासन को बच्चों की क्षमता की विशेषीकृत दत्तक ग्रहण एजेंसी संचालित करने की स्वीकृति एवं प्रावधिक पंजीयन कर संचालन की जानकारी दी गई। इसी तरह से उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश के परिपालन में विभाग द्वारा बाल देखरेख संस्थाओं की निगरानी एवं अनुश्रवण हेतु राज्य स्तरीय निरीक्षण समिति, जिला स्तरीय निरीक्षण समिति के साथ-साथ समितियों में नामांकित सिविल सोसाईटी के प्रख्यात व्यक्तियों को विजिटर के रूप में नामांकित किये जाने की जानकारी दी गई। सचिव द्वारा निरीक्षण प्रतिवेदनों पर समयबद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए है। महिला बाल विकास सचिव ने योजनाओं का नियमित अनुश्रवण करने, हितलाभ समय-सीमा में पीड़ितों को प्राप्त हो सके, इसके लिए तंत्र विकसित करने के निर्देश दिये गये। पॉक्सो अधिनियम एवं किशोर न्याय अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु समस्त बाल कल्याण समितियों को दोनो अधिनियमों की प्रासंगिक धाराओं एवं प्रावधानों के अनुरूप त्वरित कार्यवाही करने के लिए निर्देशित करने के निर्देश दिये है।

## तक्षशिला लाइब्रेरी में पढ़ने आने वाले युवाओं को चाय, नाश्ता व भोजन के लिए बाहर निकलने की जरुरत नहीं, स्वसहायता समूह की कैंटीन में है सब मौजूद



### लाइब्रेरी आए उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने भी लिया यहां के फरा-चटनी का स्वाद, सैंडविच के साथ चाय भी पी

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

राजधानी रायपुर के तक्षशिला स्मार्ट रीडिंग जोन एवं लाइब्रेरी में पढ़ाई करने आने वाले युवाओं को चाय-कॉफी, नाश्ता और भोजन के लिए बाहर निकलने की जरूरत नहीं पड़ती। संस्कृति स्वसहायता समूह द्वारा यहां संचालित कैंटीन में सभी कुछ मौजूद है। मंगलवार को तक्षशिला लाइब्रेरी की व्यवस्था देखने आए उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने भी युवाओं से चर्चा करते यहां के फरा-चटनी, सैंडविच और कुल्हड़ में चाय का स्वाद लिया। उन्होंने इनके स्वाद की तारीफ भी की। उप मुख्यमंत्री साव ने तक्षशिला लाइब्रेरी की व्यवस्थाओं के साथ ही यहां स्वसहायता समूह द्वारा संचालित कैंटीन के इंतजाम का भी जायजा लिया। उन्होंने समूह की महिलाओं से चर्चा कर यहां बनाए जाने वाले व्यंजनों, उनकी बिक्री और आमदनी की जानकारी ली। रायपुर नगर निगम द्वारा दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत समूह को यहां कैंटीन के संचालन के लिए जगह उपलब्ध कराई गई है। इससे जहां स्थानीय महिलाओं को रोजगार मिल रहा है, वहीं लाइब्रेरी में पढ़ने आने वाले युवाओं को कम दरों पर चाय-कॉफी, नाश्ता और भोजन सुलभ हो रहा है। उप मुख्यमंत्री साव को संस्कृति स्वसहायता समूह की अध्यक्ष रोशनी सोनी ने बताया कि अप्रैल-2024 से समूह द्वारा तक्षशिला लाइब्रेरी में कैंटीन का संचालन किया जा रहा है। यहां चिला, फरा, ठेठरी, खुरमी जैसे छत्तीसगढ़ी व्यंजनों के साथ ही मैगी, सैंडविच, दाल, चांवल, रोटी इत्यादि बनाया जाता है। वे टिफिन सर्विस भी दे रही हैं। उन्होंने बताया कि सभी खर्चों की कटौती के बाद समूह को हर महीने 35-40 हजार रुपए की आमदनी हो रही है।

## खाद्य मंत्री बघेल ने स्व-सहायता समूह की महिलाओं को 3.50 करोड़ रूपये के ऋण स्वीकृति का चेक वितरित किया



पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री दयाल दास बघेल छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक द्वारा नगर पंचायत नांदघाट में आयोजित स्व-सहायता समूह के ऋण स्वीकृति कैंप में शामिल होने। उन्होंने इस मौके पर राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन(बिहान) के तहत गठित स्व-सहायता समूह की महिलाओं को 3.50 करोड़ रूपए के ऋण स्वीकृति का चेक वितरण किया। मंत्री बघेल ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश की महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए तत्पर है। महिलाओं के लिए राज्य सरकार विभिन्न योजनाएं संचालित कर लाभान्वित कर रही है। प्रदेश के 70 लाख से अधिक महिलाओं को प्रत्येक माह एक-एक हजार रूपए की राशि महतारी वंदन योजना से प्रदान की जा रही है। उन्होंने छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक के द्वारा महिलाओं को दिए गए लोन की सराहना करते हुए कहा कि महिलाओं को आजीविका संवर्धन को बढ़ाने में मदद मिलेगी और महिलाएं स्वयं की व्यासायिक गतिविधियों से आर्थिक रूप से सशक्त होंगे।

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल से कर्नाटक से पहुंचा मृतक संजय का शव

### सीएम कैंप कार्यालय ने की त्वरित कार्यवाही, मुख्यमंत्री का जताया आभार

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



कर्नाटक के मंगलुरु में बोट से गिरने के कारण से हुई दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना में तपकरा के ग्राम सूंडरु निवासी संजय की मृत्यु हो गई। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने त्वरित पहल करते हुए जिला प्रशासन को निर्देशित किया। मृतक संजय के परिजनों ने दुर्घटना के बाद मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय बगिया से मदद मांगी थी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर जिला प्रशासन ने तत्परता दिखाई और शव को उनके गृह स्थान सूंडरु पहुंचाया गया। इस कठिन समय में मुख्यमंत्री साय की मदद से परिजनों को संबल मिला। मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन पर जिला प्रशासन की तत्परता की सराहना करते हुए परिजनों ने आभार व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की इस पहल से साबित होता है कि वे हर नागरिक के दुख-दर्द में सहभागी बन रहे हैं और आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने के लिए तत्पर हैं। मंगलुरु थाना साउथ पुलिस स्टेशन, जिला दक्षिण कन्नड़ में संजय की मृत्यु के बाद उनका शव को हवाई जहाज के माध्यम से रांची लाया गया। इसके बाद 1099 मुक्तांजलि शव वाहन की मदद से मृतक संजय का शव उनके गृह ग्राम आज सुबह 5 बजे सूंडरु पहुंचाया गया।

## नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने दुर्गा अष्टमी की प्रदेशवासियों को दी बधाई



पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने शारदीय नवरात्रि दुर्गा अष्टमी पर प्रदेशवासियों को दी बधाई शुभकामनाएं। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने अपने बधाई संदेश में कहा कि, मां दुर्गा के आशीर्वाद से प्रदेश में सुख - समृद्धि, उन्नति हो यही प्रार्थना करता हूं। दुर्गा अष्टमी के दिन मां दुर्गा के महागौरी स्वरुप की आराधना की जाती है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, भगवान शिव को पाने के लिए कई वर्षों तक मां पार्वती ने कठोर तप किया था, जिससे उनके शरीर का रंग काला हो गया था। जब भगवान शिव उनकी तपस्या से प्रसन्न हुए तो उन्होंने उनको गौर वर्ण का वरदान भी दिया। इससे मां पार्वती महागौरी भी कहलाई। महाष्टमी या दुर्गा अष्टमी को व्रत करने और मां महागौरी की आराधना करने से व्यक्ति को सुख, सौभाग्य और समृद्धि भी मिलती है। सब पाप भी नष्ट हो जाते हैं।

## करेंट की चपेट में मादा भालू व उसके दो शावकों ने गवाई जान, क्षेत्र में मचा हड़कंप






### नरहरपुर वन परिक्षेत्र के देवी नवागांव की घटना

पायनियर संवाददाता ➤ कांकेर
www.dailypioneer.com

नरहरपुर वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम देवीनवागांव में बीती रात्रि गरज चमक के साथ हुई बारिश से मेन लाईन के तार टूटकर खेत मे गिरने व उसके चपेट में आने से मादा भालू और उसके दो शावको की मौत हो गई। मिली जानकारी अनुसार ग्राम देवीनवागांव के किसान पोखन कोड़ोपी के खेत में बिजली के तार गिर जाने से मादा भालू व उसके दो शावकों की मौत हो गई। घटना की जानकारी तब हुई जब किसान पोखन कोडोपी बुधवार सुबह 6.30 बजे अपने खेत को देखने गया तो बिजली तार खेत में गिरी हुई दिखी तथा तार की चपेट मे आने से मादा सहित दो शावक मृत हालात में पड़े थे। जिसकी जानकारी किसान द्वारा गाँव में आकर गाँव के लोगो को दी तथा गाँव वालों ने इसकी जानकारी वन विभाग के कर्मचारी सहित अधिकारिओ को दी। वही वन विभाग के कर्मचारी तत्काल घटना स्थल पहुंचकर स्थल की मुआयना कर भालूओ का पंचनामा कर पीएम कराकर एसडीओ, वन परीक्षेत्र अधिकारी, वन विभाग एवं पशु विभाग के डॉक्टर एवं वन विभाग के कर्मचारियों की उपस्थिति में तीनों का उपभोक्ता डिपो में अंतिम संस्कार किया गया। वहीं लोगों ने अनुमान लगाया की रात्रि में गरज के साथ बारिश होने से बिजली की तार टूट कर गिर गई होंगी जिससे तीनो भालूओ के ऊपर आफत आ गई, व मौत हो गई। दरअसल यह पूरा मामला नरहरपुर वन परिक्षेत्र का है। जहां के देवी नवागांव की खेत में करंट की चपेट में आने से मादा भालू और उसके दो शावकों की मौत हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार खेत में बिजली के पोल से तार टूटकर गिरा था। खेत में पानी भरा होने के कारण उसमे करंट फैल गया था। बीती शाम इलाके में बारिश हुई थी इसी दौरान बिजली के पोल से तार टूटकर गिर गया था। जिसकी चपेट में इलाके में विचरण कर रहे भालू आ गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। सुबह खेत में काम करने जा रहे ग्रामीणों ने खेत में तीन भालुओं का शव देखकर वन विभाग को इसकी सूचना दी। जिसके बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची है और जांच शुरू कर दी है। वन विभाग और बिजली विभाग की टीम ने इलाके का निरीक्षण करने के बाद स्पष्ट किया है कि यहां किसी तरह का ट्रैप नही लगाया गया था भालुओं की मौत एक हादसा है।

## केंद्र सरकार महंगाई को रोकने का कोई ठोस प्रयास नहीं कर रही : दीपक बैज

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि केंद्र सरकार महंगाई को रोकने का कोई ठोस प्रयास नहीं कर रही। देश की जनता का महंगाई से बुरा हाल है। मोदी सरकार जब से सत्ता में आई है, महंगाई से देश के नागरिकों की कमर टूटती जा रही है। मोदी राज में रोजमर्रा की जरूरतों के दाम बेतहाशा बढ़ गये है। 2014 में जो गैस का सिलेंडर 410 रु. का था, आज वह 1000 रु. के पार है। पेट्रोल के दाम 70 रु. प्रति लीटर से बढ़कर 100 रु. प्रति लीटर के पार हो गए हैं जबकि डीजल के दाम 55 रु. प्रति लीटर से बढ़कर 95 रु. प्रति लीटर के करीब पहुंच गए हैं। अंतरराष्ट्रीय मार्केट में क्रुड आयल का दाम लगातार कम हो रहे है। 2014 की तुलना में वर्तमान में क्रुड आयल आधे रेट में मिल रहा है, लेकिन उसका लाभ आम जनता को नही मिल रहा है। खाने के तेल और दाल की कीमत 70 रु. और 60 रु. प्रति किलो थी, वह 200 रू. प्रति किलो को पार कर गई है। इतना ही नहीं, बीते दिनों जीएसटी की बर्बर मार से दही, पनीर, लस्सी, आटा, सूखा सोयाबीन, मटर व मुरमुरे भी बच नहीं सके, उन पर भी 5 फीसदी जीएसटी लगा दिया गया। होटल के 1,000 रु. के कमरे पर 12 प्रतिशत जीएसटी, अस्पताल के आईसीयू बेड पर 5 प्रतिशत जीएसटी। जीने के लिए सभी आवश्यक चीजों पर जीएसटी लगाकर चैन नहीं मिला तो श्मशान घाट के निर्माण पर भी जीएसटी बढ़ा दिया गया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में क्रुड ऑयल की कीमतें लगातार घट रही है। मगर मोदी सरकार पेट्रोल-डीजल की कीमतें कम नहीं कर रही है। बीते 10 सालों में पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स पर कर लगाकर 29 लाख करोड़ रुपए जनता की जेब से निकाले गए हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा सरकार बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी को नियंत्रित करने में असफल और नकारा साबित हुई है। अभी हाल ही में देश भर में हुई सर्वे में एक बात सामने आई है कि मोदी सरकार की गलत नीतियों, रोजगार देने में असफलता, पेट्रोल, डीजल में मनमाना एक्साइज ड्यूटी, रेल यात्रा का महंगा होना, सड़कों पर टोल टैक्स के दरों में वृद्धि एवं आवश्यक वस्तुओं पर भी लगाई गई जीएसटी के चलते आम लोगों के आय एवं बचत घटी है और मुखिया को घर चलाने के लिए घर की आवश्यकताओं को पूर्ति करने के लिए 77 प्रतिशत तक के ऋण लेने पड़े है, लेकिन केंद्र की मोदी सरकार को कोई वास्ता नहीं।




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403